■ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित
www.navbihartime.com
■ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

वर्ष : 35, अंक : 281
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, गुरुवार
13 मार्च 2025
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1921 :** मंगोलिया ने चीन से स्वतंत्रता हासिल की।
**1940 :** भारतीय क्रांतिकारी ऊधम सिंह ने अंग्रेजों से जलियांवाला बाग का बदला लेने के लिए जनरल डायर पर गोलियां चलाई।
**1964 :** तुर्की ने साइप्रस के खिलाफ हमले की धमकी दी।
**1997 :** इंडियन मिशनरीज ऑफ चैरिटी में मदर टेरेसा द्वारा नेता के रूप में सिस्टर निर्मला का चुना गया।

**हमेशा मनुष्य को परछाई और आइने की तरह दोस्त बनाने चाहिए क्योंकि परछाई कभी साथ नही छोड़ती और आइना कभी झूठ नही बोलता।**

# औरंगाबाद में बनेगा भारत का दूसरा सबसे बड़ा पावर प्लांट, एनटीपीसी नबीनगर स्टेज 2 को मिली पर्यावरणीय स्वीकृति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली/ पटना।** भारत के ऊर्जा क्षेत्र में एक बड़ा कदम उठाते हुए एनटीपीसी के नबीनगर सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट (एनएसटीपीपी) के स्टेज-2 को पर्यावरणीय स्वीकृति मिल गई है। इसके साथ ही देश के दूसरे सबसे बड़े पावर प्लांट के निर्माण की सभी बाधाएं दूर हो गई हैं और जल्द ही इस परियोजना पर काम शुरू हो जाएगा। 2400 मेगावाट क्षमता वाली इस नई यूनिट के निर्माण के लिए ग्लोबल निविदा जारी कर दी गई है और कार्य आवंटन की प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी है।



### बिजली उत्पादन क्षमता में बड़ा इजाफा

एनटीपीसी नबीनगर वर्तमान में 1980 मेगावाट बिजली उत्पादन कर रहा है। केंद्र सरकार ने यहां 800-800 मेगावाट की तीन इकाइयों यानी कुल 2400 मेगावाट की नई यूनिट लगाने की मंजूरी दी है। इस विस्तार के साथ नबीनगर सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट की कुल उत्पादन क्षमता 4380 मेगावाट हो जाएगी और इसे मेगा थर्मल पावर प्रोजेक्ट का दर्जा मिल जाएगा। इस परियोजना में लगभग 25,000 करोड़ रुपये के निवेश की संभावना है जिससे बिहार की ऊर्जा क्षमता में क्रांतिकारी परिवर्तन आएगा और राज्य आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाएगा।

### प्रोजेक्ट में क्या होगा खास

इस परियोजना के अंतर्गत कई आधुनिक तकनीकों और प्रणालियों को शामिल किया गया है। इनमें स्टीम जेनरेटर और सहायक उपकरण, इलेक्ट्रोस्टैटिक प्रीसिपिटेटर, फ्लू गैस डिसल्फराइजेशन (एफजीडी) सिस्टम, बायोमास सह-फायरिंग क्षमता, स्टीम टर्बाइन, एयर कूल्ड कंडेनसर, जनरेटर, बस डक्ट, कंडेनसेट पॉलिशिंग प्लांट (सीपीयू), जल उपचार संयंत्र, कोयला और बायोमास प्रबंधन प्रणाली, संपीड़ित वायु प्रणाली, अग्नि सुरक्षा प्रणाली, एयर कंडीशनिंग और वेंटिलेशन सिस्टम आदि शामिल हैं। इसके अलावा इस परियोजना के तहत सौर ऊर्जा संयंत्र, स्विचयार्ड, जल निकासी और सीवरेज प्रणाली, सड़क और ड्रेनेज नेटवर्क जैसे महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे का भी निर्माण किया जाएगा।

### तेजी से पूरा होगा निर्माण कार्य

सूत्रों के अनुसार निविदा की प्रक्रिया पूरी होते ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा क्योंकि इस परियोजना के लिए आवश्यक भूमि और अन्य संसाधन एनटीपीसी के पास पहले से ही उपलब्ध हैं। यह पावर प्लांट भारत की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और बिहार को आत्मनिर्भर बनाने में मदद करेगा।

### एनटीपीसी की अन्य योजनाएं

नबीनगर के अलावा एनटीपीसी ने देश में बिजली उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए अन्य परियोजनाओं पर भी काम शुरू कर दिया है। इनमें मध्य प्रदेश के नरसिंहपुर जिले में गाडरवारा सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट स्टेज-2 के तहत 800-800 मेगावाट की दो यूनिट और तेलंगाना के पड़ापल्ली जिले में तेलंगाना सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट स्टेज-2 के तहत 800-800 मेगावाट की तीन यूनिट शामिल हैं। इन सभी परियोजनाओं की निविदा जारी कर दी गई है और इनके माध्यम से कुल 6400 मेगावाट बिजली उत्पादन क्षमता बढ़ाई जाएगी।

### भारत की ऊर्जा सुरक्षा की दिशा में एक बड़ा कदम

एनटीपीसी वर्तमान में संयुक्त उद्यम सहायक कंपनियों और अपनी अन्य इकाइयों के माध्यम से कुल 76,048 मेगावाट बिजली का उत्पादन कर रहा है। नबीनगर, गाडरवारा और तेलंगाना की नई इकाइयों के जुड़ने से भारत की ऊर्जा उत्पादन क्षमता में बड़ा इजाफा होगा और यह देश की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करेगा। नबीनगर सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट परियोजना से न केवल बिजली उत्पादन बढ़ेगा, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा। इससे रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और बिहार के औद्योगिक विकास को भी गति मिलेगी। यह परियोजना राज्य और देश दोनों के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### एसटीएफ ने पांच को किया गिरफ्तार

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** पटना के कोतवाली थाना क्षेत्र में जीपीओ गोलंबर के पास गेसिंग के अड्डे से पांच लोगों की गिरफ्तारी हुई है। मौके से लॉटरी टिकट, गेसिंग के कूपन, 8 मोबाइल, डॉक्यूमेंट्स, धारदार हथियार और कुछ कैश मिला है। एसटीएफ और बिहार पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की है। करीब 1 घंटे तक छापेमारी चली है। एसएसपी अवकाश कुमार ने इसकी पुष्टि की है। इससे पहले 2 मार्च को छापेमारी हुई थी। पटना के सालिमपुर अहरा इलाके में गेसिंग के अड्डे 40 लोगों की गिरफ्तारी हुई थी। मौके से भारी मात्रा में लॉटरी टिकट, गेसिंग के कूपन, 25 मोबाइल, और 16371 रुपए कैश मिला है। इसके 20 दिन पहले भी इस अड्डे पर छापेमारी कर पुलिस ने बंद करा दिया था। लेकिन, शातिरों ने फिर से चालू कर दिया। वरीय अधिकारियों के संज्ञान में मामला आते ही छापेमारी फिर से की गई। गांधी मैदान थाने में इस संबंध में केस दर्ज किया गया है।

### फंदे से लटका महिला का शव बरामद

**समस्तीपुर (नबिटा ब्यूरो)।** समस्तीपुर के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के मोहनपुर के वार्ड 39 में मुकेश कुमार के किराए के मकान में रह रही एक महिला ने पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान बबली कुमारी के रूप में हुई है। वह अपने मायके वालों के साथ पिछले तीन साल से यहां रह रही थी। जानकारी के अनुसार मृतका के पति की 6 साल पहले करंट से मौत हो गई थी, जिसके 6 महीने के बाद उसके ससुरालवाले ने दोनों बच्चों को अपने पास रखकर उससे घर से बाहर निकाल दिया था, तब से वो अपने मायके वालों के साथ ही रहती थी। आज सुबह वो अपने पिता से बातचीत करने बाद सोने गई थी। काफी देर तक रूम का गेट नहीं खुलने पर घरवालों ने खिड़की से जाकर देखा तो वो फांसी के फंदे से लटकी हुई थी। घटना की सूचना स्थानीय थाना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### अमन साव का शव लेने नहीं पहुंचे परिजन


**रांची/ मेदिनीनगर (नबिटा ब्यूरो)।** कुख्यात गैंगस्टर अमन साव के एनकाउंटर के बाद उसके परिजनों ने शव लेने से मना कर दिया है। अमन साव के पिता का कहना है कि वे लोग पलामू नहीं जाएंगे। बल्कि पुलिस ने जिस तरह से अमन साव को मारा है, उसी तरह उनके बेटे के शव को पुलिस लाकर दे। दरअसलअमन साव के एनकाउंटर के बाद एफएसएल की टीम मंगलवार की देर शाम घटनास्थल पहुंच कर जांच की। इसके बाद अमन साव की बॉडी को पलामू जिला प्रशासन के निर्देश पर मजिस्ट्रेट की निगरानी में पोस्टमॉर्टम के लिए ले जाया गया। पलामू के ही मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज में देर रात डॉक्टरों की 5 सदस्यीय टीम ने गैंगस्टर के शव का पोस्टमॉर्टम किया। पोस्टमॉर्टम करने वाली डॉक्टरों की टीम में डॉ विजय सिंह, डॉ आरके रंजन, डॉ एस के गिरी, डॉ उदय कुमार व डा सुशील पांडेय शामिल थे।

# बिना वैध पासपोर्ट घुसने पर होगी पांच साल की जेल

## लोकसभा में इमिग्रेशन बिल पेश, जो विदेशी भारत के लिए खतरा उसे नहीं मिलेगी एंट्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भारत आने वाले विदेशी नागरिकों की आवाजाही प्रक्रिया को व्यवस्थित बनाने के लिए केंद्र सरकार ने मंगलवार को लोकसभा में इमिग्रेशन और विदेशी विधेयक-2025 पेश किया। इस बिल के मुताबिक यदि कोई गैर कानूनी तरीके से किसी विदेशी को देश में लाता, ठहराता या बसाता है, तो उसे 3 साल जेल या 2 से 5 लाख रुपए का जुर्माना या फिर दोनों की सजा हो सकती है। भारत में आने के लिए किसी भी विदेशी के पास 'वैध पासपोर्ट और वीजा' होना अनिवार्य होगा। विपक्ष ने लोकसभा में इस बिल का विरोध किया। यदि कोई शिक्षण या मेडिकल संस्थान, अस्पताल या निजी आवास के मालिक किसी विदेशी नागरिक को रखते हैं तो उन्हें पहले इसकी सूचना सरकार को देनी होगी। कोई भी विदेशी किसी भी संस्थान में दाखिला लेता है तो उसे एक फॉर्मेट में अपनी जानकारी भरकर पंजीकरण अधिकारी को देनी होगी। इस कानून का मकसद राष्ट्रीय सुरक्षा तय करना है। साथ ही भारत में आने-जाने और रहने से जुड़े नियमों को सख्त बनाना है। इसके तहत अगर सरकार को किसी विदेशी नागरिक से खतरा महसूस होता है, तो सरकार उस विदेशी नागरिक को भारत आने से रोक सकती है। लोकसभा में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने बिल पेश करते हुए कहा, 'देश की उन्नति, प्रभुता और शांति सरकार की जिम्मेदारी है। ये बिल हम किसी को रोकने के लिए नहीं ला रहे हैं, ज्यादा से ज्यादा लोग यहां पर आएं, लेकिन हमारे देश का जो कानून है उसका पालन जरूर करें।' इसके साथ ही उन्होंने बताया कि अगर कोई शख्स बिना परमिट के भारत में घुसता है, अवैध रूप से ज्यादा समय तक ठहरता है या जाली दस्तावेज इस्तेमाल करता है, तो उसे सख्त सजा मिलेगी। जो भी विदेशी भारत आएंगे, उन्हें अराइवल पर रजिस्ट्रेशन कराना जरूरी होगा। इसके अलावा, नाम बदलने, एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने और संरक्षित इलाकों में घूमने पर भी पाबंदियां लगाई जाएंगी। इस कानून के मुताबिक विदेशी नागरिकों को भारत में प्रवेश और रहने से जुड़े नियमों का पालन करना होगा। अगर कोई नियम तोड़ता है, तो उसे कड़ी सजा हो सकती है। बिना सही पासपोर्ट और दस्तावेजों के भारत में घुसने पर 5 साल तक की जेल और 5 लाख रुपए तक का जुर्माना लग सकता है। जाली पासपोर्ट या वीजा का इस्तेमाल करने पर 7 साल तक की कैद और 1 से 10 लाख रुपए का जुर्माना हो सकता है। वीजा खत्म होने के बाद भी रुकने या प्रतिबंधित इलाकों में जाने पर 3 साल की जेल और 3 लाख तक का जुर्माना लग सकता है। बता दें कि भारत फिजिकल और ई-वीजा दोनों जारी करता है। जापान, दक्षिण कोरिया और यूएई के नागरिकों को वीजा-ऑन-अराइवल की सुविधा मिलती है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के मुताबिक 1 अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 के बीच 98.40 लाख से ज्यादा विदेशी टूरिस्ट भारत आए। इमिग्रेशन और फॉरेनर्स बिल 2025 को लेकर विपक्षी दलों ने विरोध किया। तृणमूल सांसद सौगत रॉय ने कहा कि बिल बाहर से आने वाली प्रतिभाओं का प्रवाह रोक सकता है। जवाब में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि बिल भारत आने से रोकने के लिए नहीं, बल्कि जो आएं, वो भारत के कानून का पालन करें, इसके लिए है। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने इसे असंवैधानिक बताया। उनका कहना है कि यह कानून सरकार की विचारधारा से असहमत लोगों को भारत में प्रवेश से रोकने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है।



# बिहार दिवस पर भाजपा चलाएगी व्यापक जनसंपर्क अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली/ पटना।** भारतीय जनता पार्टी आगामी बिहार विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए बिहार दिवस के माध्यम से व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाएगी। देखा जाए तो भाजपा बिहार में एनडीए की जीत सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह से एक्शन मोड पर नजर आ रही है। पार्टी चुनाव से पहले बिहारी अस्मिता और गर्व को बढ़ाने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित करेगी। भाजपा बिहार दिवस पर एक भारत श्रेष्ठ भारत, स्नेह मिलन कार्यक्रम चलाएगी। 22 मार्च को पूरे देश में बिहार दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मॉरीशस दौरे में भी बिहार और राज्य की संस्कृति की बात उठा कर चुनाव से पहले एक संदेश दे दिया है। साथ ही पीएम ने बिहार का मखाना गिफ्ट देकर बिहार चुनाव के एजेंडे तय कर दिए हैं। कहा जा सकता है कि भाजपा ने पीएम मोदी के मॉरीशस के विशेष दौरे से एक तीर से दो निशाना साधा है। जानकारी के मुताबिक, बिहार को लेकर पार्टी अपनी सहयोगी पार्टियों के साथ बातचीत में जुट गई है। इसी क्रम में जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा और केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की। ये मुलाकात मंगलवार को शाम संसद भवन में हुई। इस बैठक में बिहार में एनडीए की चुनावी रणनीति पर चर्चा हुई। सूत्रों के मुताबिक, अमित शाह ने बैठक में कहा कि इसी महीने मार्च में वे दो दिन के दौरे पर बिहार जाएंगे। उस दौरान वे भाजपा और एनडीए के नेताओं के साथ भी चुनावी तैयारियों पर चर्चा करेंगे। बिहार के चुनाव को लेकर भाजपा मैराथन बैठक कर रही है। बिहार चुनाव जीतने के लिए भाजपा अपनी सहयोगियों के साथ मिशन बिहार में जुट गई है और इसकी शुरुआत भाजपा बिहार अस्मिता और संस्कृति से संबंधित कार्यक्रमों को लेकर बिहार विधानसभा चुनाव से पहले बिहारी अस्मिता के बढ़ाने के लिए बीजेपी कई कार्यक्रम करेगी। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत गौतम और तरुण चुग भाजपा की स्थानीय निकायों के साथ समन्वय करेंगे। ये कार्यक्रम भी बिहार चुनाव के कैंपेन का हिस्सा होगा।

# किसानों को सहायता राशि के भुगतान का मंत्री ने किया शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सहकारिता मंत्री डॉ0 प्रेम कुमार द्वारा बिहार राज्य फसल सहायता योजना अन्तर्गत रबी 2022-23 मौसम के किसानों को सहायता राशि के भुगतान का शुभारंभ बिहार राज्य सहकारी बैंक लि0, पटना में किया गया। कार्यक्रम में मंत्री द्वारा जिला स्तरीय समन्वय समिति द्वारा अनुशंसित 167237 लाभुक किसानों को 122.32 करोड़ रूपये की सहायता राशि के भुगतान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि रबी 2022-23 मौसम के आवेदनों का सत्यापन कार्य लगभग पूर्ण करा लिया गया है। आज 167237 लाभुक किसानों को सहायता राशि का भुगतान किया जा रहा है। शेष लाभुक किसानों को भुगतान की कार्रवाई शीघ्र की जायेगी। डॉ0 प्रेम कुमार ने कहा कि बिहार राज्य फसल सहायता योजना, राज्य सरकार की एक महत्वकांक्षी योजना है। इस योजना का मुख्य उद्धेश्य प्राकृतिक आपदाओं के कारण फसल नुकसान होने की स्थिति में किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान करना है। यह योजना पूर्णतः निःशुल्क है एवं इसके लिए किसानों द्वारा कोई प्रीमियम का भुगतान नहीं करना होता है। यह योजना किसानों को संकट के समय आर्थिक सहयोग प्रदान करती है तथा उन्हें खेती जारी रखने के लिए प्रोत्साहित करती है। इस योजनान्तर्गत थ्रेसहोल्ड उपज की तुलना में वास्तविक उपज में 20 प्रतिशत तक क्षति होने की स्थिति में 7500 रू0 प्रति हेक्टेयर की दर से अधिकतम 02 हेक्टेयर के लिए 15000 रू0 एवं 20 प्रतिशत से अधिक क्षति होने की स्थिति में 10000 रू0 प्रति हेक्टेयर की दर से अधिकतम 02 हेक्टेयर के लिये 20000 रू0 सहायता राशि का भुगतान डी.बी.टी. के माध्यम से उनके आधार संबद्ध बैंक खातों में किया जाता है। यह योजना पूर्णरूपेण राज्य सरकार की निधि से संचालित की जा रही है। इस योजनान्तर्गत खरीफ 2022 मौसम तक 2905476 लाभुक किसानों को 1867.58 करोड़ की सहायता राशि का भुगतान किया गया है। योजना अंतर्गत रबी 2022-23 मौसम में गेहूँ, मकई एवं ईख फसल को पंचायतस्तरीय फसल तथा चना, अरहर, मसुर, राई-सरसों, आलू, बैंगन एवं प्याज फसल को जिलास्तरीय फसल के रूप में अधिसूचित किया गया है। उपज दर आंकड़ों के आधार पर रबी 2022-23 मौसम में 1520 ग्राम पंचायत फसल सहायता की अनुमान्यता हेतु योग्य पाये गये हैं। रबी 2022-23 मौसम के 1520 योग्य ग्राम पंचायतों के 470030 आवेदक किसानों के आंकड़ों का पुनः सत्यापन जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समन्वय समिति के माध्यम से कराया गया है। मौके पर सहकारिता विभाग के सचिव धर्मेन्द्र सिंह, अपर सचिव अभय कुमार सिंह, अपर निबंधक, सहयोग समितियां प्रभात कुमार, बिहार राज्य सहकारी बैंक लि0 के अध्यक्ष, रमेश चन्द्र चौबे, बिहार राज्य सहकारी बैंक लि0 के प्रबंध निदेशक, मनोज कुमार सिंह, संयुक्त निबंधक (पणन) सहयोग समितियां, ललन कुमार शर्मा एवं सहकारिता विभाग के अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।



### सिर कटी लाश बरामद

**बक्सर (नबिटा ब्यूरो)।** बिहार के बक्सर में 30 वर्षीय युवक की सिरकटी लाश बरामद हुई है। मृतक के शरीर पर एक भी कपड़ा नहीं था। ऐसे में इस घटना को पुलिस प्रेम प्रसंग से जोड़कर देख रही है। दरअसल, होली के त्योहार से पहले डुमरांव अनुमंडल के बगेनगोला थाना क्षेत्र अंतर्गत बधार से युवक की लाश मिली। इसके बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। इस घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन पूरी तरह से सहम गए। मृत युवक की पहचान भोजपुर जिले के धनगाइ थाना क्षेत्र अंतर्गत कुनई गांव के रहने वाले उमेश चौधरी के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार युवक ईंट-भट्ठा पर काम करता था।






# राज्य की कानून व्यवस्था को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष आपस में भिड़े

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधान परिषद में बुधवार को राज्य की कानून और व्यवस्था की स्थिति को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष आपस में भिड़ गए। इस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष राबड़ी देवी के बीच तीखी बहस हुई। सदन में दोनों ने एक दूसरे पर जम कर आरोप-प्रत्यारोप लगाए। राबड़ी देवी ने कहा कि बिहार में कोई काम नहीं हो रहा है, इस पर मुख्यमंत्री भड़क गए। उन्होंने कहा कि राबड़ी के राज में कोई काम नहीं हुआ। नीतीश कुमार लगातार वर्ष 2005 के पूर्व के शासनकाल में बिहार के विकास में बाधक होने के लिए लालू-राबड़ी राज को निशाने पर लेते रहे। उन्होंने राबड़ी देवी की ओर इशारा करते हुए कहा कि जब इनके पति हट गये, तब इन्हें मुख्यमंत्री बनाया गया। हंगामा बढ़ते देख सभापति अवधेश नारायण सिंह अपनी सीट से खड़े हो गए और दोनों पक्ष को शांत कराने की कोशिश की। दरअसल, सदन में सत्ता पक्ष की टिप्पणी पर राबड़ी देवी ने आपत्ति जताई। उन्होंने वर्ष 2005 के पूर्व बिहार में कुछ नहीं होने के सत्ता पक्ष के आरोपों पर नाराजगी जताई। उन्होंने नीतीश कुमार को भी निशाने पर लिया और कटाक्ष करते हुए कहा कि आपके घर के लोग कपड़ा भी नहीं पहनते थे। इसके बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जोरदार तरीके से प्रतिकार किया। उन्होंने राबड़ी देवी को कहा कि जिस दौर में आप मुख्यमंत्री थीं, हम भी केंद्र में मंत्री थे। मैंने देखा है कि कैसे बिहार में कोई काम नहीं हुआ था। उन्होंने कहा कि पहले क्या हाल था, महिलाओं की क्या स्थिति थी, महिलाएं कितनी पढ़ी लिखी थी, हमने महिलाओं के लिए काफी काम किया है। नीतीश कुमार जब लालू-राबड़ी राज पर हमला बोल रहे थे, तब विपक्षी सदस्य वेल में पहुंच गए। राजद की तरफ से राबड़ी देवी, सुनील सिंह व अन्य सदस्य नीतीश कुमार की सरकार पर प्रहार कर रहे थे। राबड़ी देवी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महिलाओं का केवल अपमान किया है। नीतीश कुमार के कान में कुछ लोग फूंकते रहते हैं, इसके बाद नीतीश कुमार अपमान करते हैं। ये महिलाओं का लगातार अपमान कर रहे हैं। उनकी बातों को अनसुनी कर नीतीश कुमार लगातार अपनी बात कहते रहे। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि बिहार में राजद शासन में कोई काम नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि इनके पति को 3 साल मौका दिया पर कुछ नहीं हुआ आखिर में छोड़कर इधर चले आए। नीतीश कुमार ने कहा कि पहले बिहार में चलने की जगह नहीं थी। पूरे बिहार में चलने लायक सड़क बनवाया। इस बीच सदन में जोरदार हंगामा होता रहा। इसी बीच राबड़ी देवी सहित राजद के सदस्य सदन से बाहर चले गए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ऐलान किया कि जल्द ही 2005 से अब तक किये गये कामों को सदन के पटल पर रखा जाएगा। पहले 2005 से 2010 के कामों को सदन में रखा जाएगा। फिर 2010 से 15 और 25 तक के कामों को बताया जाएगा। उन्होंने कहा अब ये लोग चले ही गए तो क्या सुनेंगे? मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपनी बात रखनी आगे भी जारी रखी।

# दरभंगा की मेयर अंजुम आरा के बयान पर गरमायी सियासत

## अंजुम आरा ने बाद में माफी मांगी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** दरभंगा की मेयर अंजुम आरा के इस बयान पर सूबे की सियासत गरमा गई कि मुसलमानों को जुमे की नमाज अदा करने के लिए होली में दो घंटे का ब्रेक लगना चाहिए। भाजपा ने जहां इसका कड़ा विरोध किया वहीं जदयू नेताओं ने भी अंजुम आरा के बयान का समर्थन नहीं किया। जदयू के वरिष्ठ नेता और राज्य के ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी ने अंजुम आरा के बयान पर आपत्ति जताते हुए कहा है कि इस तरह का बयान सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने वाला है। होली के दिन होली बंद कर दीजिए, ये सब गलत बयान है। बिहार प्रेम और भाईचारा के साथ चलता है। सभी जाति और धर्म के लोगों को साथ लेकर चलने की मंशा हमारे नेता नीतीश कुमार की रही है। उनका कहना है कि पूरा बिहार मेरा परिवार है। अशोक चौधरी ने कहा कि सरकार की यह हमेशा कोशिश रही है कि किसी भी जाति या समुदाय के लोगों को साथ कोई अन्याय न हो और न्याय के साथ विकास सरकार का नारा रहा है। ऐसे बयान से हम लोग किसी तरह का मतलब नहीं रखते हैं। ऐसे लोग अगर किसी भी पार्टी में हैं तो उन्हें तत्काल निकाल ही देना चाहिए। पता नहीं कि अंजुम आरा पार्टी में हैं भी या नहीं हैं। वहीं, भाजपा विधायक हरिभूषण ठाकुर बचौल ने तो यहां तक दिया कि वो मेयर आतंकवादी मानसिकता वाली महिला है। वो गजवा-ए-हिंद मानसिकता वाली महिला है। उन्होंने कहा है कि उसके परिवार को हम जानते हैं। वो कैसे रोक लेगी होली? होली नहीं रुकेगी, नहीं रुकेगी, नहीं रुकेगी। उन्होंने कहा कि एक मिनट के लिए भी होली का कार्यक्रम नहीं रुकेगा। हालांकि बाद में मेयर अंजुम आरा ने अपने बयान पर खेद जताया है। उन्होंने नमाज के लिए होली ब्रेक लेने की सलाह देने पर माफी मांगी है। उन्होंने कहा कि मीडिया ने मेरी बात को बढ़ा-चढ़ाकर बताया है।

# होली की पूर्व संध्या पर पूर्व मध्य रेल मुख्यालय में हास्य कवि सम्मेलन आयोजित




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** महाप्रबंधक की अध्यक्षता में पूर्व मध्य रेल, मुख्यालय हाजीपुर द्वारा हास्य कवि-सम्मेलन का आयोजन महाप्रबंधक, अपर महाप्रबंधक व प्रधान विभागाध्यक्षों व आमंत्रित कवियों द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने कवि सम्मेलन में आमंत्रित कवियों का स्वागत किया और कहा कि इनकी कविताओं में अबीर होगा, गुलाल होगा और रंगों का संसार होगा। साथ ही उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों को होली की शुभकामनाएं दीं। अपर महाप्रबंधक ने आमंत्रित कवियों का स्वागत करते हुए कहा कि हास्य कवि सम्मेलन होली और हास्य का अद्भुत मिलन होता है। मुख्य राजभाषा अधिकारी सह प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक ने कहा कि जिस प्रकार भारतीय रेल हमारे देश को भौगोलिक रूप से एक सूत्र में जोड़ती है उसी प्रकार हिंदी हमारे देश के करोड़ों लोगों के हृदय को एक विराट हृदय में पिरोती है। इस कवि-सम्मेलन में नामचीन शायरा आराधना प्रसाद, शायर समीर परिमल, कमल किशोर वर्मा, सीमा रानी, अमीर हमजा उन्होंने अपनी लाजबाव शायरी और प्रस्तुति से महफिल को जीत लिया।

# बी. डी. कॉलेज, पटना के छात्र-छात्राओं ने किया वाद-विवाद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बी. डी. कॉलेज, पटना के छात्रों ने कॉलेज ऑफ कॉमर्स, पटना में आयोजित अंतर-महाविद्यालयीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता के अंतर्गत वाद-विवाद प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। यह प्रतियोगिता 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के पक्ष एवं विपक्ष' विषय पर हिंदी एवं अंग्रेजी दोनों भाषाओं में आयोजित की गई थी। शिक्षक डॉ. सत्येंद्र कुमार वर्मा के नेतृत्व में छात्रों ने भाग लिया जिसमें अमन राज साहनी ने हिंदी भाषा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं रिया कुमारी को अंग्रेजी में द्वितीय स्थान और राहुल राज को हिंदी में द्वितीय स्थान मिला। छात्रों की इस उपलब्धि पर कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर विवेकानंद सिंह एवं शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त किया और उन्हें बधाई दी। मीडिया प्रभारी डॉ अमित कुमार ने बताया कि इस सफलता ने बी. डी. कॉलेज, पटना की प्रतिभा और उत्कृष्ट वाद-विवाद कौशल को उजागर किया है।

# उचक्के ने गायब किया मोबाइल

**मसौढ़ी (नबिटा सं.)।** मोबाइल पैकेटमारों से सावधान रहिए दरअसल मसौढ़ी बाजार में होली पर्व को लेकर उमड़ रही खरीदारों की भीड़ को देखते हुए मोबाइल से पैकेट गायब करने वाले उच्चके भी इन दिनों सक्रिय हो गए हैं। दरअसल मामला बुधवार का है जहां सब्जी मंडी में सब्जी की खरीदारी कर रहे हैं। एक व्यक्ति के उपर वाले पैकेट से मोबाइल पॉकेटमारों ने गायब कर दिया। पीड़ित का नाम विजय कुमार रजक, पिता स्व दीप नारायण रजक, मोहिउद्दीनपुर का निवासी है। पीड़ित ने बताया कि सब्जी मंडी में खरीदारी करने के दौरान ऊपर वाले पैकेट में रखे हुए 17 हजार रुपए का एंड्रॉयड फोन खरीदारी के दौरान पॉकेट मार लिया।

# भाजपा विधायक ने किया तेजस्वी पर पलटवार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भाजपा विधायक हरिभूषण ठाकुर बचौल ने प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव के 'बाप का राज' वाले बयान पर पलटवार किया है। बचौल ने तेजस्वी यादव पर तंज कसते हुए कहा कि मेरा बाप सजायाफ्ता नहीं है, चारा नहीं खाया, जेल नहीं गया है। उनके बाप कहते थे कि जेल जाएंगे तो खून की नदियां बह जाएंगी, मेरा बाप ऐसा नहीं बोला था।

बचौल ने कहा कि उनके पिताजी बोलते थे कि मेरे लाश पर बिहार का विभाजन होगा, झारखंड बनेगा। तेजस्वी के बयान 'कौन है बचौल' पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि बचौल बिस्फी से बिहार विधानसभा का सदस्य है और एक ईमानदार, इस बिहार की जनता के लिए मरने वाला, मिटने वाला इंसान है। घोटालेबाज, घपलेबाज बचौल नहीं है। उल्लेखनीय है कि बचौल ने बीते दिनों कहा था कि जिन मुसलमानों को रंगों से परेशानी हो, वे होली के दिन बाहर नहीं निकलें, अपने घर के अंदर रहें। बचौल के इस बयान पर ही तेजस्वी यादव ने नाराजगी जताते हुए कहा था कि यह आपके 'बाप का राज' नहीं है। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से विधायक को फटकार लगाने और उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने का भी अनुरोध किया था।

# युवा ने लॉन्ग बुक्स की कीमत घटाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाली शैक्षणिक सामग्री सहज उपलब्ध हो, इस उद्देश्य से नवनीत एज्युकेशन के ब्रांड युवा ने ए4 आकार की लॉन्ग बुक्स की कीमत घटाई है जिससे टिकाऊपन और किफायती दर का संतुलन बना रहे। यह निर्णय कच्चे माल की कीमतों में आई गिरावट के कारण लिया गया है। इसके चलते युवा को कीमत कम करने का अवसर मिला और इस लाभ को छात्रों व प्रोफेशनल्स तक पहुंचाने का प्रयास किया गया है। विद्यार्थियों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन की गई 172 पृष्ठों की लॉन्ग बुक अब 65 रुपये में और 140 पृष्ठों की लॉन्ग बुक 55 रुपये की अविश्वसनीय कीमत पर उपलब्ध है। यह हर प्रकार की लेखन आवश्यकताओं के लिए एक स्मार्ट विकल्प है। शिक्षा और आसान उपलब्धता पर जोर देते हुए युवा अपने उत्पादनों का विस्तार कर रहा है ताकि छात्रों को अधिक खर्च किए बिना बेहतर लेखन अनुभव मिल सके। कीमत में कटौती पर प्रतिक्रिया देते हुए युवा स्टेशनरी के चीफ स्ट्रैटजी ऑफिसर अभिजीत सान्याल ने कहा कच्चे माल की कीमत घटने से हमें अपनी लॉन्ग बुक्स को और किफायती दरों पर उपलब्ध कराने का अवसर मिला। एक ऐसे ब्रांड के रूप में जो शिक्षा को समर्थन देता है। हमारा मानना है कि हर छात्र को सर्वोत्तम कीमत पर उच्च गुणवत्ता वाली शैक्षणिक सामग्री मिलनी चाहिए।

# डॉ नीतू कुमारी नवगीत के नेतृत्व में चला स्वच्छता जागरुकता अभियान




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना नगर निगम स्वच्छता जागरूकता टीम द्वारा राजा बाजार एरिया में स्वच्छता जागरूकता अभियान नगर निगम की स्वच्छता अभियान की ब्रांड एंबेसडर डॉ नीतू कुमारी नवगीत के नेतृत्व में चलाया गया जिसमें इंदिरा आईवीएफ के ब्रांच हेड डॉ दया निधि तथा कई दूसरे समाजसेवियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में नीतू नवगीत ने कहा कि साफ-सफाई सभी नागरिकों की बुनियादी आवश्यकता है। हम सबको मिलकर सड़कों और फुटपाथों की सफाई करनी चाहिए। ठोस एवं तरल अपशिष्टों के बेहतर प्रबंधन के लिए सांस्थानिक प्रबंधन की जितनी आवश्यकता है, उतना ही जरूरी जन सहयोग भी है। सब मिलकर काम करेंगे तो शहर को सुंदर और स्वच्छ बनाना आसान हो जाएगा। स्वच्छता एक स्वस्थ जीवन और लंबी आयु के लिए भी बेहद जरूरी है। इसलिए बचपन से ही बच्चों को भी साफ-सफाई की आदत डलवानी चाहिए और उन्हें यह बताना जरूरी है कि स्वच्छता का मतलब सिर्फ घर का साफ रहना नहीं है बल्कि शहर और देश की स्वच्छता भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर डॉक्टर दया निधि ने कहा कि स्वच्छता हमें मानसिक, शारीरिक सामाजिक और बौद्धिक हर तरीके से स्वस्थ बनाता है। स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम में डॉक्टर सुनीता कुमार, डॉ रीना रानी, डॉक्टर पूजा हेगडे, डॉ शिप्रा भारती, रजनीश विवेक आदि ने भी हिस्सा लिया।

# होली मिलन कार्यक्रम में गरीब बच्चों के चेहरों पर खिली खुशियां



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** श्री गोपी कृष्ण गोआश्रम में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन गोआश्रम द्वारा किया गया जिसमें सौ से अधिक गरीब बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। गोआश्रम संचालक गोपाल कृष्ण ने इस अवसर पर बच्चों को पिचकारी, गुलाल, टोपी, बिस्कुट, चिप्स आदि वितरित किए। उपहार पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी देखने लायक थी। गोपाल जी ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य वंचित बच्चों को होली के रंगों की खुशियों से जोड़ना था। बच्चों ने पूरे उमंग और उत्साह के साथ एक-दूसरे को रंग लगाकर और मस्ती भरी होली खेलकर इस पर्व का आनंद लिया।

# देसी पिस्तौल, पांच मोबाइल समेत बोलेरो जब्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** वाहन चेकिंग के दौरान कादिरगंज पुलिस ने एक बोलेरो पर सवार पांच युवकों को एक देसी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया जिसमें एक बच्चा 16 साल का है, यह सभी गिरफ्तार आरोपी घोसी थाना क्षेत्र के मोकम बीघा गांव के रहने वाले हैं जो घोसी से नौबतपुर अपने दोस्त की शादी में बाराती बनकर जा रहे थे। वहीं होली पर्व को लेकर चल रहे जांच अभियान के दौरान कादिरगंज थाने ने धर दबोचा। कादिरगंज थानाध्यक्ष पूनम कुमारी ने बताया कि बोलेरो पर सवार कुल पांच युवकों में से एक नाबालिग है और चार युवक हैं जिनके पास एक देसी कट्टा के साथ उन्हें जब्त किया गया है। यह बोलेरो गाड़ी उसके बहनोई का है, लेकिन अभी तक गाड़ी का कागज विग्रह नहीं दिखा पाया वह भी सस्पेक्ट है। गिरफ्तार आरोपियों में से लक्ष्मण कुमार पिता धूरी राय, आयुष कुमार पिता सतीश प्रसाद, अभिषेक कुमार पिता शिव शंकर यादव, नीरज कुमार पिता राजनंद यादव सभी आरोपी मोकम बीघा गांव के हैं। सभी गिरफ्तार आरोपियों का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है अन्य सभी चीजों की जांच पड़ताल की जा रही है।

# हुड़दंगियों की खैर नहीं, धनरूआ पुलिस ने शहर में निकाला फ्लैग मार्च



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** होली पर्व एवं विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर पुलिस अलर्ट मोड पर है। ऐसे में धनरूआ पुलिस बुधवार को पूरे शहर में फ्लैग मार्च करते हुए एरिया डोमिनेशन किया। थानाध्यक्ष शुभेंदु कुमार ने बताया कि होली में हुड़दंगियों के लिए खैर नहीं है। असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखी जाएगी। सभी चौक-चौराहे पर लगातार गश्ती दल तैनात रहेंगे। हर गांव में धारा 107 की कार्रवाई निरंतर चल रही है। होली पर्व को शांति सौहार्द के साथ मनाने के लिए सभी धनरूआ वासियों से अपील की गई है। इसके साथ ही सभी पुलिस पदाधिकारी को ड्यूटी पर तैनात कर दिया गया है। धनरूआ में तकरीबन 25 जगहों पर पुलिस मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति की गई है। इसके अलावा होलिका दहन को लेकर सभी जगह पर पुलिस की गश्ती तेज कर दी गई है जहां-जहां होलिका दहन को लेकर स्थल को चिन्हित किया गया है वहां पर विधि व्यवस्था के लिए सभी चौकीदारों की ड्यूटी लगा दी गई है।

# सड़क हादसे में एक की मौत, लोगों ने किया सड़क जाम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**मसौढ़ी।** पटना-गया नेशनल हाइवे 22 पर पुनपुन थाना क्षेत्र के डुमरी के पास में रफ्तार का कहर बरपा। अज्ञात हाइवा ट्रक के चपेट में 45 भेडों का झुंड आ गए। 17 भेड़ की मौके पर ही मौत हो गई जबकि भेड़ ले जा रहे वाहक की भी मौत हो गई। मृतक का नाम मिथिलेश भगत चैनपुर भगवानगंज का है। इसके अलावा 17 भेड़ जख्मी हो गए जिससे गुस्साए स्थानीय लोगों ने जमकर सड़क पर बवाल काटा और सड़क जाम कर दिया जिससे यातायात बाधित हो गया। सूचना पाकर पुनपुन पुलिस एवं आसपास की पुलिस मौके पर पहुंची और किसी तरह समझा-बुझा कर सड़क परिचालन को शुरू करवाया। मौके पर पहुंचे अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कन्हैया कुमार ने बताया कि भगवानगंज थाना क्षेत्र के मिथिलेश भगत अपने 45 भेड़ की झुंड को लेकर जहानाबाद की ओर जा रहे थे। इस दौरान पटना की ओर से अज्ञात ट्रक जो गया की ओर जा रहा था वह 45 भेड़ के झुंड में टक्कर मार दिया जहां मौके पर उसकी भी मौत हो गई। वहीं 17 भेड़ की मौत हो गई, दर्जनों घायल है। पशुपालन पदाधिकारी को इसमें खबर दी गई है कि तत्काल 20 हजारों की राशि मुआवजे के तौर पर दी गई है। भगवानगंज पंचायत के मुखिया पहुंचे एवं पूरे मामले की छानबीन की जा रही है। यातायात व्यवस्था बहाल कर दी गई है।

# शिवाजी महाराज स्मृति अन्तर्राष्ट्रीय संस्कृत सम्भाषण शिविर का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सर्वत्र संस्कृतम एवं विहार संस्कृत संजीवन समाज, पटना के संयुक्त तत्वावधान में 'आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान' के अन्तर्गत आयोजित निरंतर 30वां संभाषण शिविर 'छत्रपति शिवाजी महाराज स्मृति अन्तर्राष्ट्रीय दशदिवसात्मक संस्कृत सम्भाषण शिविर' का उद्घाटन समारोह अति भव्यता और गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. मुकेश कुमार ओझा, राष्ट्रीय अध्यक्ष, आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान एवं महासचिव, विहार संस्कृत संजीवन समाज, पटना ने कहा छत्रपति शिवाजी महाराज केवल एक वीर योद्धा ही नहीं, बल्कि राष्ट्र और संस्कृति के रक्षक भी थे। उद्घाटनकर्ता डॉ. अनिल कुमार सिंह, उत्तर प्रदेश के पूर्व गृह सचिव एवं इस अभियान के प्रधान संरक्षक ने अपने वक्तव्य में कहा छत्रपति शिवाजी महाराज की नीतियां केवल उनके काल तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि वे आज भी प्रशासन, युद्धनीति और राष्ट्रनिर्माण के लिए अनुकरणीय हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धर्मेन्द्र पति त्रिपाठी, संयुक्त निदेशक, पेंशन विभाग, उत्तर प्रदेश ने कहा छत्रपति शिवाजी महाराज का जीवन राष्ट्रभक्ति और शौर्य का अद्वितीय उदाहरण है। विशिष्ट अतिथि एवं संस्कृत गीतकार डॉ. अनिल कुमार चौबे, मुख्य वक्ता शैलेन्द्र सिन्हा, राष्ट्रीय संयोजिका, आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के डॉ. रागिनी वर्मा, वैदिक मंगलाचरण कर्ता उग्र नारायण राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान ने भी अपने विचार प्रकट किए। मंच संचालन पिंटू कुमार, राष्ट्रीय संयोजक, आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान एवं दिल्ली विश्वविद्यालय संस्कृत विभाग के शोधार्थी ने अत्यंत प्रभावशाली ढंग से किया।

# इंदिरा आईवीएफ के होली मिलन में खेली गई फूलों की होली




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**खगौल (पटना)।** इंदिरा आईवीएफ, पटना की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन किया जिसमें बरसाने की लठ मार होली और फूलों की होली के साथ गजल, पुराने यादगार गीतों, मुखौटा डांस आदि के प्रस्तुतियों से दर्शक हुए आत्म विभोर। कार्यक्रम का उद्घाटन पटना नगर निगम स्वच्छता जागरूकता अभियान की ब्रांड एम्बेसडर डॉ नीतू कुमारी नवगीत, इंदिरा आईवीएफ, बिहार और झारखंड के हेड डॉ दयानिधि, डॉ सुनीता कुमारी, डॉ अनुजा मिश्रा, संगीतकार डॉ पवन अग्रवाल, यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया, बिहार राज्य शाखा के प्रदेश उपाध्यक्ष सुधीर मधुकर, आर के लाल आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन प्रज्वल अग्रवाल ने किया। पटना नगर निगम की स्वच्छता जागरूकता अभियान की ब्रांड एम्बेसडर डॉ नीतू कुमारी नवगीत ने अपने भोजपुरी होली गीतों से सबों को अपने साथ नाचने गाने और तालियों बजाने को मजबूर कर दी। कार्यक्रम का शुभारंभ पापड़ी घोष के गणेश वंदना से हुआ। गायक एवं संगीतकार डॉ पवन अग्रवाल (काकुल दा) ने अपने गजल से सबों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम का समापन श्रेया गोस्वामी और रुध मजूमदार के मनमोहक वृन्दावन के रंगों के जगह, फूलों की होली से हुआ। वहीं सम्राट अध्या ने अपने मुखौटा नृत्य से दर्शकों को तालियों बजाते रहने पर किया मजबूर। जाने-माने गायक मुकेश के गीतों को गाने वाले आर के लाल और विश्व बंधु आदि ने भी अपने भी मधुर आवाज में गाए गीतों से सबों का मनमोह लिया। इस आयोजन में ज्यादा महिलाओं के साथ उनके छोटे-छोटे बच्चों ने भी जम कर धमाल मचाया। इंदिरा आईवीएफ बिहार और झारखंड के हेड डॉ दयानिधि ने भी परिवार के साथ जम कर होली गीतों पर डांस कर सब को अपने साथ झूमने-नाचने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर इंदिरा आईवीएफ की ओर से कार्यक्रम में शामिल कलाकारों को अंगवस्त्र और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# खाटूश्याम के महाभंडारे में हजारों भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** श्री खाटू श्याम पधारो पटना धाम के संस्थापक कन्हैया अग्रवाल (कन्नू) की ओर से प्रत्येक एकादशी- द्वादशी बुधवार को शाम पांच बजे से देवी स्थान मंदिर जहाजी कोठी के समीप कदमकुआं में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें करीब 3000 से 3500 लोगों ने श्याम बाबा का प्रसाद पूड़ी, कचौड़ी, सब्जी, रायता, बुंदिया, भुजिया ग्रहण किए। एम पी जैन ने बताया कि भंडारे के आयोजन में आनन्द डालमिया, मुकेश हिसारिया, शेखर बागड़िया, जितेंद्र कुमार जीतू, संजय टेकरीवाल, सुनील कनोडिया, सचिन डालमिया, अनुज गुप्ता, शुभम सर्राफ, कमलेश सिंह, अनंत अग्रवाल, राजेश बजाज, सज्जन चौधरी, अजय शर्मा, केशव अग्रवाल, रिषभ अग्रवाल, अरविंद सर्राफ, आलोक अग्रवाल, राजेश बजाज और सतीश अग्रवाल ने सहयोग किया।

# महामारी की तरह फैल रही है किडनी की बीमारी, जागरूकता ही बचाव



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारीशरीफ।** वर्ल्ड किडनी दिवस की पूर्व संध्या पर बुधवार को पारस एचएमआरआई हॉस्पिटल, पटना में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किडनी ट्रांसप्लांट और डायलिसिस के मरीजों के साथ-साथ किडनी डोनर को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नेफ्रोलॉजी विभाग के निदेशक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. शशि कुमार ने बताया कि किडनी रोग महामारी की तरह फैल रहा है। उन्होंने कहा कि 10 से 17 प्रतिशत भारतीय किडनी से संबंधित बीमारियों से ग्रसित हैं। हाई रिस्क पॉपुलेशन जैसे - हाई बीपी, डायबिटीज के मरीज, 45-50 वर्ष से अधिक उम्र के लोग तथा जिनके परिवार में किडनी रोगी हैं, उनमें यह बीमारी 30 से 40 प्रतिशत तक पाई जाती है। ऐसे लोगों को समय-समय पर जांच करानी चाहिए ताकि शुरुआती दौर में बीमारी का पता चल सके और समय पर इलाज शुरू किया जा सके। इससे डायलिसिस या ट्रांसप्लांट की नौबत टल सकती है। वहीं नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. जमशेद अनवर ने बताया कि ब्लड प्रेशर, दर्द निवारक दवाओं का अधिक सेवन और संक्रमण किडनी रोगों के प्रमुख कारण हैं। यूरोलॉजिस्ट डॉ. विकास कुमार ने कहा कि आजकल कम उम्र के लोगों में भी यह बीमारी तेजी से फैल रही है।

CMYK

# चुनाव तैयारियों को लेकर राजनीतिक दलों के साथ बैठक का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** दाउदनगर अनुमंडल मुख्यालय में अनुमंडल पदाधिकारी मनोज कुमार की अध्यक्षता में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रखंड अध्यक्षों व वरिष्ठ नेताओं के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों पर चर्चा की गई और विभिन्न राजनीतिक दलों को चुनावी प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई। अनुमंडल पदाधिकारी श्री कुमार ने बैठक में बताया कि ओबरा विधानसभा सहित अन्य क्षेत्रों में कुल कितने मतदाता हैं, उनमें पुरुष एवं महिला मतदाताओं की संख्या क्या है, दिव्यांग मतदाताओं की कुल संख्या कितनी है, इन सब विषयों पर विस्तृत जानकारी साझा की गई। इसके साथ ही, युवाओं और महिलाओं के मतदान प्रतिशत को बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में कुछ ऐसे टोले चिह्नित किए गए जहां महिलाओं के नाम अभी तक मतदाता सूची में नहीं जोड़े गए हैं। इसे ध्यान में रखते हुए बीएलओ को उन क्षेत्रों में भेजकर महिलाओं के फॉर्म भरवाने का अनुरोध किया गया, ताकि वे मतदान प्रक्रिया में शामिल हो सकें। इसके अलावा, जिन मतदाताओं का निधन हो चुका है, उनके नाम मतदाता सूची से हटाने और अब तक छूटे हुए मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए भी दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान चुनावी तैयारियों को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया, जहां चुनावी सूचनाएं साझा की जाएंगी। साथ ही, एक ऑनलाइन पोर्टल के बारे में भी जानकारी दी गई, जहां मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन से जुड़ी प्रक्रिया को देखा जा सकता है। चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता और भागीदारी बढ़ाने के लिए मतदान प्रतिशत को अधिकतम करने पर भी चर्चा की गई। सभी राजनीतिक दलों से अनुरोध किया गया कि वे मतदाताओं को जागरूक करने में सहयोग करें, ताकि अधिक से अधिक लोग अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। बैठक में सभापति बिहार विधान परिषद के प्रतिनिधि अश्वनी कुमार तिवारी, जदयू अध्यक्ष दीपक पटेल, राजद अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, कांग्रेस अध्यक्ष राजेश्वर सिंह, बिरजू चौधरी, संजय शर्मा, रवि शंकर, अनिल आर्य सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के अध्यक्ष व वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

# सुबोध कुमार सिंह बने भाजपा के जिला मंत्री,कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रफीगंज (औरंगाबाद)।** भाजपा ग्रामीण मंडल के पूर्व अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह को भाजपा जिला मंत्री के बनाया गया जिसको लेकर भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष विनय कुमार सिंह, भाजपा वरिष्ठ नेता अवधेश कुमार सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष दीनानाथ विश्वकर्मा, नगर अध्यक्ष संतोष कुमार साहू, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष बबलू सिंह, कासमा मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार यादव, भदवा मंडल अध्यक्ष रामकुमार सिंह, जिला पार्षद प्रदीप कुमार चौरसिया, युवा नेता शुभम सिंह, नगर महामंत्री बालगोविंद साहू, कोषाध्यक्ष शिवनारायण साव के साथ अन्य कई कार्यकर्ताओं ने बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य कि कामना किया। सुबोध कुमार सिंह ने प्रदेश, जिला के पदाधिकारियों एवं पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह को आभार और धन्यवाद प्रकट करते हुए बुधवार को कहा कि मुझे इस बार मुझे जिला मंत्री बनाने का कार्य किया है उस पर मैं खड़ा उतारूंगा और हर संभव पार्टी के नीति और सिद्धांतों पर चलकर ऊंचाइयों तक लेकर जाने का कार्य करूंगा।




















































# होली का त्योहार शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं : डीएम

## डीजे पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने का दिया गया निर्देश






**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** होली त्योहार-2025 के अवसर पर जिला पदाधिकारी, नवादा रवि प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक, अभिनव धीमान की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ संयुक्त ब्रीफिंग की गयी। जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि होली का त्योहार इस वर्ष 13 मार्च से 16 मार्च 2025 तक मनाया जायेगा। 14 एवं 15 मार्च 2025 को रंगों भरी होली का त्योहार मनाया जायेगा। उन्होंने जिलेवासियों से आपसी भाईचारे के साथ होली का त्योहार मनाने की अपील की है। होली त्योहार को शांतिपूर्ण तथा भाईचारे के वातावरण में मनाने के लिए जिला प्रशासन के द्वारा सुरक्षा की व्यापक तैयारी की गई है। होली त्योहार को शांतिपूर्वक और भाईचारे के वातावरण में मनाने को लेकर जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा संयुक्त आदेश जारी किया गया है। जिसके तहत जिले के 312 स्थानों पर विधि-व्यवस्था बनाये रखने हेतु दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं काफी संख्या में सशस्त्र बलों की प्रतिनियुक्ति कर दी गई है। सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी अपने-अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर उपस्थित होकर विधि-व्यवस्था संधारण के लिए सजग और सतर्क रहेंगे। जिलाधिकारी ने सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को ससमय प्रतिनियुक्ति स्थल पर पहुंच कर अपने दायित्व का निर्वहण करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखें। शांति भंग करने वाले या कानून को हाथ में लेने वाले असमाजिक तत्वों पर तत्काल विधि-सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। अफवाह फैलाने वालों पर कठोर कार्रवाई की जायेगी। सोशल मीडिया पर भी गलत वीडियो/समाचार प्रकाशित करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जायेगी। सभी संवेदनशील स्थलों पर सादे लिबास में पुलिस कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। शरारती तत्वों पर जिला प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। सभी पदाधिकारियों को पूरी तरह चौकस रहने का निर्देश दिया गया है। विधि-व्यवस्था के संपूर्ण प्रभार में अपर समाहर्ता श्री चन्द्रशेख आजाद व पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय श्री इमरान परवेज रहेंगे। सभी प्रखंडों के वरीय प्रभारी पदाधिकारियों को अपने-अपने प्रखंडों में शांतिपूर्ण होली पर्व संपन्न कराने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिया गया है। जिले की हर प्रकार की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गयी है जिसका नम्बर-06324-212261 है। जिला नियंत्रण कक्ष के वरीय प्रभार में श्री धीरज कुमार सिंहा, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी-सह-वरीय प्रभारी पदाधिकारी, जिला नियंत्रण कक्ष, नवादा एवं पुनि., सचिन्द्र यादव लोक शिकायत निवारण कोषांग, पुलिस कार्यालय, नवादा रहेंगे। नियंत्रण कक्ष 13 से 16 मार्च 2025 तक 24 घंटे तीन शिफ्टों में कार्यरत रहेगा। सभी शिफ्टों में कई पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है साथ ही 13 सुरक्षित दण्डाधिकारी की भी प्रतिनियुक्ति की गयी है। आपात स्थिति से निपटने हेतु जिला नियंत्रण कक्ष में अग्निशाम दस्ता, विद्युत व्यवस्था, चिकित्सा आदि की व्यवस्था की गई है। साथ ही अनुमंडल एवं थाना स्तर पर भी नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। नियंत्रण कक्ष के लिए दंगा नियंत्रण कंपनी, वज्रवाहन की प्रतिनियुक्ति की गई है। अग्निशाम पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है कि अग्निशाम दस्ता को हर समय तैयार रखेंगे, ताकि आपात स्थिति में ससमय नियंत्रण किया जा सके। विद्युत संबंधी समस्या से निपटने के लिए फ्यूज काल सेंटर की स्थापना की गई है। सिविल सर्जन को निर्देश दिया गया है कि जीवन रक्षक दवााओं के साथ, एंबुलेंस को चिकित्सा दस्ता के साथ नियंत्रण कक्ष में प्रतिनियुक्त करें। साथ ही सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में 24 घंटे चिकित्सा दल सक्रिय और सजग रहेंगे।

उत्तेजक और अश्लील होली गायन पर सख्त प्रतिबंध लगाया गया है। डीजे पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया गया है। सभी डीजे को निकटतम थाना में जमा कराना, अंचलाधिकारी/थानाध्यक्ष/ओपी अध्यक्ष सुनिश्चित करेंगे। कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद नवादा/हिसुआ/वारिसलीगंज तथा नगर पंचायत, रजौली अपने-अपने क्षेत्र में साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। बाइकर्स गैंग पर नियंत्रण रखने के लिए संबंधित थानाध्यक्ष एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को निर्देश दिया गया एवं अश्लील हरकत करने वालों पर तत्परतापूर्वक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है कि होली त्योहार 2025 को लेकर काफी चौकस और सावधान रहने की आवश्यकता है। अकसर अप्रिय घटनाएं होने की संभावना बनी रहती है। इसलिए पूरी सतर्कता बरतें एवं किसी भी प्रकार की आसूचना से वरीय पदाधिकारी को अवगत करायें। अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर एवं रजौली, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नवादा सदर, रजौली एवं पकरीबरावां तथा अधीक्षक, मद्य निषेध नवादा को निर्देश दिया गया है कि शराब के ठिकानों पर भी छापामारी करना सुनिश्चित करें। सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है कि वे कर्तव्य, निष्ठा एवं कर्मठता के साथ सौंपे गये दायित्व को निभायेंगे ताकि त्योहार शांतिपूर्वक सम्पन्न हो। आज की इस बैठक में अपर समाहर्त्ता नवादा, अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर एवं रजौली, डीसीएलआर नवादा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, प्रभारी जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी के साथ-साथ अन्य दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

## पंडित, पुरोहित न नाई और बज गई वधू की शहनाई



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता/संजय वर्मा**


**हिसुआ।** नगर परिषद क्षेत्र स्थित ग्राम कहरिया में मुसहर भुईयां, शिक्षा सेवक महासंघ के प्रदेश सचिव सह पर्वत पुरुष बाबा दशरथ मांझी जागृति मंच सलाहकार समिति के जिला अध्यक्ष मुकेश मांझी की द्वितीय पुत्री मनीका की शादी ग्राम कहरिया में 11 मार्च को गया जिला के फतेहपुर, प्रखंड अंतर्गत छोटकी सलैया गांव में भागीरथ मांझी के प्रथम पुत्र संगम के साथ शादी समारोह का आयोजन मुकेश मांझी के अध्यक्षता में अर्जक पद्धति से आयोजित की गई। जबकि मंच संचालन सकलदेव मांझी शिक्षा सेवक ने किया। शादी समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में शामिल अर्जक संघ के पूर्व सांस्कृतिक समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बुनियादी विद्यालय बगोदर के पूर्व प्रधानाध्यापक उपेन्द्र पथिक ने कहा कि आज ग्राम कहरिया में मुकेश मांझी अर्जक पद्धति से अपनी पुत्री मनीका की शादी कर समाज में सामाजिक बदलाव लाने का काम किया है। अर्जक विधि से शादी करने में न कोई मंत्रोच्चार किया जाता है और न हीं कोई मंत्र पढ़ा जाता है। इसमें काफी कम खर्च में शादी सम्पन्न हो जाती है। शादी समारोह को संबोधित करते हुए सकलदेव मांझी शिक्षा सेवक ने कहा कि इस तरह की शादी में समाज में एक नया बदलाव है इस शादी न पंडित, पुरोहित न हीं नाई जरूरत है काफी कम खर्च में बिना पूजा पाठ और बिना कोई मंत्र पढ़े शादी हो जाती है। शादी समारोह के अवसर पर मुकेश मांझी ने कहा कि अर्जक पद्धति से शादी आज कोई नहीं बात नहीं है। नवादा जिला समेत कई बिहार के कई अन्य जिलों में भी शादी समारोह में शामिल हुआ हुं। और मुझे अच्छा लगा तो आज मैं अपनी पुत्री की शादी अर्जक पद्धति से कराकर समाज में एक नई दिशा निर्देश देने का काम किया हु शादी समारोह में जिले के रोह प्रखंड पूर्वी भाग के जिला परिषद सदस्या बिनिता कुमारी, बैजनाथ प्रसाद कुशवाहा, समाजसेवी, कहुआरा पंचायत के विकास मित्र ज्योति कुमारी मंजू कुमारी समाजिक कार्यकर्ता, बंगाली मांझी, वार्ड सदस्य, रंजन कुमार मांझी, बिहार सेवा संस्थान के प्रभारी डॉ0 सौरभ सुमन, उमेश कुशवाहा, रामफल आजाद, मो. कलाम उद्दीन शिक्षा सेवक, रामकृपाल चौधरी, संतोष मांझी, मनोहर मांझी शिक्षा सेवक, श्रीकान्त प्रसाद, विजेन्द्र प्रसाद, एवं देवनाथ मांझी शिक्षक के आलावे कई अन्य जनप्रतिनिधि और समाजसेवी शादी समारोह मे हुए उपस्थित।

## नरहट के नए बीडीओ बने प्रशांत कुमार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नरहट (नवादा)।** प्रखण्ड कार्यलय में मंगलवार को नए बीडीओ प्रशांत कुमार ने पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान बीडीओ बैजु कुमार मिश्रा ने उन्हें पदभार शौपा। पदभार ग्रहण करने के बाद नए बीडीओ ने प्रखण्ड कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया। मौके पर उपप्रमुख मो इस्राईल, पंचायत समिति प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, प्रवेश यादव, अख्तर जर्रा एवं प्रखण्ड कर्मियों ने निर्वतमान एवं नए बीडीओ को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। नए बीडीओ ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि प्रखण्ड क्षेत्र में सरकार द्वारा प्रदत्त जनकल्याणकारी योजनाओं को पात्र लाभुकों तक शत प्रतिशत पहुचना प्राथमिकता रहेगी। सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुचे इसके लिए पूरा प्रयास रहेगा।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत, दो घायल




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** कौआकोल-महुडर मुख्य पथ पर मधुरापुर बजरंगबली मन्दिर के पास बुधवार को दो बाइक की टक्कर में एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि दो अन्य बाइक चालक घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार बजरंगबली मन्दिर के पास सड़क किनारे बाइक खड़ा कर दो लोग बात कर रहे थे। तभी पीछे से एक दूसरे बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे कौआकोल थाना क्षेत्र के उत्तरवारी धमनी गांव निवासी मोहम्मद जब्बार अंसारी एवं जमुई जिला के चंद्रदीप थाना के सेवे गांव निवासी मोहम्मद जफर उद्दीन के पुत्र मोहम्मद एजाज अहमद एवं दूसरे बाइक पर सवार कौआकोल थाना क्षेत्र के मननियातरी गांव निवासी राम प्रसाद साव के 25 वर्षीय पुत्र संजय कुमार घायल हो गए। स्थानीय लोगों द्वारा घायल तीनों व्यक्ति को कौआकोल पीएचसी में भर्ती कराया गया। स्थिति गंभीर रहने के कारण तीनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद नवादा रेफर कर दिया गया। जहां ईलाज के क्रम में मोहम्मद जब्बार अंसारी की मौत हो गई। घटना के बाद मृतक के गांव में शोक की लहर दौड़ गई एवं स्वजनों में हाहाकार मच गया है।

### एक नजर

## सुरेश कुमार हेम्ब्रम बनें भारतीय आदिवासी विकास परिषद के जिलाध्यक्ष

**कौआकोल।** प्रखण्ड के महुडर पंचायत के झिलार गांव निवासी व वार्ड सदस्य सुरेश कुमार हेम्ब्रम को अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद का नवादा जिलाध्यक्ष पद पर मनोनयन किया गया है। अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद,बिहार के प्रदेश महासचिव सत्येन्द्र शाह गोंड ने मनोनयन पत्र जारी कर इसकी सूचना जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक नवादा को भी दी है। सुरेश कुमार हेंब्रम,पिता-मंझिला हेम्ब्रम के नाम जारी प्रेषित पत्र के माध्यम से जिलाध्यक्ष पद पर मनोनयन करते हुए एवं उन्हें शुभकामनाएं देते हुए प्रदेश महासचिव ने उम्मीद जताया है कि अपने कार्यकुशलता से वे परिषद में संगठन की मजबूती प्रदान करेंगे। तथा सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का व्यापक स्तर पर आदिवासी समुदाय के लोगों के बीच पहुँचाने को लेकर जागरूक करने का काम करेंगे। सुरेश कुमार हेम्ब्रम को जिलाध्यक्ष बनने पर राजद आदिवासी प्रकोष्ठ के सचिव अर्जुन हेम्ब्रम,मुंशी टुड्डू,दीपक हेम्ब्रम आदि ने उन्हें बधाई दिया है।

## मारपीट मामले में तीन गिरफ्तार

**बिहारशरीफ।** बिंद थाना क्षेत्र के कथराही गांव में मंगलवार को देर शाम शौच करने गई महिला से छेड़खानी करने को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। इस मामले में दोनों पक्ष के तीन आरोपी को स्थानीय पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान थाना क्षेत्र के कथराही गांव निवासी राजकुमार पासवान, निरंजन कुमार व बुधन कुमार हैं। थानाध्यक्ष चंदन कुमार सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों से थाना में लिखित आवेदन दिया गया है। मारपीट में संलिप्त तीन आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एक तरफ से राजकुमार पासवान ने चार लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई हैं। दूसरी तरफ से ब्रह्मकुमार ने छह लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है।

## बिजली विभाग ने की छापेमारी, तीन पर प्राथमिकी

**बिहारशरीफ।** सरमेरा थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांव में बिजली विभाग ने छापामारी किया। टीम ने कुल तीन लोगों पर जुर्माना लगाते हुए थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी में चेरों गांव निवासी भोला ठाकुर पर 14396, काजीचक गांव निवासी मनोज यादव पर 13913 और गोवाचक गांव निवासी अलख देव सिंह पर 26029 रुपया का जुर्माना लगाया गया। जेई जयप्रकाश चैधरी ने बताया कि सभी उपभोक्ता मीटर बायपास कर बिजली का इस्तेमाल कर रहे थे।

## पूर्व विधायक अनिल सिंह के होली मिलन समारोह में उमड़ी भीड़




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** पूर्व विधायक अनिल सिंह के आवास पर मंगलवार को भव्य होली मिलन समारोह हुआ। राजगीर रोड स्थित उनके आवास पर आयोजित इस कार्यक्रम में शिक्षाविद, बुद्धिजीवी और हजारों की संख्या में स्थानीय लोग और विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न इलाकों से आए लोग शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत स्थानीय कलाकार धर्मेंद्र कुमार उर्फ टन्ना के नेतृत्व में भक्ति होली से हुई। कन्हैया कुमार, चंदन कुमार, सोनू कुमार सहित अन्य कलाकारों ने 'घर ही कौशल्या मईया कर हई सगुनवा', 'बने बने राम जी के बीत हई फगुनवा', 'फागुन मस्त महिनवा हो', 'सिया झारे लामी केस', 'होली खेलें रधुवीरा अवध में' और 'बाबा हरिहर नाथ सोनपुर में होली खेले' जैसे फाग गीतों की शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में पूर्व विधायक अनिल सिंह, नवादा के व्यवसायी राजीव सिन्हा, व्यापार मंडल अध्यक्ष लक्ष्मीकांत उर्फ विगन सिंह, पूर्व प्रखंड प्रमुख रंजन शाही, प्रोफेसर जगत नारायण प्रसाद, पैक्स अध्यक्ष मंगल सिंह, दुर्गेश सिंह, चुन्नू सिंह, गुज्जो सिंह, एबीवीपी के रौशन कुमार, शिवनारायण कुमार, टुल्लू सिंह अहिर, मुखिया जी, मुरारी सिंह, वरुण उर्फ गांधी सहित भाजपा, बजरंग दल और एबीवीपी के हजारों कार्यकर्ता मौजूद रहे। पूर्व विधायक अनिल सिंह ने समारोह में पहुंचे लोगों का अबीर-गुलाल से स्वागत किया। बुजुर्गों के पैर पर अबीर लगाकर आशीर्वाद लिया। लोगों ने भी उन्हें टीका लगाकर शुभकामनाएं दीं।

## टीएस कॉलेज हिसुआ में होली मिलन समारोह आयोजित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** हिसुआ नगर परिषद स्थित मगध विश्वविद्यालय की अंगीभूत इकाई टीएस कॉलेज हिसुआ में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ पवन कुमार शर्मा ने उपस्थित सभी शिक्षक कर्मचारी एवं छात्रों को अबीर और गुलाल लगा कर होली की शुभकामनाएं दी और कहा कि प्रेम और भाईचारा पर्व है। होली रंगों का तथा हंसी-खुशी का त्योहार है। प्राचार्य ने कहा कि यह भारत का एक प्रमुख और प्रसिद्ध त्योहार है, जो आज विश्वभर में मनाया जाने लगा है। रंगों का त्यौहार कहा जाने वाला यह पर्व पारंपरिक रूप से दो दिन मनाया जाता है। यह प्रमुखता से भारत तथा नेपाल में मनाया जाता है। इस अवसर पर शिक्षक संघ के सचिव डॉ अंजनी कुमार ने भी सभी शिक्षक एवं कर्मचारियों को होली की शुभकामनाएं दी। महाविद्यालय राजदूत डॉ स्वर्गेश कुमार ने कहा कि भारत में होली का उत्सव अलग-अलग प्रदेशों में भिन्नता के साथ मनाया जाता है। इस अवसर पर डॉक्टर सुंदर शर्मा, डॉ भोला शंकर बरनवाल, डॉ मिथिलेश पासवान, प्रो अर्जून कुमार डॉ परमानंद राम, डॉ संजय कुमार चौहान, डॉ अमरदीप अंभोरे, डॉ पूनम भारती, डॉ धनंजय कुमार, डॉ अंजली कुमारी प्रधान सहायक राजेश कुमार, मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार, प्रयोगशाला प्रभारी अनिल कुमार, शैलेंद्र कुमार, अजय कुमार शर्मा, किरण शर्मा, सिंधुकांत, शंकर कुमार, राधा रमन, बबीता कुमारी, संगीता देवी, रौशन कुमार, अविनाश कुमार सहित सभी शिक्षक एवं कर्मचारियों उपस्थित रहे।

## मॉडर्न में विद्यार्थियों ने किया होली मिलन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिले के न्यू एरिया स्थित मॉडर्न इंग्लिश स्कूल के सभागार में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ अनुज सिंह एवं मॉडर्न शैक्षणिक समूह नवादा के द्वारा संचालित सभी विद्यालयों के प्राचार्य एवं उपप्राचार्य के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। होली मिलन समारोह में विद्यालय के बच्चों ने जमकर आनंद उठाया, एक दूसरे को रंग, अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। मौके पर विद्यालय के निदेशक डॉ अनुज ने कहा कि प्रकृति ने मनुष्य को कई सौगातें दी हैं उन्हीं में मौसम भी एक है। प्रत्येक मौसम हमें प्रकृति के अनेक रूप दिखाता है और हमें नए संदेश भी देता है। वैसे तो हर मौसम अपने आप में विशेष होता है, लेकिन उन सभी में फागुन का अपना अंदाज होता है। उन्होंने कहा कि रंगों के महा त्योहार इस होली का अपना महत्व है। यह हमारे जीवन में खुशियों और उल्लास के रंग भरता है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से पानी के दुरुपयोग न करने की सलाह दी। कहा कि पानी प्रकृति का अनमोल उपहार है, इसलिए हमें सूखी होली खेलने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा एक से बढ़कर एक होली के पारंपरिक गीतों की प्रस्तुति की गई। राखी, साक्षी, प्रिया अनुराधा ग्रुप ने स्वागत गीत के साथ समारोह का आगाज किया। ऋषिका, आरूषि, आराध्या, वैष्णवी ग्रुप ने होलिया खेल राम लला गीत पर शानदार नृत्य की प्रस्तुति दी। मौके पर होरी खेले रघुवीरा अवध में होली खेले रघुवीरा ...। होलिया में उड़े रे गुलाल.... सुरों का गुलाल उड़ा और बच्चों के संग अभिभावक भी मदमस्त नाचने लगे। कार्यक्रम का समापन सदा आनंद रहे यही द्वारे गीत पर कृष्णा एवं समूह ने अपने तराने के साथ किया साथ ही साथ उपस्थित अभिभावकगण, विद्यार्थीगण, शिक्षकगण होली त्योहार पर बनने वाले स्वादिष्ट मालपुआ, कचरी, दहीबड़े इत्यादि का आनंद भी उठाया। कार्यक्रम के सफल संचालन में विद्यालय के शिक्षकों में से नृत्य शिक्षक पुरुषोत्तम कुमार, संगीत शिक्षक पवन कुमार सिन्हा, अनिल विश्वकर्मा, सुजय कुमार, समीर सौरभ, चंद्रदीप प्रसाद, मनीष कुमार पांडेय, स्वीटी कुमारी, आशीष कुमार, कुमारी स्वीटी, माधवी कपूर, अंजना दीक्षित, कुमारी अनुमेहा, मुकेश कुमार, संजीव कुमार, वीरेंद्र कुमार सहित सभी शिक्षकों की सराहनीय भूमिका रही।

## 65 फरार अपराधियों की हुई गिरफ्तारी : एसपी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने बताया कि 11 मार्च 2025 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी, हत्या में एक, हत्या के प्रयास में आठ, अवैध खनन में तीन, मद्य निषेध में 14 एवं अन्य गिरफ्तारी 39 कुल 65 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 539 लीटर महुआ शराब एवं 52.25 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया। वारंट के निष्पादन की संख्या 12 एवं कुर्की के निष्पादन की संख्या 02 है। वाहन जांच के क्रम में कुल 300 वाहनों की जांच की गयी है एवं जुर्माने की कुल राशि दो लाख नौ हजार 400 रूपया वसूला गया है। अन्य गिरफ्तारी अन्तर्गत चार मोटरसाइकिल, दो मोबाइल, चार तसला,दो चुलाई मशीन, एक गैस सिलेंडर एवं एक गैस चूल्हा बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नवादा पुलिस इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है। अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है।

**पूर्व रेलवे**

**शुद्धिपत्र सूचना**

**ई-निविदा सूचना संख्या: जेएमपी-इलेक्ट-70-2025 दिनांक-11.03.2025** उप मुख्य विद्युत अभियंता, पूर्वी रेलवे, जमालपुर कार्यशाला, जिला-मुंगेर, बिहार- 811214 निविदा संख्या जेएमपी-इलेक्ट-70-2025 दिनांक 24.02. 2025 के अंतर्गत निम्न कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करता है: "जमालपुर कार्यशाला में विभिन्न विद्युत सामान्य सेवाओं के लिए आवश्यक विविध विद्युत कार्य"। इस स्तर पर, **निविदा समापन तिथि और समय को 20.03.2025, 15:00 बजे** तक बढ़ाया जा रहा है जो पहले 17.03.2025,15:00 बजे था। बोलीदाता अपनी मूल/संशोधित बोलियां केवल विस्तारित समापन तिथि और समय तक ही प्रस्तुत कर सकेंगे अर्थात 20.03.2025 को 15:00 बजे। बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन बोली लगाने के नियमों और विनियमों तथा विधि के विवरण के लिए **www.ireps.gov.in** पर जाएँ। अन्य नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।

(MISC-383/2024-25)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/सी, पूर्वी रेलवे, कांचरापाड़ा वर्कशॉप, उत्तर 24 परगना, पश्चिम बंगाल, पिन-743145 खुली निविदा के माध्यम से कैरिज वर्कशॉप/पूर्वी रेलवे/कांचरापाड़ा में 02 वर्ष की अवधि के लिए विद्युत चालित मल्टीट्रैक ट्रैवर्सर, बीओटी क्षमता और प्लांट संख्या 18/232 के सीएएमसी के लिए खुली जीईएम सेवा निविदा आमंत्रित करते हैं। **बोली संख्या: जीईएम/2025//6023241, दिनांक: 05.03.2025। बोली समाप्ति तिथि/समय: 26.03.2025 को 11:00 बजे; बोली खोलने की तिथि/समय:** 26.03.2025 को 11:30 बजे; **ईएमडी:** बोली अनुमान मूल्य का 2% यानी रु.88,911.00 । **ई-पीबीजी:** पी.ओ. मूल्य का 3%। **निविदा का अनुमानित मूल्य:** रु. 44,45,567.40 । **समापन की अवधि:** 2 वर्ष । **अनुमान संख्या:** एमसीपी/एमएंडपी/सीएएमसी/ अल्फा ट्रैवर / 80टन / 18 - 232 / अनुमान/2024-25 दिनांक 17.02.2025। जीईएम सेवा बोली दस्तावेज जीईएम साइट (सरकारी ई मार्केट प्लेस) यानी जीईएम पोर्टल **https://gem.gov.in** पर उपलब्ध होंगे और दरें ऑनलाइन उद्धृत की जानी हैं और जीईएम पोर्टल यानी **https://gem.gov.in** के माध्यम से ऑनलाइन जमा की जानी हैं।

(MISC-381/2024-25)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना क्रमांकः 206 और 208 दिनांकः 27.02.2025।** मंडल रेल प्रबंधक, कार्यालय भवन, पोस्ट ऑफिस- झलझालिया, जिला- मालदा, पिन- 732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **(1) निविदा संख्याः 206-एमएलडीटी-24-25; कार्य का नाम और स्थानः** सुजनीपाड़ा-अहिरन खंड (दोहरीकरण कार्य) के साथ कनेक्शन के लिए खुली ई-निविदा (एलएचएस 03 नंबर एम-25 के लिए जल निकासी निवारण कार्य)। प्रत्येक 15 मीटर पर तटबंध पर साइड स्लोप ड्रेन, सुजनीपाड़ा-अहिरन में सेंट्रल ड्रेन, दृष्टिकोण के लिए निरीक्षण कदम (एम-20), हाइट गेज, सेंट्रल ड्रेन सीसी-एम-20) सहायक अभियंता/ न्यू फरक्का के अंतर्गत मंडल अभियंता-1/ पूर्व रेलवे/ मालदा; **निविदा मूल्य रु.:** 3,93,87,387.64; **(2) निविदा संख्याः 208-एमएलडीटी-24-25; कार्य का नाम और स्थानः** मालदा मंडल के अधिकार क्षेत्र में एईएन/न्यू फरक्का के अंतर्गत इस पुल को सबवे के रूप में कार्य करने के बदले में इस एलसी गेट को बंद करने के लिए बड़हरवा स्टेशन सीमा में किमी 176/13-14 पर एलसी गेट नंबर 19/स्प्ल के बगल में पुल का सुधार, जिसमें जल निकासी निवारण सुविधाओं का प्रावधान शामिल है; **निविदा मूल्य रु.:** 2,08,87,847.20; **निविदा बंद होने की तिथि और समयः** क्रम संख्या 1 और 2 के लिए 21.03.2025 को 15.30 बजे। **वेबसाइट विवरण और नोटिस बोर्डः** www.ireps.gov.in/DRM Office/MLDT। निविदाकारों से अनुरोध है कि वे वेबसाइट पर विस्तृत निविदा सूचना और दस्तावेज देखें।

(MLD-245/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध हैं।

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

CMYK

# गया नगर निगम की सफाई व्यवस्था हुई डिजिटल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** नगर निगम द्वारा क्यूआर कोड के माध्यम से सभी घरों से डोर टू डोर के तहत कचरा का उठाव किया जाता रहा है। उसकी मॉनिटरिंग भी कंट्रोल रूम के माध्यम से की जाती रही है। उसी पहलू में, अब स्वच्छ गया ऐप एवं स्वच्छता से रिलेटेड वेबसाइट को सभी लोगों के लिए स्टार्ट किया गया है। नगर आयुक्त कुमार अनुराग ने बताया कि कार्यालय या दूरभाष पर कई लोग साफ सफाई से संबंधित फीडबैक या शिकायत करते रहते हैं। इस तरह किसी भी शिकायत या फीडबैक का फॉलो अप करना मुश्किल हो जाता है किसी भी कार्यालय के लिए। इसको ध्यान में रखते हुए ये व्यवस्था स्टार्ट की गई है। अब किसी भी तरह का फीडबैक या शिकायत आप ऐप या वेबसाइट पर जाकर दे सकते हैं। उसके बाद आप अपने शिकायत को ट्रैक भी कर सकते हैं। साथ ही निगम के स्तर से कई सुविधा एवं सर्विसेज भी लोगों द्वारा रिक्वेस्ट किया जाता है।

**ऐप या वेबसाइट के माध्यम से ये सुविधाएं की बुकिंग कर सकते**

अब आप ऑनलाइन हीं ऐप या वेबसाइट के माध्यम से ये सुविधाएं की बुकिंग कर सकते है जिसमें कंस्ट्रक्शन एवं डिमोलिशन वेस्ट को उठाव, डंप टैंक या डिसिल्टिंग का मशीन, फॉगिंग, मोबाइल टॉयलेट्स, शव वाहन, सेप्टिक टैंक की सफाई इत्यादि शामिल है। इस से सभी तरह की फीडबैक एवं शिकायत एक पोर्टल पर रहेगी एवं कंट्रोल रूम के माध्यम से उसको फॉलो अप करते हुए उसका निस्तारण किया जाएगा। संबंधित अपने किए हुए रिक्वेस्ट या शिकायत का फॉलो अप भी कर सकते है। नगर आयुक्त ने बताया कि अगर कहीं भी आपको लगता है कि किसी स्थान से या घर से कचरे का उठाव नहीं हुआ है तो आप घर बैठे हीं वेबसाइट या ऐप पर ऑनलाइन नागरिक सेवा का फायदा ले सकते हैं। आप अपने मोबाइल नंबर से वेबसाइट एवं ऐप पर लोग इन कर शिकायत रजिस्टर कर सकते हैं। गया नगर निगम द्वारा उसका शीघ्र निष्पादन किया जाएगा। साथ ही नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि सफाई एक ऐसी चीज है जो सिर्फ निगम किन्हीं नहीं बल्कि सभी लोगों की जिम्मेदारी है। अगर लोग हीं जान बुझ कर कचरे इधर उधर फेंकते रहेंगे तो साफ सुथरा गया का सपना साकार नहीं हो पाएगा। इसलिए जरूरी है कि पहले अपना एक गया का नागरिक होने का कर्तव्य निभाएं फिर दूसरे से अपेक्षा रखें।

# प्रवीण शर्मा हत्याकांड में शामिल दो और आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**टिकारी(गया)।** थाना की पुलिस ने प्रवीण शर्मा हत्याकांड में शामिल दो और आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। टिकारी एसएचओ चंद्रशेखर कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि सेना का जवान पुरा ग्राम निवासी प्रवीण शर्मा के मारपीट व इलाज के क्रम में मौत को लेकर कांड संख्या 121/25 दर्ज की गई थी। पुलिस द्वारा त्वरित एक्शन लेते हुए घटना में शामिल दो आरोपी विकास कुमार व प्रमोद कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। वहीं मंगलवार की देर रात्रि पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर महमन्ना ग्राम निवासी उदय यादव के पुत्र अशोक कुमार एवं स्व हरे राम यादव के पुत्र राजकुमार उर्फ राम बाबू को गिरफ्तार करने में सफलता पाई। मालूम हो कि कांड में छः आरोपियों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है जिनमें से चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। शेष अन्य दो आरोपी की भी गिरफ्तारी जल्द कर ली जाएगी। वहीं घटना के बाद प्रवीण शर्मा के घर पर सांत्वना देने वाले लोग पहुंच रहे हैं। बुधवार को प्रखण्ड प्रमुख प्रतिनिधि अशोक कुमार, पंसस रंजय सिंह व साधु शरण यादव दिवगंत प्रवीण शर्मा के घर सांत्वना देने पहुंचे। घटना पर लोगों ने कड़ा दुख प्रकट किया व घटना में शामिल अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

# एबीवीपी गया महानगर द्वारा भव्य फागोत्सव कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गया महानगर द्वारा बुधवार को फागोत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन भारतीय संस्कृति, परंपरा और उत्सवधर्मिता को समर्पित था जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थी, संगठन के कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। फागोत्सव कार्यक्रम में गुलाल, पारंपरिक होली गीत, नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से होली के उल्लास को जीवंत किया गया। इस अवसर पर युवाओं ने भारतीय त्योहारों की महत्ता को समझते हुए एकता और भाईचारे का संदेश दिया। महानगर मंत्री विनायक कुमार ने कहा कि फागोत्सव हमारी सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न हिस्सा है। विद्यार्थी परिषद सदैव भारतीय परंपराओं के संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रयासरत है। इस कार्यक्रम के माध्यम से हमने युवाओं को भारतीय संस्कृति और सामाजिक समरसता से जोड़ने का प्रयास किया है। प्रान्त छात्रा सह प्रमुख प्रिया सिंह ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि यह प्रेम, सद्भाव और एकजुटता का प्रतीक है। एबीवीपी का यह प्रयास समाज में सौहार्द्र और एकता को और अधिक सशक्त करेगा। जिला सह संयोजक धीरज कुमार ने कहा कि आज के दौर में युवा कहीं न कहीं अपनी परंपराओं से दूर होते जा रहे हैं। ऐसे आयोजनों से हमें अपनी संस्कृति को समझने और उसमें सहभागी बनने का अवसर मिलता है। यह आयोजन हमारी सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करने का एक प्रयास है। विद्यार्थियों द्वारा पारंपरिक फाग गायन और नृत्य प्रस्तुत किया गया। अबीर-गुलाल के साथ होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। भारतीय संस्कृति के महत्व पर वक्ताओं ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम के अंत में प्रांत सह मंत्री मंतोष कुमार ने सभी आगंतुकों, कार्यकर्ताओं और विद्यार्थियों को धन्यवाद ज्ञापित किया और इस प्रकार के आयोजनों को निरंतर जारी रखने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# प्रखंड सभागार में होली मिलन समारोह का आयोजन, पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि हुए शामिल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार भवन में होली मिलन समारोह का आयोजन बुधवार को दोपहर 12 बजे हुआ जिसमें पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। समारोह की अध्यक्षता बीडीओ बिपुल भारद्वाज व संचालन परसावां पंचायत के मुखिया दिलीप कुमार ने किया। इस समारोह में पदाधिकारियों के साथ कर्मियों, मुखिया, पंसस और बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि शामिल हुए। वहां सभी होली के गीतों पर खूब झूमे। सब एक दूसरे को अबीर, गुलाल लगाकर व गले मिलकर होली की शुभकामना दिया। इस अवसर पर आंती पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि संजय यादव ने कहा कि होली का ये त्यौहार आपसी भाईचारे व प्रेम का प्रतीक है। इस पर्व में लोग आपसी मतभेद को भी भूलाकर एक दूसरे के गले मिलते हैं। वहीं मुखिया संघ के अध्यक्ष शिव कुमार चौहान ने कहा कि रंगोत्सव का यह त्यौहार आते ही लोगों में उमंग छा जाता है व हर लोग होली के रंग के रंगों में डूब जाते हैं। वहीं, पंचायत सरकार भवन आंती में मुखिया प्रतिनिधि संजय यादव के नेतृत्व में होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुआ। मौके पर जिला पार्षद प्रतिनिधि सत्येंद्र प्रजापति, जदयू जिला महासचिव मो.आकिब आलम, खजुरी मुखिया प्रतिनिधि राम विजय विश्वकर्मा, चबूरा मुखिया संजय यादव, द्वारिका चंद्रवंशी, मुन्ना पासवान, उमेश यादव, मनोज मंजिल, पप्पू कुमार, मुकेश कुमार, उत्तम कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

# विष्णु व बुद्ध के नाम से हो दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय का नाम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय गया का नामकरण भगवान विष्णु एवं बुद्ध के नाम पर रखने की मांग को लेकर बैठक किया गया। बैठक में संघर्ष समिति के नेता वाल्मीकि प्रसाद ने विभिन्न मांगों को लेकर पोस्टकार्ड अभियान चलाने का निर्णय लिया। बैठक में संघर्ष के दौरान शहीद हुए स्व. राम नंदन शर्मा की प्रतिमा लगाई जाए। वहीं अन्य शहीद चालक श्रवण कुमार की विधवा पत्नी को विश्वविद्यालय में यथोचित नौकरी दिया जाए। इसके अलावा संघर्ष के दौरान जो घायल हुए आंदोलनकारियों की परिवार के लोगों में एक परिजन को नौकरी दिया जाए। शिलापट पर नाम अंकित किया जाए। बैठक में टिकारी मुख्य पार्षद मो. अजहर इमाम, बाल्मीकि प्रसाद, प्रो. मुद्रिका प्रसाद नायक, श्रीकांत शर्मा, बृजनंदन शर्मा, हिमांशु शेखर, अबरार आलम, जगरूप यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

# भारत छोड़ो आंदोलन और दांडी यात्रा स्वतंत्रता संग्राम के अमर प्रतीक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** 12 मार्च को जब हम भारत छोड़ो आंदोलन के तहत दांडी यात्रा की ऐतिहासिक घटना को याद कर बुधवार को भाजपा किसान मोर्चा सह प्रभारी डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने इस पावन अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए इसे स्वतंत्रता संग्राम का अमूल्य अध्याय बताया। डॉ मनीष पंकज मिश्रा के द्वारा स्मरण करते हुए कहा महात्मा गांधी जी के नेतृत्व में 12 मार्च 1930 को शुरू हुई यह दांडी यात्रा ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ सत्याग्रह का प्रतीक बनी। नमक पर अंग्रेजों के एकाधिकार को तोड़ने के लिए गांधी जी ने साबरमती आश्रम से 78 सत्याग्रहियों के साथ 240 मील लंबी यात्रा की और 6 अप्रैल को दांडी पहुंचकर समुद्र तट पर नमक बनाकर कानून तोड़ा। यह केवल एक विरोध प्रदर्शन नहीं था, बल्कि यह आत्मनिर्भरता और अन्याय के विरुद्ध जन-जागरण का संदेश था जिसने देशवासियों में स्वतंत्रता की भावना को प्रबल किया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता ने कहा कि भारत छोड़ो आंदोलन और दांडी यात्रा हमें सत्य, अहिंसा और संकल्प की शक्ति का एहसास कराते हैं। महान स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करने वालों में भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, भाजपा नेता राणा रणजीत सिंह, जिला मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर, महेश यादव, मंटू कुमार, बबलू गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।

# जीबीएम कॉलेज में अबीर लगा मनायी होली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** गौतम बुद्ध महिला कॉलेज में रंगोत्सव होली के अवसर पर प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ सहदेब बाउरी की उपस्थिति में शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मियों ने एक दूसरे को लाल, हरे, गुलाबी, नीले, पीले रंगों के अबीर लगा कर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कॉलेज की छात्राओं ने भी सभी शिक्षक/शिक्षकाओं को अबीर लगाकर आशीर्वाद लिया। प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ बाउरी ने कहा कि होली का पर्व हमें अतीत के सारे गिले-शिकवे भूल कर अपनत्व के नये रंगों में रंग जाने का संदेश देता है। रंगोत्सव में डॉ शगुफ्ता अंसारी, डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी, डॉ पूजा, डॉ पूजा राय, डॉ नगमा शादाब, डॉ प्रियंका कुमारी, डॉ बनीता कुमारी, डॉ फरहीन वजीरी, डॉ रुखसाना परवीन, डॉ प्यारे मांझी, डॉ सुरबाला कृष्णा, डॉ शुचि सिन्हा, डॉ वीणा कुमारी जायसवाल, डॉ प्रमिला कुमारी, डॉ आशुतोष कुमार पांडेय, रौशन कुमार, अभिषेक कुमार, नीरज कुमार, सुनील कुमार, अजीत कुमार, अजय कुमार, आनंद कुमार आदि की उपस्थिति रही।

# राजकीय मध्य विद्यालय में प्रधानाध्यापिका सहित तीन शिक्षकों का तबादला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच।** प्रखंड के आंती टोला जमालपुर के राजकीय मध्य विद्यालय में विवाद का समाधान तब हो गया जब प्रधानाध्यापिका सहित तीन शिक्षकों का तबादला कर दिया गया। वहीं जमालपुर में सोनी कुमारी को प्रधानाध्यापिका का प्रभार दिया गया है। जानकारी देते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी डॉ ओम प्रकाश ने कहा कि मध्य विद्यालय जमालपुर की प्रभारी प्रधानाध्यापिका सबीहा खातून को मध्य विद्यालय चिचौरा, कोंच, सहायक शिक्षक अजय प्रसाद को पलांकी, कोंच एवं मध्य विद्यालय आंती के सहायक शिक्षक मो.जियाउद्दीन उर्फ सद्दाम को प्राथमिक विद्यालय मौलागंज, उतरी कोंच में प्रतिनियुक्त की गई है। उक्त तीनों शिक्षकों को बीते मंगलवार के दोपहर बाद प्रतिनियुक्ति विद्यालय में योगदान करने का आदेश निर्गत बताया गया है। बताया गया है कि उक्त आदेश टिकारी एसडीओ सुजीत कुमार ने निर्देश के आलोक में मध्य विद्यालय जमालपुर एवं उसके पोषक क्षेत्र में विधि व्यवस्था को बनाए रखने के ख्याल से प्रशासनिक दृष्टिकोण से तत्काल प्रभाव से प्रतिनियुक्ति की गई है और उक्त तीनों पर विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी गई है। मालूम हो कि राजकीय मध्य विद्यालय जमालपुर में उर्दू में प्रार्थना को लेकर विद्यालय के शिक्षक द्वारा बीते शनिवार को वीडियो बनाया गया था। इसके बाद एक पक्ष के लोगों ने विद्यालय में प्रवेश कर कार्य दिवस में वीडियो बनाने वाले शिक्षक की पिटाई कर दी गई थी। इस पर शिक्षक ने स्थानीय आंती थाना में मारपीट का मामला दर्ज कराया और 9 लोगों को आरोपी बनाया है। उसके बाद विवाद बढ़ते गया और दूसरे दिन विद्यालय में नामांकित छात्रा के अभिभावक द्वारा उक्त शिक्षक पर बैड टच का मामला दर्ज कराया। विद्यालय का माहौल बिगड़ते देख डीएम डॉ त्याग राजन एस एम ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को पूरे मामले की जांच करने का आदेश दिया। इसके बाद बी ई ओ अभय कुमार रमन व एस एच ओ रंजीत कुमार ने उक्त मामले का जांच किया। तत्पश्चात प्रभारी प्रधानाध्यापिका व शिक्षकों को तत्काल हटाने और विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा की। इस तरह से मामला का समाधान हो गया।

# पर्व को लेकर फ्लैग मार्च

**गया(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के एसएसपी आनंद कुमार के निर्देशानुसार बुधवार को होली, रमजान एवं आगामी विभिन्न पर्व/त्योहारों को सौहार्दपूर्ण एवं शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने हेतु जिले के विभिन्न थानों के पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों के द्वारा वरीय पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में अपने-अपने थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया गया।

# दो नामजद आरोपित गिरफ्तार

**टिकारी।** पुलिस ने टिकारी थाना कांड संख्या 121/25 दर्ज की व कांड के अनुसंधान की जिम्मेवारी एसआई कन्हैया कुमार को दी। हालांकि मौत हो जाने के बाद पुलिस द्वारा हत्या का धारा कांड में जोड़ा गया व ताबड़तोड़ छापेमारी कर गांव से कई संदिग्धों को हिरासत में लिया।


**पूर्व रेलवे**

निविदा संख्या : एमसी - एलओआरआरवाई - पीकेआर - सीएनडब्ल्यू - एचडब्ल्यूएच - 25, दिनांक: 10.03.2025, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (कैरिज एंड वैगन), पूर्वी रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित करता है: **कार्य का नाम:** सामग्री के परिवहन के लिए 10 टन क्षमता वाली डीजल चालित लॉरियों को 3 साल के लिए कैरिज एंड वैगन विभाग, पाकुड़, हावड़ा मंडल, पूर्वी रेलवे के नियंत्रण में किराए पर लेना । **निविदा मूल्य:** रु.53,27,616.88 ; **अनुबंध की अवधि:** कार्य शुरू होने की तारीख से 36 महीने; **जमा की जाने वाली बयाना राशि:** रु.1,06,600.00 ; ऑनलाइन निविदा जमा करने के लिए वेबसाइट विवरण: **www.ireps.gov.in बोली समापन तिथि और समय:** 01.04.2025 को 14:00 बजे।

(HWH-666/2024-25)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/सी, पूर्व रेलवे, कांचरापाड़ा कारखाना, उत्तर 24 परगना, पश्चिम बंगाल, पिन-743145, कैरिज वर्कशॉप/पूर्व रेलवे/ बोली सं.: कांचरापाड़ा में खुले निविदा आधार पर 02 वर्ष की अवधि के लिए विद्युत चालित मल्टीट्रैक ट्रैवर्सर, बीओटी क्षमता और प्लांट नंबर 18/232 के सीएएमसी (व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध) के लिए खुली जीईएम सेवा निविदा आमंत्रित करते हैं। **बोली सं. जीईएम/2025/बी/6023241 दिनांक: 05.03.2025। बोली समाप्ति की तिथि/समय: 26.03.2025 पूर्वाह्न 11:00 बजे; बोली खुलने की तिथि/समय:** 26.03.2025 पूर्वाह्न 11:30 बजे; **बयाना राशि:** बोली अनुमानित मूल्य का 2% यानी रु. 88,911.00। **ई-पीबीजी:** पी.ओ. मूल्य का 3%। **निविदा का अनुमानित मूल्य:** रु. 44,45,567.40 (रुपये चौवालीस लाख पैंतालीस हजार पाँच सौ सड़सठ और चालीस पैसे मात्र)। **पूर्णता अवधि:** 2 वर्ष। **अनुमान संख्या:** एमसीपी/एम एंड पी/ सीएएमसी/ अल्फा ट्रैवर/80 टन/18-232/ अनुमान/2024-25 दिनांक 17.02.2025। जीईएम सेवा बोली दस्तावेज जीईएम साइट (गवर्नमेंट ई मार्केट प्लेस) यानी जीईएम पोर्टल **https://gem.gov.in** पर उपलब्ध होंगे और दरें ऑनलाइन उद्धृत की जानी हैं और जीईएमपोर्टल यानी **https://gem.gov.in** के माध्यम से ऑनलाइन जमा की जानी हैं।

(Misc-377/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध हैं।

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# ढोलक की ताल पर झूमे बांके बाजार प्रखंड के डीलर



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी (ग्रामीण)।** बुधवार को बांके बाजार के एक निजी होटल में प्रखंड के डीलरों द्वारा होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम दोपहर 1 बजे से शुरू हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अनुमंडल खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी सरोज कुमार एवं बांके बाजार प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सुनील कुमार उपस्थित रहे। समारोह में डीलरों ने मुख्य अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र भेंट कर किया। कार्यक्रम में बांके बाजार प्रखंड डीलर संघ के अध्यक्ष विजय कुमार कुशवाहा, रवि शंकर कुमार, मति रहमान, अजय प्रसाद, मिथिलेश चौधरी, मनोज पासवान, योगेंद्र पासवान, शिबू दास सहित बड़ी संख्या में प्रखंड के डीलर उपस्थित रहे। होली मिलन समारोह के दौरान प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने सभी डीलरों को उपहारस्वरूप कुर्ता-पायजामा भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर ढोलक की थाप और फूलों की वर्षा के बीच उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। पूरा माहौल होली के रंग में सराबोर दिखा।

# देसी शराब सहित एक थरनट बरामद

**वजीरगंज(गया) (नबिटा सं.)।** थाना क्षेत्र की पुलिस ने मंगलवार को पतेड़ मंगरावा पंचायत अंतर्गत सुखा बिगहा गांव के बधार में शराब छापेमारी अभियान चलाया जिसमें पुलिस ने 330 लीटर देसी शराब सहित एक देसी थरनट हथियार भी बरामद किया है। थानाध्यक्ष वेंकटेश्वर ओझा ने बताया कि कार्रवाई के दरम्यान दो भट्ठियों को भी तोड़ा गया।

# पीपिंग समारोह का आयोजन

**गया(नबिटा ब्यूरो)।** बुधवार को पुलिस कार्यालय, गया में पीपिंग समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वरीय पुलिस अधीक्षक, गया ने प्रशिक्षण अवधि पूर्ण होने के उपरांत परिवीक्ष्यमान पुलिस उपाधीक्षक से पुलिस उपाधीक्षक बने पुलिस पदाधिकारी जिनमें अनिल कुमार, सलमा खातून, फैज आजम सबा, तथा सोमेश कुमार मिश्रा को बैच पहनाया और उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस समारोह के दौरान एसएसपी आनंद कुमार ने सभी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा ईमानदारी, समर्पण, समाज सेवा, नवाचार, और टीमवर्क हमारे कार्य के मूल स्तंभ हैं। नई जिम्मेदारियों के साथ आपको समाज की सेवा में और भी अधिक भागीदारी निभाने का अवसर मिलेगा। अंत में एसएसपी ने सभी पदाधिकारियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी।

# पुनपुन एसएमडी कॉलेज में अंतर महाविद्यालय नाटक प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** पी. पी. यू. इंटर कॉलेज नाटक प्रतियोगिता को लेकर बुधवार को पुनपुन के एस. एम. डी. कॉलेज में इंटर कॉलेज नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन में मंच का संचालन डा. अरमान आलम ने किया। अध्यक्षता कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ राकेश कुमार ने किया। प्रतियोगिता में गंगा देवी महिला कॉलेज पटना के अलावा कॉलेज के छात्रा-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

# गंभीर लंबित कांडों की गहन समीक्षा की गई

**गया (नबिटा ब्यूरो)।** एएसपी (ग्रामीण) द्वारा बुधवार को चाकंद थाना में लूट, हत्या, डकैती और अन्य गंभीर लंबित कांडों की गहन समीक्षा की गई। इस दौरान उन्होंने सभी अनुसंधानकर्ताओं को कांडों में सत्य पाए गए एवं फरार अपराधियों के विरुद्ध गिरफ्तारी, कुर्की एवं जप्ती की कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा लंबित सभी बिन्दुओं पर शीघ्र कार्रवाई करते हुए जल्द से जल्द कांड का निष्पादन करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। तत्पश्चात एएसपी के द्वारा पुलिस थानों के सुदृढ़ीकरण और आधुनिकरण हेतु चाकंद थाना के लिए नवनिर्मित भवन निरिक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने भवन निर्माण कार्य की गुणवत्ता और प्रगति की जांच की। उन्होंने पुलिस विभाग की आवश्यकताओं के अनुरूप भवन में सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश देते हुए निर्माण कार्य को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के आदेश दिए।


**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना संख्या : एईएन/खेल मैदान-भवन/एलएलएच, दिनांक : 10.03.2025** मुख्य निर्माण प्रबंधक, पूर्वी रेलवे, लिलुआ, हावड़ा-711204 द्वारा रेलवे के प्रतिष्ठित अनुमोदित और योग्य ठेकेदारों और सरकारी विभाग/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम की उपयुक्त सूची के लोगों से निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:- क्रम संख्या 1. निविदा संख्या : एईएनडब्ल्यूएस-खेल मैदान-एलएलएच; कार्य का नाम : सीडब्ल्यूएम/ एलएलएच कार्यशाला के अंतर्गत बहुउद्देशीय खेल गतिविधियों के लिए लिलुआ कार्यशाला में कार्यशाला खेल मैदान का उन्नयन; निविदा मूल्य: 98,74,185.65 रुपये; निविदा दस्तावेज की लागत: शून्य; बोली सुरक्षा (रु.) : 1,97,500.00; समापन अवधि: 210 दिन; क्रम संख्या 2. निविदा संख्या : एईएनडब्ल्यूएस-खेल निर्माण एलएलएच; कार्य का नाम: सीडब्लूएम/ लिलुआह के अंतर्गत लिलुआह में खेल गैलरी और खेल अधिकारियों के चैंबर आदि के साथ खेल संघ भवन (दो मंजिला) का निर्माण; निविदा मूल्य: 40,71,169.42 रुपये; निविदा दस्तावेज की लागत: शून्य; बोली सुरक्षा (रुपये): 81,400.00; पूरा होने की अवधि: 210 दिन; निविदा बंद होने की तिथि और समय: 03.04.2025 को 12.00 बजे तक। निविदा का विवरण वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** पर शुद्धिपत्र (यदि कोई हो) के साथ उपलब्ध है। निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि वे उपरोक्त वेबसाइट पर अपना प्रस्ताव ऑनलाइन प्रस्तुत करें। कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा।

(MISC-380/2024-25)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# एलआईसी एजेंट से हथियारबंद बाइक सवार युवक ने छीना बैग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** पटना-गया स्टेट हाईवे पर धनरूआ थाना क्षेत्र के साई के पास एक एलआईसी एजेंट से बाइक सवार दो युवकों ने हथियार के बल पर उससे बैग छीन कर चंपत हो गए। पीड़ित का नाम संजीव कुमार पिता किशोर प्रसाद कैलूचक मसौढ़ी का रहने वाला है। दरअसल बताया जाता है कि धनरूआ से मसौढ़ी लौटने के दौरान साई के पास उसे ओवरटेक करते हुए बाइक पर सवार दो हथियारबंद लुटेरे ने पहले से रुकवाया उसको लप्पड़-थप्पड़ किया उसके बाद उसका बैग छीनकर भाग निकले।

# अभियान बसेरा 2 के तहत विधायक ने बांके बाजार में किया पर्चा वितरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**शेरघाटी (गया)।** बुधवार दोपहर 2 बजे बांके बाजार प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में इमामगंज विधायक दीपा मांझी ने अभियान बसेरा 2 के तहत तिलैया एवं बिहरगाई पंचायत के 39 लाभार्थियों के बीच पर्चा वितरण किया। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. उदय कुमार, सीओ विक्रम सिंह, प्रखंड प्रमुख अविता कुमारी, उपप्रमुख विंदेश्वर प्रसाद यादव, हम पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष अजमत खान सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विधायक दीपा मांझी ने सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान की जानकारी दी और लाभार्थियों से इस योजना का अधिकतम लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सरकार गरीबों एवं जरूरतमंदों के लिए लगातार काम कर रही है और अभियान बसेरा 2 इसी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।


**कार्यालय–जिला ग्रामीण विकास शाखा, पलामू**
**(महात्मा गाँधी नरेगा कोषाँग)**

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

मनरेगा अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 में बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत अमरूद, एपल बेर, आम, निंबू, संतरा, कटहल एवं सहजन की बागवानी हेतु पलामू जिला के प्रखण्डों में पौधा आपूर्ति हेतु क्रय किया जाना है। अत: अमरूद, एपल बेर, आम, निंबू, संतरा, कटहल एवं सहजन का L1 दर निर्धारण हेतु इच्छुक NHB से निबंधित आपूर्तिकर्त्ता से मुहरबंद अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्त्ताओं द्वारा सीलबंद लिफाफे में **तकनीकी बीड** एवं **वित्तीय बीड** अलग–अलग लिफाफा में दिनांक 03.04.2025 के अपराह्न 01:00 बजे तक निविदा जिला ग्रामीण विकास शाखा, पलामू के कार्यालय में जमा कर सकते हैं। प्राप्त निविदा उसी दिन 03.04.2025 को अपराह्न 02:00 बजे निविदादाता या प्रतिनिधि (प्राधिकृत पत्र के साथ) समक्ष खोली जायेगी। लिफाफा पर साफ–साफ शब्दों में बिरसा हरित ग्राम योजना (मनरेगा) अंकित कर जमा कर सकते हैं। निविदा की शर्त पलामू जिला के Official Website-www.palamu.nic.in एवं डी0आर0डी0एस0, पलामू के नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है।

उप विकास आयुक्त–सह–
अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक, पलामू

PR 348464 (District)24-25*D



**कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर (पलामू)**
**Email Id – nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com**

**GOVERNMENT OF JHARKHAND**
**URBAN DEVELOPMENT OF DEPARTMENT**
**E-PROCURMENT NOTICE (VERY-VERY SHORT-TERM NOTICE)**

| SL. | WARD NO. | REFERENCE NO. | SCHEME NAME | ESTIMATE COST | EARNEST MONEY (2% OF ESTIMATE COST) | TENDER FEE | COMPLETION OF WORK |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 14वें एवं 15वें वित्त आयोग मद | | | | | | | |
| 1 | 04 | UDD/NPB/42/ 2024-25 | Construction of Park in Ward no. - 04 | 6743442.00 | 134869.00 | 10000.00 | 365 day |
| 2 | 05 | UDD/NPB/42/ 2024-25 | Construction of Vending Zone in Sukra Bazar in ward no. -05 | 6926859.00 | 138537.00 | 10000.00 | 365 day |
| 3 | 16 | UDD/NPB/43/ 2024-25 | Construction of Vending Zone in Panchmukhi Temple in ward no. - 16 | 6926959.00 | 138539.00 | 10000.00 | 365 day |
| 4 | 04 | UDD/NPB/44/ 2024-25 | Construction of Vivah Mandap in Ward no. - 04 | 7937061.00 | 158741.00 | 10000.00 | 365 day |
| 5 | 17 | UDD/NPB/45/ 2024-25 | Construction of Vivah Mandap in Ward no. - 17 | 7937061.00 | 158741.00 | 10000.00 | 365 day |
| 6 | 11 | UDD/NPB/46/ 2024-25 | Construction of Vivah Mandap in Ward no. - 11 | 7937061.00 | 158741.00 | 10000.00 | 365 day |
| 7 | Date Of Publication Of Tender On Website | | | 13.03.2025, 11:00 AM | | | |
| 8 | Date Start Of Online Submission Of Bids | | | 13.03.2025, 11:00 AM | | | |
| 9 | Last Date/Time Of Online Submission Of Bids | | | 24.03.2025, 11:00 AM | | | |
| 10 | Date Of Bid Opening | | | 25.03.2025, 11:00 AM | | | |
| 11 | Name & Address Of Office Inviting Tender | | | EXECUTIVE OFFICER NAGR PARISHAD BISHRAMPUR | | | |
| 12 | Contact No. Of Procurement Officer | | | 6370767832, 9123121713 | | | |
| 13 | Helpline Number Of E-Procurement Cell | | | 06584 299971 | | | |

NOTE: - 1. Contractors should be registered in appropriate class as per NIT.
2.For More Details on the Office Notice Board or https://udhd.jharkhand.gov.in/ULB/ Bishrampur/Bishrampur.aspx

प्रशासक,
नगर परिषद बिश्रामपुर

PR 348439 District(24-25).D

संपादकीय

# चैंपियनी अंदाज में जीत

भारतीय क्रिकेट टीम ने एक साल के अंदर दूसरी आईसीसी ट्रॉफी जीतकर नया इतिहास रच दिया है। आईसीसी चैंपियन्स ट्रॉफी के रोमांचक फाइनल मुकाबले में भारत ने न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराकर ट्रॉफी अपने नाम कर ली। टीम इंडिया की इस जीत से समूचा भारत और क्रिकेट प्रेमी झूम उठे। और न झूमें, कप्तान रोहित शर्मा की अगुवाई ने पिछले साल जून में टी 20 वर्ल्ड कप और अब चैंपियन्स ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया है। यही नहीं, पिछले 4 मैचों में फ्लॉप रहे रोहित ने आखिरी मैच में 76 रन बनाकर प्लेयर आफ द मैच का खिताब भी अपने नाम किया। इस पूरे टूर्नामेंट में जिसकी मेजबान पाकिस्तान था और जिसमें भारतीय अकेली टीम थी, जिसने सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान में एक भी मैच नहीं खेला, चैंपियन्स के अंदाज में जीती। चाहे बैटिंग हो, बॉलिंग हो या फील्डिंग अथवा जीत की रणनीति हो, हर डिपार्टमेंट ने अपनी जिम्मेदारी कुशलता से निभाई। भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन से जाहिर हुआ कि यह टीम अब किसी एक खिलाड़ी के प्रदर्शन पर निर्भर नहीं है। एक नाकाम होता है तो दूसरा मोर्चा संभाल लेता है। यही टीम वर्क है। खास बात यह है कि भारतीय क्रिकेट टीम जब जीत के संकल्प के साथ मैदान में उतरती है। इस जज्बे का नतीजा यह रहा कि टीम इंडिया शुरू से आखिर तक अजेय रही। विश्व की सभी प्रमुख टीमों को उसने धूल चटाई। न्यूजीलैंड को तो दो बार हराया। पूरे टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा किरकिरी पाकिस्तान क्रिकेट टीम की हुई, जिससे पाक के लोगों ने कम से कम सेमीफाइनल तक पहुंचने की आस लगा रखी थी। लेकिन ये टीम एक भी मैच नहीं जीत पाई। पाकिस्तान ने चैंपियन्स ट्रॉफी की मेजबानी इस उम्मीद में स्वीकारी थी कि इससे पाक क्रिकेट बोर्ड का आर्थिक भला होगा। लेकिन वैसा भी खास होता नहीं दिख रहा है, क्योंकि पाक क्रिकेट टीम के लगातार हारते जाने से ज्यादा दर्शक भी टिकट खरीदकर स्टेडियमों में नहीं पहुंचे। यह टूर्नामेंट भारतीय क्रिकेट टीम के बेहतर प्रदर्शन के साथ-साथ कुछ और बातों के लिए भी याद किया जाएगा और वो है अनावश्यक ट्रोलिंग तथा जीत के जश्न पर हिंसा। भारत में कांग्रेस की एक प्रवक्ता शमा मोहम्मद ने कप्तान रोहित शर्मा के कथित मोटापे को लेकर सोशल मीडिया पर अनावश्यक टिप्पणी की तो कुछ कट्टरपंथियों ने न्यूजीलैंड के साथ सेमीफाइनल के दौरान मैदान पर गेंदबाज मोहम्मद शमी द्वारा एनर्जी ड्रिंक पीने पर ट्रोल किया। हालांकि शमी के करीबी लोगों ने कहा कि उन्होंने रोजा रखा ही नहीं था। अच्छी बात यह रही कि देश में ज्यादातर लोग शमी के पक्ष में थे और देश के लिए उनके शानदार खेल की तारीफ कर उन्हें सच्चा देशभक्त मान रहे थे। तीसरा विवाद भारतीय टीम द्वारा अपने सारे मैच दुबई में खेलने को लेकर था। कुछ देशों के क्रिकेट प्रेमियों का आरोप था कि एक ही स्टेडियम के पिचों पर खेलने का लाभ टीम इंडिया को मिला और वो जीतती चली गई। जबकि बाकी टीमों को बार-बार दुबई और पाकिस्तान के बीच चक्कर लगाने पड़े। हालांकि इस आरोप में कोई दम नहीं था। इसी टूर्नामेंट में रोहित शर्मा ने उन अफवाहों को खारिज कर दिया कि वे अब वन डे क्रिकेट से संन्यास ले रहे हैं। रोहित के साथ कोहली ने भी साबित किया कि उनमें अभी भी बहुत क्रिकेट बाकी है। लिहाजा वो खेलते रहेंगे। निश्चय ही टीम इंडिया ने साबित किया कि इस वक्त वो दुनिया की नंबर वन क्रिकेट टीम है, जिसके पास आईसीसी के चार में दो खिताब हैं। चौथा है देश के कुछ शहरों में भारत जीत पर हुई साम्प्रदायिक हिंसा। इसके लिए दोषियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

# विचारों के प्रदूषण से समाज को क्षति

**जिस प्रकार विष एक स्वस्थ तन के ताने बाने को नष्ट कर उसे मिट्टी कर देता है, उसी प्रकार विषैले विचार एक स्वस्थ मन को रोगग्रस्त कर तन मन के साथ जीवन को भी नष्ट कर देते हैं। हम जब भी प्रदूषण की बात करते हैं, तो प्रायः हमारे मन में वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण और मिट्टी के प्रदूषण की छवियाँ उभरती हैं। ये सभी प्रदूषण पर्यावरण को प्रभावित करते हैं और मानव जीवन के लिए संकट खड़ा करते हैं। लेकिन इन सबसे अधिक खतरनाक और विनाशकारी प्रदूषण यदि कोई है, तो वह है–विचारों का प्रदूषण। विचारों के प्रदूषण को प्रायः ज्यादा गंभीरता से न लेते हुए नजरअंदाज कर दिया जाता है। यह वह मानसिक और नैतिक विकृति है, जो समाज की जड़ों को धीरे-धीरे खोखला कर रही है। यदि समय रहते इस पर नियंत्रण नहीं किया गया, तो यह पूरे सामाजिक ताने-बाने को नष्ट कर सकता है।**

बलदेव राज भारतीय

विचारों का प्रदूषण किसी भी अन्य प्रदूषण की तरह व्यापक और हानिकारक होता है। जिस प्रकार वायु प्रदूषण सांस लेने योग्य शुद्ध वायु को जहरीला बना देता है, उसी प्रकार विचारों का प्रदूषण समाज के नैतिक और सांस्कृतिक वातावरण को दूषित कर देता है। इससे समाज में नकारात्मकता, कटुता, असहिष्णुता, और भ्रष्टाचार जैसी समस्याएँ जन्म लेती हैं।

मनुष्य अपने विचारों से ही महान बनता है और उन्हीं से पतित भी होता है। विचारों की शुद्धता व्यक्ति को ऊँचाइयों तक पहुँचाती है, जबकि दूषित विचार उसे पतन की ओर धकेल देते हैं। विचारों का यह प्रदूषण किसी एक दिन में उत्पन्न नहीं होता, बल्कि धीरे-धीरे यह समाज की मानसिकता में घर कर लेता है। इसके कई कारण हो सकते हैं, जिनमें प्रमुख हैं संस्कारों का पतन। पहले संयुक्त परिवारों में बच्चों को नैतिक मूल्यों की शिक्षा दी जाती थी, लेकिन आधुनिक समाज में संयुक्त परिवारों का विघटन हो चुका है। माता-पिता के पास बच्चों के लिए समय नहीं है, और नैतिक शिक्षा की जिम्मेदारी केवल स्कूलों पर छोड़ दी जाती है।

दूसरा प्रमुख कारण बेलगाम सोशल मीडिया है। यह फिल्मों, और अन्य मनोरंजन के साधनों के माध्यम से अश्लीलता और हिंसा का बढ़ता प्रभाव विचारों को दूषित कर रहा है। आज के युवाओं को ऐसी सामग्री परोसी जा रही है जो उनके मानसिक विकास को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर रही है।

संयुक्त परिवार प्रणाली में जो संस्कार घर से ही मिल जाते थे, आज उनकी पूर्ति स्कूल से करने की अपेक्षा की जा रही है। परन्तु आज की शिक्षा प्रणाली व्यावसायिक सफलता पर अधिक ध्यान केंद्रित करती है, उसमें नैतिकता और सदाचार की शिक्षा पर कोई विशेष ध्यान नहीं दिया जाता। स्कूलों में बच्चों को डॉक्टर, इंजीनियर, या वकील बनाने की कोशिश की जाती है, लेकिन एक अच्छा इंसान बनाने के प्रयास नगण्य हैं।



आज समाज को स्वार्थ और भौतिकवाद बुरी तरह प्रभावित कर रहे हैं। आधुनिक युग में भौतिक सुख-सुविधाओं की चाह इतनी बढ़ गई है कि लोग नैतिकता और ईमानदारी को भूलते जा रहे हैं। लोग केवल अपने फायदे के बारे में सोचने लगे हैं और दूसरों की भावनाओं और मूल्यों की परवाह नहीं करते।

विचारों का प्रदूषण धीरे-धीरे पूरे समाज को अपनी चपेट में ले लेता है और इसके कई हानिकारक प्रभाव होते हैं। जब लोगों के विचार दूषित हो जाते हैं, तो समाज में कटुता और असहिष्णुता बढ़ जाती है। लोग एक-दूसरे की भावनाओं और विचारों का सम्मान करना बंद कर देते हैं, जिससे समाज में आपसी मतभेद और संघर्ष बढ़ते हैं।

आज पारिवारिक व्यवस्था विघटित हो चुकी है। यह एक बहुत बड़ी सामाजिक दुर्घटना कही जा सकती है। विचारों का प्रदूषण परिवारों को भी प्रभावित करता है। जब परिवार के सदस्यों के विचार दूषित हो जाते हैं, तो उनमें प्रेम और सहयोग की भावना समाप्त हो जाती है। इससे तलाक, पारिवारिक कलह, और रिश्तों में दरारें बढ़ने लगती हैं।

विचारों के प्रदूषण का एक अन्य गंभीर प्रभाव अपराधों में वृद्धि के रूप में देखा जाता है। जब लोग नैतिक मूल्यों से विमुख हो जाते हैं, तो वे अपराध करने में संकोच नहीं करते। चोरी, हत्या, बलात्कार, और भ्रष्टाचार जैसी घटनाएँ बढ़ जाती हैं। आज की युवा पीढ़ी विचारों के प्रदूषण का सबसे बड़ा शिकार है। उन्हें सही और गलत का भान नहीं रहता, जिससे वे नशे, अश्लीलता, और अवैध कार्यों की ओर आकर्षित हो जाते हैं। इससे समाज का भविष्य खतरे में पड़ जाता है।

जब समाज के विचार दूषित होते हैं, तो राष्ट्र की प्रगति भी बाधित होती है। भ्रष्टाचार, नैतिक पतन, और आपसी संघर्ष राष्ट्र को कमजोर बना देते हैं। यदि विचारों का प्रदूषण बढ़ता रहा, तो कोई भी देश वास्तविक विकास नहीं कर सकता।

विचारों के प्रदूषण को रोकने के लिए समाज को मिलकर प्रयास करने होंगे। स्कूलों और कॉलेजों में नैतिक शिक्षा को पाठ्यक्रम का अनिवार्य हिस्सा बनाया जाना चाहिए। बच्चों को सही और गलत के बीच का अंतर समझाने के लिए विशेष कक्षाएँ चलाई जानी चाहिएँ। माता-पिता को अपने बच्चों को अच्छे संस्कार देने के लिए समय निकालना चाहिए। बच्चों के साथ समय बिताना, उन्हें नैतिकता की कहानियाँ सुनाना, और धार्मिक ग्रंथों का अध्ययन कराना आवश्यक है।

सोशल मीडिया और मनोरंजन के साधनों पर नियंत्रण एक अन्य कारगर परंतु असंभव उपाय हो सकता है। सरकार और समाज को मिलकर यह सुनिश्चित करना चाहिए कि टीवी, फिल्में, और सोशल मीडिया पर परोसी जाने वाली सामग्री नैतिक रूप से उचित हो। बच्चों और युवाओं को अनैतिक और हिंसक सामग्री से बचाने के लिए सख्त कदम उठाने की जरूरत है।

समाज में धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देना चाहिए। यह जरूरी नहीं कि धर्म केवल पूजा-पाठ तक सीमित हो, बल्कि इसके माध्यम से नैतिकता और सदाचार का प्रचार किया जाना चाहिए। यदि हम समाज को सुधारना चाहते हैं, तो पहले हमें स्वयं को सुधारना होगा। हमें अपने विचारों को शुद्ध करने के लिए स्वाध्याय, ध्यान, और सकारात्मक सोच को अपनाना होगा। जब प्रत्येक व्यक्ति अपने विचारों को शुद्ध करने का प्रयास करेगा, तभी समाज भी शुद्ध हो सकेगा। विचारों का प्रदूषण किसी भी अन्य प्रदूषण से अधिक खतरनाक है, क्योंकि यह व्यक्ति के मन को दूषित करता है और पूरे समाज को पतन की ओर ले जाता है। यदि इस समस्या पर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया, तो यह न केवल परिवार और समाज को, बल्कि पूरे राष्ट्र को खतरे में डाल सकता है। इस प्रदूषण का सबसे प्रभावी समाधान नैतिक शिक्षा, संस्कारों का उत्थान, और समाज में सकारात्मक वातावरण का निर्माण है।

जिस प्रकार भगवान श्रीराम ने खर-दूषण जैसे राक्षसों का संहार किया था, उसी प्रकार हमें भी दूषित विचारों का नाश करके समाज को शुद्ध और नैतिकता की ओर अग्रसर करना होगा। तभी हम एक सशक्त, सभ्य और समृद्ध समाज की स्थापना कर पाएंगे। यही सशक्त, सभ्य और समृद्ध समाज ही एक उन्नत प्रगतिशील और विकसित राष्ट्र का आधार बन सकता है।

अध्यात्म

## इन सब के लिए भगवान तेरा धन्यवाद

एक पक्षी था जो रेगिस्तान में रहता था, बहुत बीमार, कोई पंख नहीं, खाने-पीने के लिए कुछ नहीं, रहने के लिए कोई आश्रय नहीं था। एक दिन एक गरुड़ उधर से गुजर रहा था, उस बीमार और दु:खी पक्षी ने गरुड़ को रोका और पूछा- तुम कहाँ जा रहे हो? गरुड़ ने उत्तर दिया- मैं स्वर्ग जा रहा हूँ। बीमार पक्षी ने कहा- कृपया मेरे लिए पता करें, मेरी पीड़ा कब तक समाप्त हो जाएगी? गरुड़ ने कहा- निश्चित ही मैं पता करूँगा। गरुड़ ने इतना कह कर बीमार पक्षी से विदा ली। गरुड़ स्वर्ग पहुंचा और प्रवेश द्वार पर देवदूत को बीमार पक्षी का संदेश दिया। देवदूत ने कहा- पक्षी के जीवन में अगले सात वर्ष तक इसी तरह कष्ट लिखा हुआ है उसे ऐसे ही सात वर्ष तक कष्ट भोगना पड़ेगा, तब तक उसके जीवन में कोई खुशी नहीं है। गरुड़ ने कहा- जब बीमार पक्षी यह सुनेगा तो वह निराश हो जाएगा क्या आप इसके लिए कोई उपाय बता सकते हैं। देवदूत ने उत्तर दिया- उससे कहो कि इस वाक्य को हमेशा बोलता रहे। इन सब के लिए भगवान तेरा शुक्र है। वापसी पर जब वह बीमार पक्षी गरुड़ से फिर मिला तो गरुड़ ने उस स्वर्गदूत का संदेश दिया। सात-आठ दिनों के बाद गरुड़ जब फिर उधर से गुजर रहा था, तब उसने देखा कि पक्षी बहुत खुश था उसके शरीर पर पंख उग आए थे। उस रेगिस्तानी इलाके में एक छोटा सा पौधा लगा हुआ था, वहां पानी का एक छोटा सा तालाब भी बना हुआ था, चिड़िया खुश होकर चह-चहा रही थी। गरुड़ चकित था देवदूत ने कहा था कि अगले सात वर्षों तक पक्षी के लिए कोई खुशी नहीं होगी इस सवाल को ध्यान में रखते हुए गरुड़ स्वर्ग के द्वार पर देवदूत से मिलने पहुंच गया। गरुड़ ने देवदूत से अपने मन में उठते हुए सवालों का समाधान पूछा तो देवदूत ने उत्तर दिया- हाँ ! यह सच है कि पक्षी की जिन्दगी में सात साल तक कोई खुशी नहीं लिखी थी लेकिन क्योंकि पक्षी हर स्थिति में इन सब के लिए भगवान तेरा शुक्र है। बोल रहा था और भगवान का शुक्र कर रहा था, इस कारण उसका जीवन बदल गया। जब पक्षी गर्म रेत पर गिर गया तो उसने कहा- इन सब के लिए भगवान तेरा शुक्र है। जब यह उड़ नहीं सकता था तो उसने कहा- इन सब के लिए भगवान तेरा शुक्र है। जब उसे प्यास लगी और आसपास पानी नहीं था, तो उसने कहा- इन सब के लिए भगवान तेरा शुक्र है। जो भी स्थिति हो, पक्षी दोहराता रहा- इन सब के लिए भगवान तेरा शुक्र है। और इसलिए सात साल सात दिनों में समाप्त हो गए। जब मैंने यह कहानी सुनी तो मैंने अपने जीवन को महसूस करने, सोचने, स्वीकार करने और देखने के तरीके में एक जबरदस्त बदलाव महसूस किया। मैंने अपने जीवन में इस को अपना लिया। इन सब के लिए भगवान तेरा शुक्र है। इसने मुझे मेरे विचार को, मेरे जीवन में शिफ्ट करने में मदद की, जो मेरे पास नहीं है। उदाहरण के लिए, अगर मेरा सिर दर्द करता है तो मुझे लगता है कि मेरा बाकी शरीर पूरी तरह से ठीक और स्वस्थ है और मैं कहता हूं- इन सब के लिए भगवान तेरा शुक्र है और मुझे लगता है कि सिरदर्द मुझे बिल्कुल परेशान नहीं करता। उसी तरह मैंने अपने रिश्तों, वित्त, सामाजिक जीवन, व्यवसाय और हर उस चीज का उपयोग करना शुरू कर दिया, जिसके साथ मैं संबंधित हो सकता हूं। जिसके साथ भी मैं संपर्क में आया, मैंने इस कहानी को सबके साथ साझा किया और इस कहानी से उनके व्यवहार में भी एक बड़ा बदलाव आया। इस भगवान के शुक्राने का मेरे जीवन पर वास्तव में गहरा प्रभाव पड़ा, मुझे लगने लगा कि मैं कितना धन्य हूँ, मैं कितना खुश हूँ, जीवन कितना अच्छा है।

# एआई और महिला सशक्तिकरण- डिजिटल युग में समानता की ओर



सावित्री ठाकुर

आज के इस तेज गति वाली 21वीं सदी में महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में नित नई संभावनाएँ उभर रही हैं, विशेष रूप से आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसी तकनीकों के माध्यम से। एआई न केवल महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और रोजगार के नए अवसर प्रदान कर सकता है, बल्कि उन्हें निर्णय लेने की प्रक्रिया में भी समान भागीदार बनाने में मदद कर सकता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने त्त20 समिट से लेकर वर्ल्ड इकॉनमिक फोरम तक, हर मंच पर 'वूमेन-लेड डेवलपमेंट' को बढ़ावा देने की बात कही है। इसके तहत महिलाओं को केवल विकास का लाभार्थी ही नहीं बल्कि नेतृत्वकर्ता भी माना जा रहा है। एआई इस दृष्टि से कई प्रकार से देश की विकास यात्रा में महिलाओं की भागीदारी बढ़ा सकता है। चाहे रोजगार के नए अवसरों का सृजन करना हो या शिक्षा एवं कौशल विकास और स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को सुगम बनाना, एआई हर क्षेत्र में अहम भूमिका निभा सकता है।

महिलाओं की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने में भी एआई महत्वपूर्ण बदलाव ला सकता है। घरेलू हिंसा और उत्पीड़न की निगरानी के लिए एआई आधारित डेटा एनालिटिक्स और मॉनिटरिंग सिस्टम विकसित किए जा सकते हैं, जो महिलाओं के खिलाफ अपराधों को चिन्हित करने और उनके रोकथाम में मदद करेंगे। इसके अलावा, एआई-पावर्ड चैटबॉट्स कानूनी और सुरक्षा संबंधी सलाह देने में मददगार हो सकते हैं, जिससे महिलाएं किसी भी परिस्थिति में त्वरित सहायता प्राप्त कर सकें। इन चैटबॉट्स का इस्तेमाल विभिन्न सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों के पोर्टल पर भी किया जा सकता हैं जिससे महिलाओं को सरकारी योजनाओं की जानकारी और आवेदन प्रक्रिया के बारे में आसानी से पता चल सकें।

डेटा एनालिटिक्स की मदद से यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि सरकारी योजनाओं का लाभ समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचे। एआई संचालित डिजिटल वेरिफिकेशन के जरिए फ़र्जी लाभार्थियों की पहचान कर जरूरतमन्द लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा सकता है।

एआई के उपयोग को लेकर 2018 में, भारत सरकार ने 'नेशनल स्ट्रैटेजी फॉर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' की शुरुआत की, जिसका मकसद कुछ खास क्षेत्रों में एआई के विकास को बढ़ावा देना था। वर्ष 2021 में, 'रिस्पॉन्सिबल एआई' पर एक ड्राफ्ट पेश किया गया, जिसमें नैतिकता, पारदर्शिता और जवाबदेही को प्राथमिकता दिया गया। इस नेशनल स्ट्रैटेजी को 'एआइ फॉर ऑल' की थीम पर तैयार किया गया है।

विगत वर्ष, प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 'मेकिंग एआई इन इंडिया' और 'मेकिंग एआई वर्क इन इंडिया' के विज़न पर चलते हुए 10,371.92 करोड़ रुपये के बजट परिव्यय के साथ राष्ट्रीय स्तर के इंडिया एआई मिशन को मंजूरी दी थी। ये मिशन, सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों में रणनीतिक कार्यक्रमों और साझेदारियों के माध्यम से एआई नवाचार को बढ़ावा देने वाला एक वृहद इकोसिस्टम स्थापित करेगा। हाल ही में, प्रधानमंत्री मोदी ने भारत और फ्रांस की सह-अध्यक्षता में आयोजित पेरिस एआई शिखर सम्मेलन 2025 में एआई को अधिक समावेशी और प्रभावी बनाने पर जोर दिया था, ताकि यह सभी वर्गों के लिए उपयोगी साबित हो सके। इसी संदर्भ में, एआई महिलाओं की सुरक्षा और लैंगिक हिंसा की रोकथाम में भी अहम भूमिका निभा सकता है। एआई-आधारित निगरानी प्रणाली सार्वजनिक स्थलों पर लड़कियों के साथ होने वाले छेड़छाड़ की घटनाओं की पहचान कर अपराधी को चिन्हित करने में मदद कर सकती है। साइबर सुरक्षा में एआई का उपयोग ऑनलाइन उत्पीड़न और साइबर बुलिंग जैसी समस्याओं से निपटने में किया जा सकता है। इसके अलावा, एआई-आधारित आपातकालीन अलर्ट सिस्टम महिलाओं को तुरंत सहायता प्रदान करने में मदद कर सकता हैं, जिससे उनकी सुरक्षा और भी सुदृढ़ होगी।

स्वास्थ्य सेवाओं में एआई का उपयोग भी महिलाओं के लिए वरदान साबित हो सकता है। हाल ही में स्वीडन में हुई एक क्लीनिकल स्टडी में पाया गया कि एआई आधारित मैमोग्राफी सिस्टम 29त्त अधिक स्तन कैंसर के मामलों की पहचान कर सकता है। इसके अलावा, एआई-आधारित प्रिडिक्टिव एनालिटिक्स डॉक्टरों को जटिल बीमारियों की पहचान करने और उनके उपचार में मदद कर सकता है। खासकर, यह तकनीक हाई-रिस्क प्रेग्नेंसी की पहचान कर सकती है और संभावित जटिलताओं को रोकने में सहायक हो सकती है।

'विकसित भारत 2047' के विजन के तहत, भारत को एक सशक्त एवं आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें महिलाओं की समान भागीदारी आवश्यक है। एआई न केवल महिलाओं के लिए नए अवसरों का सृजन कर सकता है, बल्कि उन्हें समाज में निर्णायक भूमिका निभाने के लिए सक्षम भी बना सकता है। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए एआई केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि एक अनिवार्यता है। यह तकनीक एक समावेशी और प्रगतिशील समाज की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। इसका उपयोग केवल आर्थिक या तकनीकी उन्नति तक सीमित न रहें, बल्कि इसे महिलाओं की सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य और न्याय तक सुगमता से पहुंच सुनिश्चित करने के लिए भी उपयोग किया जाए।

**( लेखिका केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री हैं )**

# यूक्रेन के लिए अमेरिकी समर्थन का भविष्य?

डॉ. सत्यवान सौरभ

राष्ट्रपति ट्रम्प रूस पर नए प्रतिबंधों और टैरिफ़ पर विचार कर रहे हैं ताकि मास्को को शत्रुता समाप्त करने के लिए मजबूर किया जा सके। यह रणनीति प्रत्यक्ष सैन्य समर्थन से आर्थिक रणनीति में परिवर्तन को चिह्नित करती है। इन परिवर्तनों ने यू.एस.-यूक्रेन सम्बंधों पर दबाव डाला है और यूरोपीय सहयोगियों के साथ तनाव पैदा किया है, जो यूक्रेन का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और उन्होंने पर्याप्त सैन्य ख़र्च पहल की घोषणा की है। अलग-अलग दृष्टिकोणों ने यूक्रेन की स्थिति के बारे में यूएस और यूरोप के बीच बढ़ते विभाजन को जन्म दिया है। कुल मिलाकर, यूक्रेन के लिए यू.एस. समर्थन का भविष्य प्रत्यक्ष सैन्य सहायता से हटकर आर्थिक और कूटनीतिक रणनीतियों की ओर बढ़ रहा है, जो वर्तमान में विदेश नीति के व्यापक पुनर्मूल्यांकन का संकेत देता है। संयुक्त राज्य अमेरिका ने फरवरी 2022 में रूस द्वारा पूर्ण रूप से आक्रमण शुरू करने के बाद से यूक्रेन को सैन्य और वित्तीय सहायता के साथ महत्वपूर्ण रूप से सहायता की है। विभिन्न सहायता पैकेजों के माध्यम से अधिकृत कुल निधि लगभग 175 बिलियन डॉलर तक पहुँच गई है, जिसमें सैन्य सहायता के लिए काफ़ी राशि आवंटित की गई है। हालांकि, हाल के बदलावों से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के तहत अमेरिकी नीति में संभावित बदलाव का संकेत मिलता है, जिन्होंने रूस के साथ शांति वार्ता को प्रोत्साहित करने के प्रयास में यूक्रेन के साथ सभी सैन्य सहायता और खुफिया जानकारी साझा करना बंद कर दिया है। यूक्रेन की सैन्य स्थिति नाज़ुक बनी हुई है। चल रही सैन्य सहायता महत्वपूर्ण है; विश्लेषकों ने चेतावनी दी है कि इसके बिना, यूक्रेन को युद्ध के मैदान में बड़ा नुक़सान हो सकता है। अमेरिका उन्नत हथियारों और खुफिया जानकारी का एक महत्वपूर्ण स्रोत रहा है जिसने यूक्रेन की रक्षा क्षमताओं को मज़बूत किया है। यदि अमेरिकी सहायता कम हो जाती है या पूरी तरह से बंद हो जाती है, तो विशेषज्ञों का मानना है कि इससे रूस की बड़ी ताकतों के खिलाफ अपनी रक्षा बनाए रखने की यूक्रेन की क्षमता में गंभीर बाधा आएगी।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज आप काफी व्यस्त रहने वाले हैं। दोपहर के बाद आप किसी प्रभावशाली व्यक्ति से मिल सकते हैं। वरिष्ठ अधिकारी आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे।

**वृषभ**
दिन की शुरुआत नकारात्मक रहेगी। सिरदर्द और थकान के कारण काम में मन नहीं लगेगा। व्यापार में जोखिम भरे कार्य न करें।

**मिथुन**
परिवार में कोई बड़ा उत्सव हो सकता है। छात्र प्रतियोगी परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आज आपको महँगे गिफ्ट मिल सकते हैं।

**कर्क**
रुका हुआ धन वापस मिलेगा। अपनी प्रतिभा को विकसित करने का प्रयास करेंगे। व्यवसाय को प्रमोट करने के लिये दिन जबरदस्त है।

**सिंह**
अपनी भावनाओं पर नियन्त्रण रखें। दूर की यात्राओं के लिये दिन अच्छा नहीं है। आपके आत्मविश्वास में कमी आ सकती है।

**कन्या**
मित्र के व्यवहार से आप आनन्दित रहेंगे। मेडिकल पेशे से जुड़े लोगों को लाभ होगा। प्रेम सम्बन्धों को लेकर भावुक रहेंगे। मनोरञ्जन का भरपूर आनन्द लेंगे।

**तुला**
कृषि कार्यों से बड़ा धन लाभ हो सकता है। भविष्य को लेकर कोई सार्थक निर्णय ले सकते हैं। व्यवसाय में बड़ा आर्थिक लाभ होने से मन प्रसन्न रहेगा।

**वृश्चिक**
परिवार में शुभ आयोजन हो सकता है। नये प्रकल्प में काम करने का विचार बनायेंगे। जीवनसाथी की भावनाओं को सम्मान दें।

**धनु**
दिन की शुरुआत आपके लिये शुभ रहेगी। अपनी दिनचर्या में छेड़छाड़ न करें। भरोसेमन्द व्यक्तियों से आपको परामर्श लेना चाहिये। कार्यक्षेत्र में काम का दबाव बढ़ सकता है।

**मकर**
कई दिनों से जो काम रुका हुआ था वो आज बन सकता है। व्यापार में पार्टनर्स का सहयोग प्राप्त होगा। व्यवसाय को लेकर जो योजना आप बना रहे हैं उसे साकार करने के लिये समय उत्तम है।

**कुंभ**
अपने मनपसन्द कार्यों को अन्जाम देंगे। यदि आप किसी जॉब के लिये इन्टरव्यू दे रहे हैं तो उसमें सफलता मिलेगी। आपको शुभ समाचार मिल सकते हैं।

**मीन**
आपको अकेले काम करना पड़ सकता है। आज आप मनोरञ्जन का आनन्द लेंगे। बच्चे पढ़ाई में काफी ध्यान देंगे। व्यापार को लेकर बड़ी मीटिंग कर सकते हैं।

# होली को लेकर प्रशासन अलर्ट, पुलिस बल व दंडाधिकारी रखेंगे उपद्रवियों पर नजर

## डीएम व एसपी ने अधिकारियों के साथ की ब्रीफिंग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**आरा।** होली पर्व पर विधि व्यवस्था एवं शांति बनाए रखने के लिए जिला दंडाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक, भोजपुर द्वारा प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ संयुक्त ब्रीफिंग की गई। इस दौरान सभी दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि होली के अवसर पर शरारती एवं उपद्रवी तत्वों पर पैनी नजर रखी जाए तथा लोक शांति भंग करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी ने पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) को निर्देश दिया कि सघन चेकिंग अभियान चलाकर ड्रिंक एंड ड्राइव, बिना हेलमेट ड्राइविंग, ट्रिपलिंग आदि पर कठोर कार्रवाई की जाए। साथ ही, अवैध शराब की बिक्री एवं उपयोग पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने का निर्देश सहायक आयुक्त, मद्य निषेध, भोजपुर को दिया गया। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को पर्व के दौरान सतर्क रहने तथा विवादित एवं संवेदनशील मार्गों/स्थलों पर विशेष चौकसी बरतते हुए विधि व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश दिया। होलिका दहन वाले सभी स्थलों का पूर्ण भौतिक सत्यापन करने तथा विवादित स्थलों एवं बिजली के तारों के नीचे होलिका दहन नहीं किए जाने का निर्देश दिए गए। इसके अलावा सभी थानाध्यक्षों को अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत होलिका दहन स्थलों पर समय से उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया। जिला मुख्यालय एवं अनुमंडल मुख्यालय में अग्निशमन वाहन को पूरी तरह तैयार रखने का निर्देश अग्निशमन पदाधिकारी को दिया गया। पर्व के अवसर पर सदर अस्पताल, रेफरल अस्पताल एवं सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर आवश्यक उपकरणों के साथ चिकित्सा दलों एवं एंबुलेंस की 24 घंटे प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने का निर्देश सिविल सर्जन, भोजपुर को दिया गया। इसके अलावा, पूरे पर्व के दौरान जिला नियंत्रण कक्ष का गठन किया गया है, जिसका दूरभाष संख्या 06182-248702 तथा फैक्स 233474 कार्यरत रहेगा। इस अवसर पर सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी तथा प्रतिनियुक्त सभी दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# त्योहारों के दौरान सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्ती से निपटेगा प्रशासन

## होली व रमजान को ले शांति समिति की बैठक

## थानाध्यक्ष ने गुलाल लगाकर दी होली की बधाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गड़हनी/भोजपुर।** स्थानीय थाना परिसर में होली व रमजान का त्योहार शांन्तिपूर्ण मनाने को ले शांति समिति की बैठक सह होली मिलन समारोह का आयोजन थानाध्यक्ष रणबीर कुमार व प्रमुख बिनोद सिंह के नेतृत्व में किया गया। उपस्थित सभी सामाजिक कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि व ग्रामीणों को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष ने कहा कि आपलोग शांतिपूर्ण व आपसी भाईचारे के साथ होली मनाये। होली में अश्लील गाना नही बजना चाहिए, कोई नशा का प्रयोग नही करेगा। किसी भी व्यक्ति को जबरन रंग नही लगाना होगा। शराब का सेवन कर कोई हुड़दंग नही होना चाहिए। जो भी हुड़दंग करेगा उसको छोड़ा नही जाएगा इस पर विशेष नजर रहेगा। पुलिस सदैव आपलोगो के साथ खड़ी है। पुलिस व प्रशासन का मुख्य उद्देश्य इस पर्व के दौरान शांतिपूर्ण विधि-व्यवस्था बनाए रखना है। होली में डीजे बजाने पर पूर्णतः रोक रहेगी और सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वही बैठक के बाद होली मिलन किया गया। थानाध्यक्ष ने सभी को अबीर गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की बधाई दी। वही सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी थानाध्यक्ष व को अबीर गुलाल लगाया व बधाई दी। मौके पर एस आई अर्जुन कुमार, एस आई अजय सिंह, मनीष कुमार, सी आई अनिल सिंह, युवा नेता इमरान अहमद, सामाजिक कार्यकर्ता अनीश सिंह, गोल्डी सिंह, राजनाथ सिंह, सरपंच जुबैर अली सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता व थाना कर्मी उपस्थित थे।

# रंग-गुलाल लगाकर दी गई होली की बधाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**शेखपुरा।** जिले के भगवती चौक मेहुस मोड़ बाइपास में राजद की ओर से होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम का आयोजन राजद के युवा जिलाध्यक्ष विनय यादव के तरफ से किया गया है। जिसका उद्घाटन शेखपुरा के राजद विधायक विजय सम्राट ने किया। इस दौरान विधायक ने लोगों को रंग गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। वहीं कार्यकर्ताओं ने भी विधायक को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इस दौरान लोगों के द्वारा जमकर रंग गुलाल उड़ाए गए।

होली मिलन समारोह में कार्यकर्ताओं के मनोरंजन के लिए नवादा से सांस्कृतिक दल के टीमों को बुलाया गया था। जहां होली के गीत व संगीत से पूरा माहौल होलियाना रहा। कलाकारों ने होली के साथ-साथ हिंदी व भोजपुरी गीत व नृत्य प्रस्तुत किया। होली मिलन समारोह में जिले भर से आए कार्यकर्ताओं के लिए पुआ-पकवान की भी व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि होली का त्योहार आपसी भाईचारगी का संदेश देने वाला त्यौहार है। इस त्योहार में लोग अपने पुराने सभी गिले शिकवे दूर कर गले मिलते हैं। उन्होंने जिले भर के लोगों को होली की शुभकामनाएं देते हुए शांति व सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में होली मनाने की अपील की। इस मौके पर युवा जिलाध्यक्ष विनय यादव के तरफ से आए हुए अतिथियों को अंग वस्त्र देकर एवं गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।

# चार ऋणधारकों के विरूद्ध की गई कार्रवाई

**शेखपुरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** लंबे समय तक बैंको से लिए गये ऋण की राशि नहीं चुकाने वाले ऋणधारको के विरूद्ध कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई हैं। नीलाम पत्र शाखा पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि 10 मार्च को बरबीघा थाना द्वारा तीन तथा अरियरी थाना द्वारा एक ऋणधारको को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया हैं। ऋणधारको मे से गणेश दास, राजकुमार शर्मा, रंजीत रविदास है, जो ग्राम मालदाह बरबीघा के निवासी है। इन्होने दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक मालदाह से ऋण लिया गया था। अरियरी थाना द्वारा योगेंद्र यादव को गिरफ्तार किया गया जो कि तेलडीह के निवासी है।

# बजरंग दल के होली मिलन समारोह में जमकर उड़े गुलाल

## प्रभु श्री राम व भारत माता के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर की गई कार्यक्रम की शुरूआत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**जगदीशपुर/भोजपुर।** विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल द्वारा आयोजित भव्य होली मिलन समारोह में नगर के वीर कुंवर सिंह किला प्रांगण के साकेत कला कुंज रामलीला मंच पर लोगों ने जमकर रंगों का आनंद लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ नपं चेयरमैन संतोष कुमार यादव ने प्रभु श्री राम व भारत माता के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर लोक गीत व भोजपुरी गायक गौतम राजा, भरत शर्मा, पीताम्बर जी आदि ने पारंपरिक होली गीत गाकर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं पारंपरिक गायन में ढोल, मंजीरा, नगाड़े की ताल सुनकर युवा उत्साह में नृत्य करते हुए जमकर अबीर गुलाल उड़ाते दिखे। आयोजनकर्ताओं ने नपं चेयरमैन सहित अन्य अतिथियों को प्रभु श्री राम के नाम का गमछा देकर व अबीर गुलाल लगा सम्मानित किया। नपं चेयरमैन ने सभी से रंगों का पर्व होली को आपसी प्रेम व सद्भावना के साथ मनाने का अनुरोध करते हुए नगरवासियों को होली की मुबारकबाद दी। इस दौरान विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल द्वारा आयोजित भव्य होली मिलन समारोह में कई गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। इनमें प्रांत सत्संग प्रमुख रमेश मिश्र, उपेन्द्र बजरंगी, मनी सिंह, प्रांत गौरक्षा प्रमुख पंचम कुमार, जिला विधार्थी प्रमुख सोनु सम्राट, अचर्क संपर्क प्रमुख उपेन्द्र तिवारी, बजरंग दल विभाग संयोजक मोनू निराला, संयोजक रवि गुप्ता, रामनवमी समिति अध्यक्ष गणेश सोनी, पूर्व अध्यक्ष आकाश कुमार, संजय भारती, मोहित राज, राजू सोनी, राकेश यादव, संध्या सिंह, राजू गुप्ता, वार्ड पार्षद अनवारुल हक, सुनील कुमार पांडा, गोविंदा कुमार और समाजसेवी मुकेश उर्फ बूढ़ा सिंह, अमन गुप्ता, कुंदन सोनी आदि भी मौजूद थे।

# सभी धर्मों का सम्मान कांग्रेस का है आह्वान : डा. मनोज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बक्सर।** जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय परिसर मे जिलाध्यक्ष डॉ मनोज पांडे के नेतृत्व मे होली मिलन समारोह हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ मनोज कुमार पांडे ने आगत अतिथियों का स्वागत पगड़ी बांधकर एवं मिष्ठान्न खिलाकर किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष मनोज पांडे ने पूरे जिले से आए कार्यकर्ताओं को शांतिपूर्ण ढंग से उत्साहपूर्वक सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली मनाने का संकल्प दिलवाया। सभी कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि वे होली, ईद, रमजान, चैत रामनवमी आदि सभी धर्मों के पर्वों का सम्मान करते हुए शांतिपूर्ण ढंग से मनायेंगें। डॉ पांडे ने प्रेस को बताया कि कांग्रेस कार्यालय पर विगत कई दशकों के बाद अंतिम पायदान में रहने वाली माताएं अति पिछड़ा वर्ग एवम मुसलमान भाइयों व बहनों ने अति उत्साह के साथ होली मिलन समारोह मे हिस्सा लिया एवम होली की अग्रिम शुभकामनाएं दी। इससे प्रतीत होता है की कांग्रेस ही ऐसी पार्टी है जो सद्भावना व प्रेम के धागों से बांधकर सभी संप्रदायों व धर्मों का सम्मान करते हुए लोगों से एक साथ रहने एवम उत्साह पूर्वक अपने अपने पर्वों को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने का आह्वान करती है।

उक्त होली मिलन समारोह में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य डॉ प्रमोद कुमार ओझा, रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव श्रवण तिवारी, सत्येंद्र ओझा, कामेश्वर पांडे, राजा रमन पांडे, पंकज उपाध्याय, वीरेंद्र राम, लक्ष्मण उपाध्याय, जय राम राम, त्रिलोकी नाथ मिश्रा, रोहित उपाध्याय, उपेंद्र ओझा, विकास कुमार ओझा, अभिषेक कुमार, संजय कुमार पांडे, कमल पाठक, नीलू मिश्रा, गुप्तेश्वर चौबे, अजय यादव, बबन तुरहा, दीपक कुमार, निर्मला देवी, कुमकुम देवी, रूनी देवी, सरस्वती देवी, रजिया खातून, शाहिद सहित हजारों की संख्या मे लोगों ने होली मिलन समारोह में शिरकत कर आपसी सौहार्द के साथ होली मनाने का संकल्प लिया।

# मतदता सूची को लेकर चर्चा

**जगदीशपुर/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अनुमंडल कार्यालय, जगदीशपुर में 197 जगदीशपुर और 198 शाहपुर विधानसभा क्षेत्रों के राजनैतिक दलों के अध्यक्ष/सचिव के साथ बैठक हुई। जगदीशपुर के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-अनुमंडल पदाधिकारी संजीत कुमार और शाहपुर के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-भूमि सुधार उप समाहर्ता अमरेन्द्र कुमार ने बैठक में जगदीशपुर और शाहपुर विधानसभा क्षेत्रों के राजनीतिक दलों के नेताओं ने अपने अपने इलाके के बूथ, सड़क सहित मूलभूत सुविधाओं से सबंधित समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा। इसके अलावा, नाम जोड़ने, हटाने सहित मतदाता सूची से सबंधित विस्तार से चर्चा की गई।

# उत्पाद विभाग ने 12 लाख की देसी-विदेशी शराब संग हाइवा ट्रक पकड़ा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** उत्पाद विभाग ने जिले के विभिन्न जगहों पर छापेमारी कर 876.690 लीटर विदेशी व 210 लीटर देशी शराब बरामद किया है। शराब की कीमत 12 लाख के आसपास बताई जा रही है। शराब ढ़ोने के प्रयोग में लाई गई तीन वाहनों जिसमें दस चक्का हाइवा ट्रक, स्कूटी व बाइक के साथ 6 शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर आरा नगर थाना क्षेत्र के आनंद नगर निवासी योगेंद्र कुमार स्कूटी पर लदे 150 लीटर देशी शराब संग पकड़ा गया। वही जगदीशपुर थाना क्षेत्र के कौरा मीडिल स्कूल के समीप से बाइक पर लदा 60 लीटर देशी शराब के साथ धनराज कुमार व अमरदयाल कुमार गिरफ्तार हुए। आरा सासाराम मुख्यमार्ग स्थित हसन बाजार के सरस्वती राइस मिल के समीप शराब संग निरंजन यादव, अरविंद यादव व हरिनारायण यादव एक साथ पकड़ाये। इधर, बक्सर पटना फोरलेन पर रतनपुर ओवरब्रीज के समीप वाहन गस्ती टीम को 10 चक्का एक हाइवा ट्रक संदिग्ध अवस्था में खड़ा देखा गया। गश्ती दल के पहुचते ही वाहन के चालक पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। टीम ने शक के आधार पर जब वाहन का तलाशी लेना शुरु किया। पुलिस के होश उड़ गये। ट्रक पर 8 पीएम स्पेशल ग्रेन ब्लेंडेड स्कॉच ह्विस्की 180 एमएल के 3638 पीस, आफ्टर डार्क ब्लू 960 पीस, रॉयल स्टेज 375 एमएल के 120 बोतल विदेश शराब बरामद हुआ। छापेमारी अभियान होली पर्व को देखते हुए डीएम तनय सुल्तानिया के आदेश पर उत्पाद विभाग द्वारा जिले में अवैध शराब के विरूद्ध चलाया जा रहा है। जहां विभाग को लगातार सफलता मिल रही है।

# अब राशन कार्डधारी की दो किलो गेहूं व तीन किलो चावल मिलेगा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेखपुरा।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत आच्छादित पात्र लाभुकों को माह दिसंबर 2024 से खाद्यान्न का वितरण किये जा रहे अनुपात 1:4 में परिवर्तित करते हुए 2:3 किया गया है। इस अधिनियम के अधीन अंत्योदय अन्न योजना से अच्छादित पात्र लाभुकों को प्रति परिवार दिया जाने वाला 35 किलोग्राम खाद्यान्न जो पूर्व के अनुपात के हिसाब से 07 किलोग्राम गेहूं एवं 28 किलोग्राम चावल तथा पूर्विकता प्राप्त गृहस्थी से आच्छादित लाभुकों के 01 किलोग्राम गेहूँ एवं 4 किलोग्राम चावल के रुप में वितरण किया जा रहा है। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग, भारत सरकार खाद्यान्न के मदवार मात्रा में परिवर्तन किये जाने के पश्चात राज्य सरकार ने सम्यक विचारोपरांत निर्णय लेते हुए राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा के अंतर्गत आच्छादित पात्र लाभुकों माह दिसम्बर 2024 के वितरण चक्र से खाद्यान्न का वितरण 1:4 के स्थान पर 2:3 के अनुपात में अर्थात अन्त्योदय अन्न योजना को दिया जाने वाले 35 किलोग्राम खाद्यान्न के अनुपात को परिवर्तित करते हुए 14 किलोग्राम गेहूं एवं 21 किलोग्राम चावल तथा पूर्विकता प्राप्त गृहस्थी से आच्छादित लाभुकों को 02 किलोग्राम गेहूं एवं 03 किलोग्राम चावल का वितरण किया जाएगा। जिला पदाधिकारी द्वारा इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी संबंधित पदाधिकारी को उक्त आदेश का अनुपालन कराने हेतु निदेश दिया गया है।

# डीएम ने छात्रावास का निरीक्षण कर सुधार के दिये निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेखपुरा।** बुधवार को जिला पदाधिकारी आरिफ अहसन द्वारा पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में सभी छात्रों से उनके पढ़ाई से संबंधित शैक्षणिक सत्र, कॉलेज आदि की जानकारी ली गयी। जिला पदाधिकारी द्वारा कर्पूरी छात्रावास के छात्रावास अधीक्षक को



छात्रावास में सुधार हेतु सभी छात्रो को छात्रावास आईडी कार्ड बनवाना सुनिश्चित करने, सभी छात्रो के पास शैक्षणिक सत्र का स्कूल व कॉलेज आईडी कार्ड बनवाने, सभी कमरों पर कमरा संख्या अंकित कराने, एक कक्षा के छात्रो को एक ही कमरा में आवासन, उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि सभी छात्रों का कक्षावार अलग-अलग उपस्थिति पंजी बनाने, छात्रों का मुख्य नामांकन रजिस्टर हर वर्ष अपडेट एवं नया बनाने, जिला पदाधिकारी द्वारा छात्रावास में साफ-सफाई नियमित रूप से कराने हेतु निदेशित, छात्रावास में नोटिस बोर्ड लगाने, पुराने छात्र जिनका कोर्स पूरा हो गया हैं, उन सभी का नाम काटते हुए नये छात्र का नामांकन कराने एवं छात्रावास अधीक्षक को उपर्युक्त जो भी त्रुटि पायी गयी है उसे 15 दिनों के अन्दर दूर करते हुए अवगत कराने निर्देश दिया गया। वहीं, आंबेडकर बालिका विद्यालय में जांचोपरांत पश्चात विद्यालय के किचेन की जांच के क्रम में वहा साफ-सफाई और बढ़ाने एवं अलग से एक एग्जास्ट फैन लगाने, जिला पदाधिकारी के द्वारा छात्राओं के शैक्षणिक गतिविधियों के निरीक्षण के क्रम में प्रभारी प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों को निर्देशित किया गया है कि संध्याकाल में छात्राओं के स्वाध्याय के वक्त उपस्थित शिक्षकों का उपस्थिति पंजी संधारित कराने, छात्राओं के द्वारा यदि किसी कारण से विद्यालय परिसर के बाहर जाना पड़े तो उनका भी पंजी संधारित करने, विद्यालय के सीवेज सिस्टम में सुधार लाने, छात्राओं के द्वारा समय समय पर देने वाले परीक्षा का अभी से ही मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया गया है ताकि उस में सुधार लाया जा सके। साथ ही पढ़ाई के अलावा खेल एवं अन्य गतिविधियां के प्रति छात्राओं में रुचि बढ़ाने का निर्देश दिया गया।

# समाहारणालय सभागार में ऋण वितरण शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**आरा।** उद्योग विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजनान्तर्गत ऋण वितरण शिविर का आयोजन गुरुवार को हुआ। अध्यक्षता डीएम तनय सुल्तानिया ने की। इस दौरान बैंकवार समीक्षा की गई। पीएमएफएमई योजना के तहत वितीय वर्ष-2024-25 के लिए आवंटित भौतिक लक्ष्य-340 के विरूद्ध बैंको द्वारा अबतक मात्र 209 आवेदकों को ऋण स्वीकृत किया गया एवं स्वीकृत आवेदनो में से मात्र 87 आवेदको को ऋण वितरित किया गया। आईसीआईसीआई बैंक, बंधन बैंक, इण्डसईन्ड बैंक, ऐक्सिस बैंक की प्रगति शून्य है। साथ ही बैंक ऑफ बडौदा, केनरा बैंक, यूको बैंक, यूनियन बैंक, इण्डियन ओवरसीज बैंक, एचडीएफसी बैंक, इण्डियन बैंक, एवं पंजाब एण्ड सिंध बैंक, की प्रगति अत्यन्त असंतोषजनक बताया गया है। पीएमईजीपी योजना के तहत वितीय वर्ष-2024-25 के लिए आवंटित भौतिक लक्ष्य-213 के विरूद्ध बैंको द्वारा अबतक 202 आवेदको को ऋण स्वीकृत किया गया। डीएम ने सभी बैंको को 24 मार्च 2025 को आयोजित मेगा कैम्प के पूर्व पीएमएफएमई योजना के तहत शत-प्रतिशत ऋण स्वीकृति एवं 31 मार्च 2025 तक ऋण भुगतान सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। पीएमएफएमई योजना के तहत भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ बडौदा, दक्षिण बिहार ग्रामिण बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया, इंडियन बैंक, सेन्ट्रल बैंक, कैनरा बैंक, द्वारा कुल 12 लाभुकों को 57.50 लाख का ऋण स्वीकृत एवं 07 लाभुको के बीच 63.55 लाख का ऋण वितरीत किया गया। पीएमईजीपी योजना के तहत दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, बैंक ऑफ इण्डिया, इण्डियन बैंक द्वारा कुल 14 लाभुकों को 50.50 लाख का ऋण स्वीकृत एवं 01 लाभुक को 4.75 लाख का ऋण वितरीत किया गया। शिविर में जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, अध्यक्ष दक्षिण बिहार ग्रामिण बैंक, उद्योग विस्तार पदाधिकारी, जिला उद्योग केन्द्र, भोजपुर, डीडीएम नावार्ड, वरीय प्रबन्धक, आरएसीसी भारतीय स्टेट बैंक, वरीय प्रबन्धक मंडल कार्यालय, पंजाब नेशनल बैंक, सभी बैंको के पदाधिकारी/जिला समन्वयक, सभी जिला संसाधन सेवी एवं लाभुक मौजूद थे।

# शॉट सर्किट से दो दुकानों में लगी आग

**बड़हरा/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सरैया बाजार में दो दुकानों में आग लगने से 7 लाख की संपत्ति जलकर राख हो गई। अगलगी मंगलवार रात करीब 9 बजे के आसपास की है। दुकानदार अपनी दुकान बंद कर दिया था। बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। जिसमें शाहजहांपुर महुली घाट निवासी भुवनेश्वर प्रसाद के इलेक्ट्रिक दुकान में 5 लाख और कामाख्या प्रसाद के दुकान में 2 लाख की संपति में आग लग गई। दुकान में रखें सारा सामान जलकर राख हो गया है। इस आग लगी में इलेक्ट्रिक दुकान और जेनरल दुकान की भारी संपत्ति का क्षति बताया जा रहा है। इस संबंध में पीड़ित भुनेश्वर प्रसाद और कामाख्या प्रसाद ने कृष्णगढ़ थाना में अलग-अलग आवेदन दिया है।

# शांति समिति की बैठक में समस्याओं पर हुई चर्चा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा।** होली पर्व पर विधि व्यवस्था एवं शांति बनाए रखने के लिए डीएम तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वप्रथम सभी अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी से उनके क्षेत्र में आयोजित शांति समिति की बैठकों की स्थिति एवं विधि व्यवस्था संधारण के लिए की गई तैयारियों की जानकारी ली। इसके बाद शांति समिति सदस्यों से उनके क्षेत्रों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई। उनके द्वारा दिए गए सुझावों को सुना गया। प्रमुख रूप से विद्युत व्यवस्था, सड़क, साफ-सफाई, अग्निशमन वाहन, चिकित्सा दल एवं एंबुलेंस जैसी आवश्यक सेवाओं से संबंधित समस्याएं सामने आईं। जिलाधिकारी ने सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों को शांति समिति द्वारा उठाई गई समस्याओं का समय पर समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस बैठक में नगर आयुक्त भोजपुर, सिविल सर्जन, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, शांति समिति के सदस्य एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## गीधा व कोइलवर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

**कोइलवर/भोजपुर।** बुधवार को कोईलवर प्रखंड क्षेत्र के गीधा व कोईलवर थाने में होली पर्व को लेकर दोनों थाने के थानाध्यक्ष के अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में जनप्रतिनिधि, प्रबुद्धजन, सामाजिक कार्यकर्ता सहित प्रखंड लेवल के सभी पत्रकारों को भी आमंत्रित किया गया। जिनके साथ पर्व में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए राय शुमारी की गई। गीधा थानाध्यक्ष उमूस सलमा ने बताया कि होली में किसी भी तरह का हुड़दंग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं, होलिका दहन चिन्हित स्थलों पर ही किया जाएगा। इस दौरान शरारती तत्वों पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी। आम लोगों से पर्व में अफवाहों से दूर रहने की नसीहत दी गई।

## एक नजर

### अधजला शव मिलने से मचा हड़कंप

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के विसुनगंज थाना क्षेत्र के लोहगढ़ और शिवनगर गांव के बीच बधार में एक अज्ञात युवती का अर्धजला शव बरामद हुआ है। इस आशय की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष फूलचंद कुमार यादव ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा सूचना दी गई थी की लोहगढ़ और शिवनगर गांव के बीच बधार में एक युवती का अर्धजला शव पड़ा हुआ है। सूचना पाकर पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए उसे जहानाबाद पोस्टमार्टम हाउस में भेज दी है। थानाध्यक्ष ने बताया कि युवती का शव देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि किसी ने उसके शव को वहां रखकर जलाने का प्रयास किया होगा। उन्होंने यह भी बताया कि अभी तक युवती की पहचान नहीं हो पाई है।

### शराब कारोबारी गिरफ्तार

**मोतिहारी।** उत्पाद थाना सदर का वर्षो से फरार शराब कारोबारी को उत्पाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार कारोबारी बंजरिया थाना क्षेत्र के झखिया वार्ड नं0-11 निवासी रमोद कुमार उर्फ रमोद सहनी बताया गया है। उक्त जानकारी सहायक आयुक्त मद्यनिषेध नीरज कुमार ने दी है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार फरार कारोबारी पूर्व में तीन उत्पाद कांडों में फरार था। इसके अलावा बंजरिया थाना के भी करीब आधा दर्जन कांडों में वांछित है। उक्त कारोबारी के गिरफ्तारी के लिए उत्पाद पुलिस व बंजरिया थाना पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी, किन्तु चकमा देकर भागने में सफल हो जाता था। अंत में उत्पाद पुलिस ने उसे दबोचने में सफल रही। उत्पाद पुलिस उक्त कारोबारी से गहन पूछताछ कर उसके विरुध सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया है।

### आपसी सौहार्द व शांति पूर्ण माहौल में मनाएं होली

**मोतिहारी।** होली के दौरान डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा और इसका अनुपालन नही करने वाले के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी। उक्त फरमान एसपी स्वर्ण प्रभात ने आदेश जारी किया है और उन्होंने सभी थानों को निर्देशित किया है कि अपने-अपने थाना क्षेत्रों में माइनिंग कराकर लोगों को जागरूक करने की जरूरत है ताकि आमजन इसका सही पालन कर सकें। बावजूद इसके अगर कोई डीजे का उपयोग करते हैं तो उनके विरुद्ध सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर अविलंब गिरफ्तार कर सलाखों के अन्दर डालें। एसपी ने कहा कि होली आपसी सद्भाव व अनेकता में एकता का प्रतीक है। इसे शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न करना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने सभी थानों को यह भी निर्देशित किया है कि हुडदंगियों, शराबियों व त्योहार में खनन डालने एवं आपसी सद्भाव बिगाड ने वालों से सख्ती से निपटें और अविलंब गिरफ्तार कर जेल भेजे। इतना ही नही किसी के इच्छा के विरुद्ध रंग एवं गुलाल जबरन डालने वालों के विरुद्ध भी कार्रवाई सुनिश्चित करें।इस बावत छतौनी इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष धनंजय कुमार के नेतृत्व में थाना क्षेत्र में माइनिंग करा लोगों को जागरूक किया जा रहा है और शांति पूर्ण माहौल में त्योहार मनाने की अपील की जा रही है।एसपी के निर्देश पर हुडदंगियों, शराबियों एवं माहौल भंग करने वालों में दहशत का माहौल है।

### नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी, तीन गिरफ्तार

**पताही (पूर्वी चम्पारण)।** थाना क्षेत्र में नौकरी दिलाने के नाम पर दो युवकों से लाखों रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस फर्जीवाड़े में शामिल तीन लोगों को गिरफ्तार किया है, जो मुजफ्फरपुर जिले के साहेबगंज थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। पीड़ितों में परसौनी कपूर गांव के निवासी नीतीश कुमार और नरकटिया गांव के निवासी राजन कुमार शामिल हैं। इन दोनों से आरोपियों ने 5.65 लाख रुपये ठग लिए। पुलिस की जांच के बाद इस रैकेट से जुड़े तीन युवकों–संतोष कुमार, करण कुमार और आदित्य राज गुप्ता–को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार ठगों ने खुलासा किया कि वे लंबे समय से नौकरी दिलाने और फर्जी सर्टिफिकेट बनवाने के नाम पर लोगों से पैसे ऐंठ रहे थे। उनके मुताबिक, अब तक उन्होंने 65-70 लोगों को फर्जी विश्वविद्यालय और कॉलेज के सर्टिफिकेट देकर ठगा है। वहीं, 25-30 लोगों से सरकारी और निजी नौकरी में सेटिंग कराने के नाम पर लाखों रुपये वसूले हैं। पुलिस का कहना है कि आरोपियों के पास से कई फर्जी प्रमाणपत्र, नकली दस्तावेज और लेन-देन से जुड़े रिकॉर्ड बरामद किए गए हैं। पुलिस अब इनके पूरे गिरोह का पर्दाफाश करने और बाकी सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए जांच में जुटी है।

### गन्ना उत्पादकों किसानों के साथ समीक्षा बैठक

**मोतिहारी।** गन्ना उद्योग विभाग, बिहार सरकार के प्रधान सचिव बी कार्तिकेय धन, सहायक निदेशक मोतिहारी वेदव्रत कुमार, संयुक्त ईखायुक्त जय प्रकाश नारायण सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों ने एचबीएल इकाई सुगौली का दौरा किया। अधिकारियो ने बिहार सरकार द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री गन्ना विकास योजना, गन्ना यंत्रीकरण योजना की समीक्षा की एवं गन्ना उत्पादक किसानों के साथ समीक्षा बैठक की। गन्ना यंत्रीकरण योजना में किसानों के बीच गन्ना की खेती में उपयोगी कृषि यंत्रों का वितरण किया गया। किसानों की राय ली गई कि आगामी वर्ष में योजना में क्या क्या सुधार करने की आवश्यकता है तथा किन किन यंत्रों का समावेश किया जाए। पहली बार आनलाइन प्रक्रिया द्वारा योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है जिसमें थोड़ी परेशानी के बावजूद कार्य समय पर पूर्ण कर लिया जाएगा।

# होली को लेकर डीएम व एसपी ने की विधि व्यवस्था की समीक्षा बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** आगामी होली पर्व के मद्देनजर जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा और पुलिस अधीक्षक अशोक मिश्रा ने मंगलवार को समाहरणालय सभागार में विधि व्यवस्था की समीक्षा बैठक की। बैठक में विभिन्न प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को कानून-व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी और थाना प्रभारियों को संवेदनशील स्थलों की पहचान कर आवश्यकतानुसार बैरिकेडिंग करने, डीजे बजाने पर प्रतिबंध लगाने और निरोधात्मक




कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही, सभी अधिकारियों को लगातार क्षेत्र में गश्त करने का निर्देश दिया गया। पुलिसकर्मियों की छुट्टियां 19 मार्च तक रद्द कर दी गई हैं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि 13 मार्च से 15 मार्च तक संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाए और किसी भी घटना की जानकारी तुरंत उच्च अधिकारियों को दी जाए। साथ ही, बाउंड डाउन और चिन्हित व्यक्तियों पर सीसीए के तहत कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया गया। होली के दौरान मस्जिदों, कब्रिस्तानों और अन्य संवेदनशील स्थलों के आसपास सुरक्षा के लिए बैरिकेडिंग और दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अपर समाहर्ता, नगर आयुक्त, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी और अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे, जबकि क्षेत्रीय पदाधिकारी अपने-अपने अनुमंडलों और अंचलों से वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से जुड़े।

# सड़क हादसे में मृतक के परिजनों की मदद को आगे आए राजू सहनी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** जिले के उजियारपुर प्रखंड स्थित भगवानपुर कमला गांव के समाजसेवी राजू सहनी ने सरायरंजन थाना क्षेत्र के भागवतपुर छज्जा चौक पर हुए सड़क हादसे में मृत युवक के परिजनों की सहायता की। उनकी टीम ने मृतक के घर जाकर आवश्यक खाद्य सामग्री और आर्थिक सहयोग प्रदान किया। मृतक के भाई के अनुसार, 10 मार्च की देर शाम कैलाश सहनी और उनके बहनोई अजय सहनी किसी रिश्तेदार के घर से लौट रहे थे, तभी छज्जा चौक के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आकर कैलाश सहनी की मौत हो गई, जबकि अजय सहनी घायल हो गए। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण अजय सहनी का इलाज स्थानीय अस्पताल में कराया जा रहा है। इस घटना की जानकारी मिलते ही समाजसेवी राजू सहनी ने अपनी टीम के सदस्यों को भेजकर पीड़ित परिवार को करीब 25-30 हजार रुपये मूल्य की खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई, जिसमें चावल, आटा, दाल, आलू, प्याज, तेल, साबुन, मसाले और अन्य आवश्यक सामान शामिल थे। इसके अलावा, घायल के इलाज में भी सहयोग किया गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, मृतक कैलाश सहनी की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर थी और वे पिछले एक साल से अपने चचेरे भाई के घर रह रहे थे। समाजसेवी राजू सहनी ने कहा कि जरूरतमंदों को त्योहार की खुशियों से वंचित नहीं रहने देना चाहिए और यही हमारी होली का असली उद्देश्य होना चाहिए।

# राजकीय बाबा केवल धाम एवं बाबा अमर सिंह मेला की तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** आगामी राजकीय बाबा केवल धाम एवं बाबा अमर सिंह मेला की तैयारी को लेकर जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा ने समाहरणालय सभागार में बुधवार को समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर सर्वप्रथम श्री कुशवाहा ने अपर समाहर्ता समस्तीपुर को पूर्व के मेला की तैयारी के विषय में संक्षिप्त जानकारी प्रस्तुत करने हेतु निर्देश दिया गया। इसके पश्चात मेला की तैयारी हेतु कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन समस्तीपुर, कार्यपालक अभियंता लोक स्वास्थ्य




अभियंत्रण संगठन समस्तीपुर को पूर्व की वर्षो की भांति आवश्यक तैयारी की रूपरेखा तैयार कर तीन दिनों के भीतर समर्पित का निर्देश दिया गया। इसके अलावा उपस्थित अनुमंडल पदाधिकारी समस्तीपुर सदर एवं अनुमंडल पदाधिकारी पटोरी एवं अन्य सभी पदाधिकारी को अगले बुधवार को मेल स्थल पर की जा रही तैयारी की समीक्षा करने हेतु निर्देश दिया गया। बैठक में अपर समाहर्ता समस्तीपुर, नगर आयुक्त समस्तीपुर, अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन समस्तीपुर, अनुमंडल पदाधिकारी पटोरी एवं समस्तीपुर सदर , सहित सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# बैर भुलाकर सबको गले लगाने का पर्व है होली : डॉ घनश्याम राय

**यूआर कॉलेज कर्मियों ने होली मिलन में गुलाल लगा कर एक दूसरे को दी होली की बधाई**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** जिले के रोसड़ा स्थित यू आर कॉलेज परिसर में मंगलवार को चहुंओर एक अलग ही समां था। हर तरफ खासी चहल-पहल और उत्साह व उमंग का आलम था। अवसर था प्राचार्य डॉ घनश्याम राय के नेतृत्व में आयोजित होली मिलन महोत्सव का। इस अवसर पर डॉ राय अध्यक्षता में सभी होली की उमंग में सराबोर दिखे। सभी ने इस दौरान एक दूसरे को गुलाल लगा कर स्वस्थ जीवन की शुभकामना और होली की



बधाई दी। इस अवसर पर डॉ राय ने कहा कि काम को लेकर जद्दोजहद और भाग दौर के तनाव भरे जीवन में समय-समय पर इस तरह के आयोजन जीवन में नयी ताजगी, उर्ज़ा और उमंग का संचार कर देते हैं। जो कभी एक दूसरे से नहीं मिल पाते उनसे मिलने का बहाना भी हैं ये पर्व-त्योहार। जिससे रिश्तों में भी नयी ताजगी आ जाती है। पर्व त्योहारों की श्रृंखला में होली सबसे अलग और खास है। विविध रंगों और जायकेदार लजीज और व्यंजनों केलिए प्रसिद्ध होली परस्पर गिले-शिकवे, वैर, द्वेष, ईर्ष्या आदि को भुलाकर एक दुसरे को गले लगाने का पर्व है होली। मौके पर प्राध्यापक सहित सभी कॉलेज कर्मी मौजूद थे।

# जीवन में एकरसता से निजात दिलाते हैं पर्व त्योहार : चंदन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**ओईनी।** जिले के पूसा प्रखण्ड स्थित ओइनी के ज्ञानदा सेंट्रल स्कूल में बुधवार को हर्ष, उल्लास व उमंग का माहौल था। विद्यालय का कोना-कोना बच्चों के हुडदंग और हर्षकिलोल से गुंजायमान था। चहुंओर एक अलग ही समां था। अवसर था होली को लेकर बच्चों के होली मिलन का। जी हां! ज्ञानदा सेट्रल के निदेशक चंदन कुमार के नेतृत्व में होली अवकाश के अवसर पर होली मिलन महोत्सव का आयोजन किया गया था। जिसमें क्या शिक्षक, क्या बच्चे, क्या अन्य कर्मी सभी होली की उमंग और रंग गुलाल में सराबोर दिखे। इस दौरान बच्चों का उत्साह और हर्ष किलोल माहौल को उत्सवी रंग दे रहा था। इस दौरान शिक्षकों ने एक दूसरे को गुलाल लगा कर परस्पर स्वस्थ जीवन की शुभकामना और होली की बधाई दी। बच्चों ने भी एक दूसरे को गुलाल लगा कर खुशी व्यक्त



की। इस अवसर पर निदेशक श्री चंदन ने कहा कि एक नियत दिनचर्या, काम को लेकर जद्दोजहद और भाग दौर के तनाव भरे जीवन में एक रसता आ जाने से जीवन बोझिल होने लगता है। इसलिए समय-समय पर पर्व त्योहार की व्यवस्था की गई है। जो जीवन में नयी ताजगी, उर्ज़ा और उमंग का संचार कर देते हैं। जो कभी एक दूसरे से नहीं मिल पाते उनसे मिलने का बहाना भी हैं ये पर्व त्योहार। जिससे रिश्तों में भी नयी ताजगी आ जाती है। पर्व त्योहारों की श्रृंखला में होली सबसे अलग और खास है। विविध रंगों और जायकेदार लजीज और व्यंजनों केलिए प्रसिद्ध होली परस्पर गिले-शिकवे, वैर, द्वेष, ईर्ष्या आदि को भुलाकर एक दुसरे को गले लगाने का पर्व है होली। मौके पर रवीन्द्र कुमार शर्मा, रजनीश कुमार, अदिती कुमारी, सिन्धु कुमारी, रिया कुमारी, अल्का कुमारी सभी कॉलेज कर्मी मौजूद थे।

# गरीबों के हित में हमेशा संघर्षरत रहे कामरेड अरविंद कुमार : सत्येंद्र मिश्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी के पूर्व जिला मंत्री एवं गोविंदापुर पंचायत के पूर्व मुखिया कामरेड अरविंद कुमार गरीबों के हक हकूक के लिए हमेशा संघर्ष करते थे जिनका याद गरीबों के बीच में अनवरत जिंदा रहेगा। उक्त बातें भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के तत्वाधान में आयोजित कामरेड अरविंद कुमार के तीसरी पुण्यतिथि के अवसर पर कामरेड असगर अली के अध्यक्षता में आयोजित श्रद्धांजलि सह सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए पार्टी के जिला मंत्री कामरेड सत्येंद्र कुमार मिश्रा ने कही। श्री मिश्रा ने उनके सम्मान में संगठन को धारदार बनाते हुए जुल्म एवं शोषण तथा भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्ष को आगे बढ़ने का आह्वान उपस्थित कार्यकर्ताओं से किया।

# पीएमईजीपी एवं पीएमएफएमई योजना का शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा करें बैंक : वरीय उप समाहर्ता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय के निर्देश पर प्रभारी पदाधिकारी, बैंकिंग शाखा सह वरीय उप समाहर्ता नेहा कुमारी की अध्यक्षता में उद्योग विभाग की योजनाओं की समीक्षा एवं मेगा ऋण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। बैठक में बैंक पदाधिकारियों के साथ एसडीसी बैंकिंग एवं परियोजना प्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र के द्वारा पीएमईजीपी यानी प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना का वर्ष 2024-25 का लक्ष्य एवं बैंकों की उपलब्धि को पटल पर दर्शाते हुए बैंकवार समीक्षा किया गया। बुधवार को आयोजित ऋण वितरण शिविर में विभिन्न बैंकों द्वारा पीएमएफएमई योजनान्तर्गत 03 लाभुकों के बीच कुल 11.58 लाख का ऋण स्वीकृति एवं वितरण किया गया। पीएमईजीपी लक्ष्य 90 के



विरूद्ध 90 स्वीकृति एवं 36 भुगतान 12 मार्च तक बैंकों द्वारा किया गया। पीएमएफएमई योजना अंतर्गत लक्ष्य 140 के विरूद्ध 98 स्वीकृति तथा 66 भुगतान 12 मार्च तक सभी बैंकों द्वारा किया गया। एसडीसी बैंकिंग द्वारा समीक्षोपरांत उपस्थित बैंक पदाधिकारियों से 24 मार्च 2025 से पूर्व पीएमएफएमई योजना, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना एवं पीएमईजीपी यानी प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम का शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा करने का निर्देश दिया गया।



# टेक्नो के नए स्मार्टफोन्स अब फ्लिपकार्ट पर आकर्षक ऑफर्स के साथ उपलब्ध

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** बेहतरीन सिग्नल कनेक्टिविटी, एडवांस टेक्नोलॉजी और शानदार डिज़ाइन के लिए मशहूर एआई-ड्रिवन टेक ब्रांड, टेक्नो ने आज फ्लिपकार्ट पर अपने स्मार्टफोन्स की नई रेंज लॉन्च कर दी है। इस शानदार लाइनअप में टेक्नो स्पार्क 30सी 5जी, दमदार पोवा 6 नियो 5जी, फ्लैगशिप कैमन 30 5जी और वर्सेटाइल टेक्नो स्पार्क गो 1 शामिल हैं, जिन्हें मोबाइल अनुभव को नए स्तर पर ले जाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। फ्लिपकार्ट पर टेक्नो के ये स्मार्टफोन्स बेजोड़ कीमतों पर मिलेंगे। इसके माध्यम से ब्रांड दमदार परफॉर्मेंस, एडवांस एआई-कैमरा टेक्नोलॉजी और लॉन्ग-लास्टिंग बैटरी का परफ़ेक्ट कॉम्बिनेशन सीधे ग्राहकों तक पहुँचा रहा है। टेक्नो का विस्तार आधुनिक, टेक-सेवी ग्राहकों को बेहतरीन मोबाइल टेक्नोलॉजी से जोड़ने, बेहतर कनेक्टिविटी व क्रिएटिविटी बनाने और एक्सप्लोर करने की आजादी देता है। एआई फोकस्ड ऑपरेटिंग सिस्टम, लेटेस्ट 5जी टेक्नोलॉजी या मजबूत हार्डवेयर, टेक्नो के इस शुरुआती फ्लिपकार्ट कलेक्शन में हर जरूरत और ख्वाहिश के लिए एक परफ़ेक्ट स्मार्टफोन मौजूद है। इसके अलावा, ग्राहक इन स्मार्टफोन्स पर एक्सक्लूसिव लॉन्च ऑफर्स, बेहतरीन डील्स और गारंटीड डिलीवरी का भी लाभ उठा सकते हैं।



# चंपारण सत्याग्रह महोत्सव का बजट बढ़ा, 15 लाख करने की मंत्री ने की घोषणा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)।** कोटवा के जसौली पट्टी में आयोजित होने वाला चंपारण सत्याग्रह महोत्सव को अगले बार से आयोजित होने वाले कार्यक्रम की राशि को 15 लाख रुपए की घोषणा कला संस्कृति युवा विभाग के मंत्री मोतीलाल प्रसाद ने चंपारण सत्याग्रह महोत्सव के तीसरे दिन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि उक्त कार्यक्रम के लिए सात लाख रुपए की राशि स्वीकृत था। जो उक्त कार्यक्रम के लिए छोटा था। उन्होंने कहा कि इसी गांव के किसानों ने 1917 के महात्मा गांधी को चंपारण एवं जसौली पट्टी आने के लिए मजबूर कर दिया। यहां के किसानों ने नीलहो के खिलाफ आवाज उठाई और अंग्रेजों के तीन कठिया प्रथा का विरोध शुरू कर दिया। महात्मा गांधी को चंपारण आने के लिए मजबूर कर दिया।1917 में गांधी जी चंपारण आए और अपनी पहली यात्रा जसौली पट्टी के लिए की जहां किसानों की समस्याओं से अवगत होने का कार्यक्रम था। गांधी जी जसौली पट्टी के लिए निकले थे कि चंद्रहिया में अंग्रेजों ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। सबसे रोचक बात यह रही कि जिस गांधी जी की याद में चंपारण सत्याग्रह महोत्सव मनाया गया। उसे जिला प्रशासन उसी गांव में बगल में लगे महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करना भूल गई। वही तीन दिवसीय कार्यक्रम में उद्घाटन से लेकर समापन तक स्थानीय सांसद जिले के कई विधायक भी शामिल हुए। लेकिन निर्धारित कार्यक्रम को संबोधित करने के लिए निर्धारित समय दिए जाने के बाद भी जिलाधिकारी कार्यक्रम में नहीं पहुंचे। लोगो की शिकायत पर मंत्री कला संस्कृति मंत्री ने कहा कि गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण है परंतु इसके लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी आगे आना चाहिये। उन्होंने इसके लिए खेद व्यक्त करते हुए दुबारा ऐसी गलती नहीं हो इसका ख्याल रखा जाएगा। साथ ही कार्यक्रम में जिलाधिकारी के एक दिन भी शामिल नही होने पर मंत्री ने इसे गभीरता से लिया और कहा कि कला संस्कृति विभाग इसके लिए डीएम को नोटिस जारी करेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गन्ना मंत्री कृष्णनंदन पासवान ने कहा कि यह के किसान नेता बाबू लोमराज सिंह के नेतृत्व जो सत्याग्रह का बीज पनपा वह आगे चलकर देश को आजादी दिलाया। यहां की मिट्टी वंदनीय है।वह अपने विभाग से प्रयास करेंगे कि कोई भवन यहां बने।जिससे नई पीढ़ी अपनी पूर्वजों की त्याग एवं बलिदान से प्रेरणा लेती रहे। उन्होंने गन्ना किसानों के लिए किया जा रहे कार्यों को बताया। उससे पहले कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक सचिंद्र सिंह ने जसोली पट्टी के अंग्रेजों के खिलाफ किसान नेता बाबू लोमराज सिंह सहित अन्य किसानों की बलिदानों को बताते हुए उन्हें याद किया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम विगत 25 वर्षों से 14,15 और 16 अप्रैल में मनाया जाता रहा है। परंतु स्थानीय प्रशासन मनमाने तरीके से तिथि निर्धारित कर दिया।

# चलंत मरम्मती दल को हरी झंडी दिखा कर डीएम ने रवाना किया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** सभी पंचायतों में खराब चापाकलों की होगी मरम्मती ग्रामीण इलाकों में पेयजल संकट से निपटने की तैयारी, चलंत मरम्मती दल को हरी झंडी दिखा कर डीएम ने रवाना किया। जिले के ग्रामीण इलाकों मे गर्मी के कारण पेयजल संकट से निपटने के लिए लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, मोतिहारी एवं ढाका के सौजन्य से गठित चलंत मरम्मत दल को जिलाधिकारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर समाहरणालय से रवाना किया गया। इस अवसर पर अपर समाहर्ता मुकेश कुमार सिन्हा भी उपस्थित थे। चलंत मरम्मती दल जिले की सभी पंचायतों में जाकर खराब चापाकलों की मरम्मत करेगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, मोतिहारी एवं ढाका कार्यपालक अभियंता ने बताया कि फिलहाल गर्मी की आहट देख जिले में चलंत मरम्मति दल को चापाकलों की मरम्मती के लिए जिलाधिकारी द्वारा हरी झंडी दिखा कर रवाना कर दिया गया है, यह चलंत मरम्मती दल प्रखंड के जिन पंचायतों के गांवों में चापाकल खराब होंगे, उन चापाकलों की मरम्मति करेगा, साथ ही अगर अन्य चापाकलों के खराब होने की सूचना प्राप्त होती है तो वहां भी पहुंच कर खराब चापाकलों को ठीक करेगा, चलंत मरम्मति दल में एक मिस्त्री सहित दो सहायकों को रखा गया है।

# 13 मार्च की रात्रि 10:44 बाद होलिका दहन व 15 को होली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के प्रख्यात ज्योतिषाचार्य आचार्य नारायण जी बताते हैं कि होली को लेकर लोगों में संशय की स्थिति बनी हुई है। हिंदू पंचांग के अनुसार होली का त्योहार पूर्णिमा के अगले दिन यानि चैत्र कृष्ण प्रतिपदा तिथि को मनाने का प्रचलन है, जबकि होलिका दहन फाल्गुन पूर्णिमा को भद्रा रहित मुहूर्त में रात के समय करते हैं। **होलिका दहन मुहूर्त:**13 मार्च दिन गुरुवार को दिन 10:02 से पूर्णिमा तिथि भोग कर रहा है और भद्रा रात्रि 10:44 में खत्म होगा। इसीलिए सर्वश्रेष्ठ मुहूर्त रात्रि 10:44 के बाद होलिका दहन किया जाएगा **होली पर्व:**14 मार्च को दिन 11:12 से प्रतिपदा तिथि आरम्भ हो रहा है जो 15 मार्च को दिन 12:39 तक रहेगा। आचार्य नारायण बताते हैं कि शास्त्र के अनुसार सनातन धर्म में उदिया तिथि को माना जाता है। अतः चैत्र प्रतिपदा में जब सूर्योदय हो तब ही रंगों का त्योहार होली पर्व मनाया जाएगा। इसीलिए होली का शुभ मुहूर्त 15 मार्च को ही बनता है। इनका मानना है कि 15 मार्च को ही होली का त्यौहार मनाना श्रेष्ठ होगा।

# कहलगांव ताप विद्युत परियोजना में राख परिवहन घोटाले की जांच शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** एनटीपीसी लिमिटेड के सतर्कता विभाग ने बिहार के भागलपुर जिले में स्थित कहलगांव ताप विद्युत परियोजना में राख परिवहन से जुड़ी अनियमितताओं की जांच शुरू कर दी है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, कहलगांव परियोजना के ऐश डाइक एरिया से बिहार और झारखंड के विभिन्न हिस्सों में सड़क निर्माण के लिए राख आपूर्ति के बदले फर्जी बिलों के जरिए अवैध भुगतान किए जाने की लिखित शिकायत मिली थी, जिसे एनटीपीसी ने गंभीरता से लिया है। मुख्य सतर्कता आयुक्त के निर्देश पर गठित टीम ने बुधवार को राख डिस्पेच सेंटर का निरीक्षण किया और आपूर्ति प्रक्रिया की समीक्षा की। टीम ने परियोजना से जुड़े कर्मियों और श्रमिकों से पूछताछ कर आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए। जांच के दौरान टीम ने ओवरलोड वाहनों की निकासी व्यवस्था, सुरक्षा बैरियर और वहां तैनात एजेंसी के कर्मचारियों से पूछताछ की। निरीक्षण में धर्मकांटा (वजन मापक संयंत्र) अनुपलब्ध पाया गया, साथ ही श्रमिकों और वाहन चालकों के लिए बुनियादी सुविधाओं की कमी भी देखी गई। इस मामले को लेकर कहलगांव क्षेत्र के भाजपा विधायक पवन कुमार यादव ने एनटीपीसी के सतर्कता आयुक्त और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बिहार विधानसभा के मौजूदा सत्र में शून्यकाल के दौरान यह मुद्दा उठाते हुए ओवरलोड वाहनों के परिचालन पर रोक लगाने की मांग की है।

# नदियों को स्वच्छ एवं निर्मल रखने के लिए जीविका दीदियों ने ली शपथ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिला पदाधिकारी सह अध्यक्ष जिला गंगा समिति जहानाबाद के निर्देश पर जिले के दरधा नदी एवं संगम घाट को स्वच्छ एवं सुंदर रखने को लेकर दरधा नदी के किनारे पर बसे घरों की महिलाओं एवं जीविका दीदीयों के सहयोग से जागरूकता संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान निदेशक डी.आर.डीए श्री रोहित कुमार मिश्रा, जिला परियोजना पदाधिकारी अमित कुमार, जिला समन्वयक लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान माधवेंद्र कुमार , डीपीएम, जीविका अनिता कुमारी ने लोगों को जागरूक करते हुए नदियों के स्वच्छता और अविरलता पर अपने विचार साझा करते हुए लोगों से दरधा नदी को स्वच्छ बनाने का अपील किया। इस दौरान नदी किनारे बसे घरों की उपस्थित महिलाओं से निदेशक डीआरडीए के द्वारा अपील किया गया कि वे खुद नदी में कचरा ना डालें और लोगों को भी नदी में कचरा फेंकने से रोकें। जिला परियोजना पदाधिकारी अमित कुमार ने सभी उपस्थित जीविका दीदियों से आग्रह किया की पहले खुद से शुरूआत कर दरघा को प्रदूषण होने से बचाए तथा घर के सदस्यों को भी जागरूक करें।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# अटल जी के नेतृत्व में भारत ने किया तीव्र विकास : सुशील सिंह

## अटल विरासत सम्मेलन में अटल जी के योगदान को किया गया याद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित कुंडा हाउस में अटल विरासत सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन, व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा की गई।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह उपस्थित रहे। सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने कहा कि अटल जी के नेतृत्व में भारत ने पोखरण परमाणु परीक्षण किया, जिससे विश्व पटल पर भारत की एक मजबूत नाभिकीय शक्ति के रूप में पहचान बनी। उन्होंने यह भी साझा किया कि जब वह पहली बार सांसद बने, तब अटल जी का 13 महीने का कार्यकाल था। प्रदेश कार्य समिति सदस्य अनिल कुमार सिंह ने अटल जी की विकास दृष्टि को रेखांकित करते हुए कहा कि उन्होंने 'स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना' से देश के चारों महानगरों को जोड़ा और 'प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना' की शुरुआत कर ग्रामीण भारत को सड़कों से जोड़ा। कार्यक्रम के दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष इंद्रदेव यादव एवं अवध किशोर प्रसाद सिंह को सम्मानित किया गया। वरिष्ठ अधिवक्ता अवध बाबू ने जनसंघ काल के संघर्षों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि अटल जी गया जिले के प्रवास के दौरान तृतीय श्रेणी में रेल यात्रा करते थे। उन्होंने यह भी कहा कि उस समय औरंगाबाद जिला, गया जिले का ही हिस्सा हुआ करता था। सम्मेलन की अध्यक्षता वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष संजय कुमार गुप्ता ने की, जबकि संचालन प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं पूर्व जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष अनीता सिंह, जिला मंत्री सुमन अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष रंजीत कुशवाहा, दीपक कुमार, पूर्व मुखिया विक्रांत प्रताप सिंह, बुनकर प्रकोष्ठ के शत्रुघ्न सिंह मुन्ना, विकास कुमार बारूद, युगल सिंह कामत, मीडिया प्रभारी दीपक कुमार सिंह, विकास काली, राहुल कुमार सिंह, लवकुश कुमार, उज्जवल कुमार सिंह, तीर्थ नारायण वेश, विनोद चंद्रवंशी, दीनानाथ विश्वकर्मा, विजय प्रसाद निराला, मंडल अध्यक्ष विनोद शर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन संजय कुमार गुप्ता ने किया।



## होली के गीतों और ढोल की थाप पर थिरके लोग

**मदनपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मदनपुर दूर्गा चौक पर होली के अवसर पर दुगोला संस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बनियां पैक्स अध्यक्ष कौशल किशोर मेहता ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आधुनिकता की इस दौर में परंपरागत लोक संस्कृति लुप्त होते जा रहा है। दुगोला सांस्कृतिक कार्यक्रम से न केवल मनोरंजन होता है बल्कि सामाजिक ताना बाना और लोक गायन संगीत से लोगों का मानसिक विकास होता है। दुगोला सांस्कृतिक एक प्रतियोगितात्मक लोक गायन है जिसमें धार्मिक, ऐतिहासिक और सामाजिकता का उल्लेखन होता है। इस अवसर पर पूर्व मुखिया संघ प्रखंड अध्यक्ष सह बनियां पैक्स अध्यक्ष कौशल किशोर मेहता, पूर्व मुखिया विनोद कुमार मिश्र, नारायण प्रसाद, बीरेंद्र कुमार उर्फ पप्पू, सरपंच रोहन शर्मा, संजय ठाकुर सहित अन्य लोग शामिल थे।

## एक नजर

### भाकपा कार्यकर्ता का निधन

**बरौनी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी बरौनी अंचल के संस्थापक सदस्यों में से 95 वर्षीय कां राम गुलाम ठाकुर नींगा निवासी का निधन सोमवार की संध्या अपने निवास स्थान पर हो गया। निधन की खबर मिलते ही पार्टी सदस्यों में मायूसी छा गई। मंगलवार की सुबह उनके पार्थिव शरीर के दर्शन करने लिए ग्रामीणों का तांता लग गया। भाकपा के जिला मंत्री अवधेश कुमार राय ने पार्टी का झंडा देकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की वही शाखा के सदस्य तनवीर आलम, खुर्शीद आलम, मंसूर साहब, मोहम्मद फज्जू, गिरधर शाह, अशेसर जसीम समेत सैकड़ों ग्रामीणों फूल माला देकर श्रद्धांजलि अर्पित किया।

### अधिवक्ता के निधन पर शोक

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिला वकील संघ के वरिष्ठ सदस्य रमेश कुमार के असामयिक निधन 12 मार्च 2025 को उनके सर्वोदय नगर, बेगूसराय स्थित आवास पर हो जाने पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश के इजलास में शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें प्रभारी जिला जज सह अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम अलोक कुमार पाण्डेय, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय गीता गुप्ता, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय चंचल कुमार तिवारी, जिला वकील संघ के अध्यक्ष ध्रुव कुमार, पूर्व अध्यक्ष बैजनाथ सिंह, महासचिव जिला वकील संघ विजय कान्त झा, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजीत कुमार, महासचिव जिला अधिवक्ता संघ अजय कुमार, लोक अभियोजक संतोष कुमार, स्टेट बार काउन्सिल के सदस्य संजीव कुमार, गोपाल मिश्र, वीरेंद्र कुमार वर्मा,राजेश कुमार सिन्हा,सुनील झा, अखिलेश कुमार आदि थे।

### शराब कारोबारियों के खिलाफ चला विशेष अभियान

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सूबे में पूर्ण शराबबंदी की घोषणा के नौ वर्ष को होने हैं। इस दौरान जहां प्रशासनिक महकमा लगातार इसकी सफलता को अभियान चला रहा है वहीं दूसरी ओर शराब माफिया इसकी तस्करी को रोज नई-नई तरकीब का इजाद कर रहे हैं। या यूं कहे कि जिले में पुलिस और शराब माफियाओं के बीच तू डाल-डाल तो मैं पात-पात वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। दूसरे राज्यों से शराब की तस्करी के कारोबार में जुटे कारोबारी पुलिस को चकमा देने के लिए रोज नये-नये हथकंडे अपना रहे हैं। फ़ेसर थाना की पुलिस द्वारा पुआल की गांज से अंग्रेजी शराब बरामद किया गया हैं। इस दौरान एक कारोबारी को गिरफ्तार किया गया हैं। पकड़े गए कारोबारी की पहचान थाना क्षेत्र के बघोई गांव निवासी दिलीप राम के रूप में की गई। इसके पास से तलाशी के क्रम में 36 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया गया हैं। पूछाताछ में कारोबारी ने बताया कि होली पर शराब के डिमांड के अनुसार लोगों को पूर्ति करता हैं। इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष वर्षा कुमारी, एस आई राजकुमार यादव सहित अन्य पुलिस बल शामिल थे। थानाध्यक्ष ने बताया कि शराब का कारोबार किसी भी कीमत पर बर्दास्त नहीं किया जायेगा। इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएंगी।

### मौलाबाग में होली मिलन समारोह का आयोजन

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आरा नगर के मौलाबाग स्थित एक उत्सव भवन में होली मिलन समारोह आयोजित हुआ। समाजसेवी छात्रा नेत्री सुश्री खुशबु पाठक ने आरा शहर में पहली बार होली मिलन समारोह आयोजित की है। इस तरह के आयोजन इसके पूर्व होने की चर्चा नही है। जिसकी चर्चा लोगो के बीच हो रही है। समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व महापौर रुबी तिवारी थी। इस आयोजन में सीतामढ़ी से आये अनुज पाठक ने होली गीत गाकर लोगों को खुब झुमाया। वही रवि और अनुज की जोड़ी ने होली के पांरपरिक गीत ''बाबा हरिहर नाथ सोनपुर में खेले होली..,'' समेत कई गीत संगीत से सराबोर कर दिया। वही कलाकारों ने एक से एक बढ़कर जोगिरा गाकर पुरे आयोजन में चार चांद लगा दिया। समाजसेवी राजा तिवारी, पटना से रामांशु मिश्रा, आचार्य मन्नु पाठक, कमला दूबे, छात्र नेता अनुप यादव, अजय चौबे, रुपरेखा यादव, रमता देवी समेत भारी संख्या में होली मिलन समारोह में महिलाएं भी शामिल हुई थी।

### होली हिंदुस्तान का पर्व है : डा. सहर

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले जीडी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने सेहत केंद्र में रंगों का पर्व होली धूमधाम से मनाया गया। सेहत केंद्र की नोडल अफिसर सह राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम पदाधिकारी डा. सहर अफरोज ने कहा होली का पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक के रूप में मुख्य रूप से मार्च में पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है और वसंत के आगमन का जश्न मनाता है।पियर एडुकेटर सुमित कुमार ने सभी स्वयंसेवक को होली का बधाई व शुभकामनाएं देते हुए बताया कि सभी स्वयंसेवक ने एक-दूसरे को गुलाल लगाया व एक-दूसरे को मिठाई खिला कर होली का पर्व धूमधाम से मनाया। स्वयंसेवक नीतीश कुमार ने कहा कि होली वसंत ऋतु में मनाया जाने वाला एक महत्वपूर्ण त्यौहार है। इस दिन हम सभी को एक-दूसरे के प्रति आपसी द्वेष को खत्म करके एक दूसरे के भावना का सम्मान करते हुए पर्व को एन्जय करना चाहिए।इस मौके पर नीतीश कुमार, सुमित कुमार, नयन राज, खुशी, रानी, मोनी, सोनी, गुलशन, कोमल, सादिया, सफक इरशाद, मुस्कान, विक्रम राठौड़, राजन गुप्ता, मनीषा, नयनसी सहित अन्य स्वयंसेवक मौजूद थे।

### फ्लाईओवर का कार्य होगा पूर्ण

**बिहारशरीफ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट से क्रियान्वित कई योजनाओं का बुधवार को एमडी (प्रबंध निदेशक) दीपक कुमार मिश्रा ने जायजा लिया। सबसे पहले रोड पैकेज थ्री के तहत सकुनत से लेकर बिहारशरीफ रेलवे स्टेशन तक निर्माणाधीन सड़क जायजा लिया। इस क्रम में में संवेदक को आदेश दिया गया कि रोड के फ्लैंक में पीसीसी निर्माण का कार्य इस माह के अंत तक हर हाल में पूर्ण करा लें। इसके बाद बाजार समिति के निकट निर्माणाधीन आरसीसी ड्रेन परियोजना का स्थल का भी निरीक्षण किया गया। निर्माणाधीण के क्रम में आने वाली संरचना भवन की मापी निगम के अमीन से कराये जाने को कहा गया। ताकि उक्त नाला का निर्माण कार्य पूर्ण हो सकें। अंत में भरावपर पहुंचकर फ्लाईओवर निर्माण का जायजा लिया गया। परियोजना के शेष बचे सभी कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने का आदेश दिया गया।

## विकास विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** बुधवार को विकास विद्यालय के प्रांगण में पूर्ववर्ती छात्र-छात्राओं का समागम सह अलुमनी मीट का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं के इस महा समागम में वर्ष 1998 से अब तक पढ़ चुके बच्चे शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के मैनेजर राज कुमार सिंह, सचिव राजकिशोर सिंह, उपनिदेशक राकेश कुमार और प्राचार्य मनोज कुमार चौधरी इत्यादि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उल्लास के माहौल में गर्मजोशी से विकास विद्यालय, डुमरी, बेगूसराय की एलुमिनाई मीट शुरू हुई। वर्तमान विद्यार्थियों ने तिलक लगाकर सभी आगंतुकों का स्वागत किया और एलुमिनाई मीट की औपचारिक शुरुआत की। अपने संबोधन में सभी पूर्ववर्ती बच्चों को बधाई दी और कहा कि आप आज जिस मुकाम पर हैं। वह विद्यालय और आपकी लगन का परिणाम है। इस अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने तरह तरह के मोडल बनाए। सभी मडल एक से बढ़ कर एक थे। समापन से पूर्व सभी आगंतुक पूर्ववर्ती छात्र-छात्राओं को विकास विद्यालय परिवार की ओर से गिफ्ट दिया गया।




## रेखा पासवान बनीं भाजपा की जिला उपाध्यक्ष, पार्टी ने तीसरी बार जताया भरोसा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री भीखु भाई दलसानिया के निर्देशानुसार कुटुंबा विधानसभा क्षेत्र की निवासी रेखा पासवान को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। शीर्ष नेतृत्व ने रेखा पासवान पर विश्वास जताते हुए तीसरी बार पार्टी में जिला पदाधिकारी की की जिम्मेवारी सौंपी है। उन्हें पहली बार जिला उपाध्यक्ष दूसरी बार जिला मंत्री तथा तीसरी बार जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। वह विगत कई वर्षों से संगठन के लिए काम कर रही हैं और पार्टी के कार्यक्रमों में काफी सक्रिय रहती हैं। उनके कार्यकलाप देखते हुए उन्हें कुटुंबा विधानसभा के बीएलए 1 बनाया गया है। रेखा पासवान ने शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि वह पार्टी द्वारा दिए गए निर्देशों और जिम्मेदारियों का पुरा करने का हर संभव प्रयास करेगी। रेखा पासवान को जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने पर पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में काफी उत्साह है। उन्हें बधाई देने वालों में कुटुंबा मंडल के अध्यक्ष प्रवीण कुमार, संडा मंडल के अध्यक्ष विजय कुमार सिंह, बालूगंज मंडल के अध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता, टंडवा मंडल के मंडल अध्यक्ष राजेश कुमार, माली मंडल के अध्यक्ष राज नारायण चंद्रवंशी, कुटुंबा पश्चिम मंडल के अध्यक्ष हिमांशु शेखर, प्रेम कुमार चंद्रवंशी, पंचायत समिति प्रतिनिधि कंचन गुप्ता, जीतू तिवारी, अनुज सिंह, ईश्वरी सिंह, परमेश्वर राज बैठा, मृत्युंजय कुमार सिंह, अभय पासवान, रोहित कुमार सिंह, अमरेंद्र कुमार सिंह इत्यादि लोग शामिल हैं।



## 'वर्तमान समय में पत्रकारों की भूमिका' विषय पर संगोष्ठी

### पत्रकार संघ ने किया होली मिलन समारोह आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मंसुरचक।** प्रखंड के बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दशरथपुर मंसुरचक परिसर में मंसुरचक पत्रकार संघ द्वारा आयोजित 'वर्तमान समय में मिडिया की भूमिका' विषय पर संगोष्ठी सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। अध्यक्षता पत्रकार संघ के अध्यक्ष रविशंकर गुड्डू ने किया। मंच संचालन प्रख्यात कवि प्रफुल्ल मिश्रा, पत्रकार पंकज कुमार झा ने सम्मलित रूप से किया। स्वागत भाषण पत्रकार पंकज कुमार झा ने किया। आयें हुये अतिथियों के स्वागत में स्वागत गान की प्रस्तुति चर्चित लोकगीत गायिका प्रिती प्रिया ने किया। समरोह का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि तेघरा के अनुमंडल पदाधिकारी राकेश कुमार, विशिष्ट अतिथि अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी डा. रविन्द्र मोहन प्रसाद, प्रखंड प्रमुख जलस देवी, बीडीओ सुभाष कुमार, सीओ सुजीत कुमार, भाकपा के शीर्ष नेता सत्यनारायण महतों, मध्य विद्यालय नौला गढ़ के प्रधानाध्यापक रामनरेश चौधरी, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छबिलापुर के प्रधानाध्यापक डीडीओ सह प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अशोक कुमार चौधरी, सांसद प्रतिनिधि भाजपा नेता प्रभाकर कुमार राय, सेवानिवृत प्रधानाध्यापक रामसेवक महतों, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता ने सम्मलित रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। अतिथियों का सम्मान पत्रकार रीतेश रंजन, मुकेश कुमार चौधरी, अमीत कुमार, मोहम्मद कादिर, रीतेश कुमार झा,आशीषभूषण दत झा ने बारी-बारी से मिथिला के परंपरागत सम्मान से सम्मानित किया। समारोह को मुख्य अतिथि एसडीओ राकेश कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि समाज से लेकर देश स्तर पर मीडिया की भूमिका अहम होती है। विशिष्ट अतिथि डीएसपी डां. रविन्द्र ने कहा कि मंसुरचक के लोग काफी ही शांतिप्रिय हैं। उन्होंनें होली गीत 'होली खेले रघुबीरा अवध में होली खेले रघुबीरा.......की प्रस्तुति से उपस्थित लोग झुमने को विवश हो गयें। उन्होंनें कहा लोकतंत्र में पत्रकारों की आवाज दबाना सीधे तौर पर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हनन हैं। समारोह को कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष बालेश्वर महतों, प्रधानाध्यापक डां. सुरेन्द्र कुमार चौधरी, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अमीन उद्दीन, मुखिया डाक्टर दिनेश कुमार राय, भुनेश्वर झा बोलबम बाबा, राजद नेता रूपेष कुमार यादव, धर्मेन्द्र रजक, समाजसेवी गणेश शंकर दत ईश्वर, सेवानिवृत एसडीओ चन्द्रभूषण ईश्वर, पत्रकार शशीभूषण भारद्वाज, अशोक कुमार, कमल किशोर चौधरी गंगा, अरमान कुरैसी सहित अन्य ने संबोधित करते हुये वर्तमान समय में पत्रकारों की भूमिका विषय पर विस्तृत चर्चा किया। धन्यवाद ज्ञापन पत्रकार पंकज कुमार ने किया।



## छात्राओं ने राधा-कृष्ण जोड़ी बन दी आकर्षक प्रस्तुति



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** राष्ट्रीय जैन संत कमल मुनि कमलेश विद्यालय बड़ी मिल्की राजगीर में बुधवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय के बच्चियों ने राधा-कृष्ण जोड़ी बनकर अपने सहेलियों के साथ आकर्षक व शानदार प्रस्तुति किया। कार्यक्रम के दौरान होली पर आधारित गीत रंग लेकर खेलते गुलाल लेकर खेलते, होली आई रे कन्हाई रंग बरसे, होली के दिन दिल खिल जाते हैं सहित अन्य गीतों पर बच्चों ने दिखाई अपनी कलाकृति को दिया। इतना ही नहीं बच्चों ने कार्यक्रम के तहत फूलों की होली पर आधारित झलकियां को दिखाया। विद्यालय के निदेशिका ममता कुमारी ने शिक्षक-शिक्षिका एवं बच्चों को होली की शुभकामना दी। उन्होंने कहा कि होली बहुत ही पवित्र पर्व है, इस पर्व पर सभी लोग आपस में भाईचारा, सद्भाव एवं प्रेम बनाये रखें। इस मौके पर शिक्षक अभिषेक कुमार, नीरज कुमार, सूरज कुमार, पिंकी कुमारी, संगीता देवी, पिंकी कुमारी, रीता सिन्हा, ज्योति कुमारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## नालंदा कॉलेज में रंगोली व मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय सांस्कृतिक कार्यक्रम 2025 के अन्तर्गत रंगोली और मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन नालंदा कॉलेज में कराया गया। कॉलेज के सांस्कृतिक परिषद के द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में रंगोली में प्रथम एवं द्वितीय स्थान नालंदा कॉलेज ने प्राप्त किया तो वहीं राजगीर डिग्री कॉलेज तृतीय स्थान पर रहा। रश्मि कुमारी, रिया लोहानी, स्वीटी कुमारी, काजल कुमारी एवं नीलू सिन्हा की टीम ने बिहार की विरासत एवं संस्कृति को अपने रंगों से उकेरा। मेहंदी प्रतियोगिता में अमाया राज प्रथम, तान्या कुमारी दूसरा जबकि सेहा कुमारी तीसरा स्थान प्राप्त किया। सांस्कृतिक परिषद की कन्वेनर डॉ. मंजु कुमारी ने बताया कि प्रतियोगिता में 4 कॉलेजों की 6 टीमों ने हिस्सा लिया था। सभी ने अलग अलग थीम पर रंगोली बनाकर अपना संदेश देने का प्रयास किया। प्राचार्य डॉ. रामकृष्ण परमहंस ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि प्रथम तीन स्थान पर रहे प्रतिभागी बिहार सरकार के द्वारा पटना में आयोजित बिहार दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय के तरफ से भागीदारी करेंगे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रीति रानी ने किया जबकि इस अवसर पर डॉ. रत्नेश अमन, डॉ. बिनीत लाल, डॉ. भावना, डॉ. चम्पा, डॉ. श्रवण कुमार, डॉ. प्रगति पटेल, डॉ. जगमोहन कुमार, डॉ. संजीत कुमार भी उपस्थित रहे।

## कवि सम्मेलन में छूटे हंसी के फव्वारे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बरौनी।** महात्मा गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीहट के मैदान में सोमवार की शाम समाजसेवी सह भाजपा नेता अमीत सिंह के द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में देर शाम तक कवियों द्वारा हंसी का उड़ा फब्बारा। होली मिलन समारोह का मंच संचालन डा कुंदन कुमार ने किया। जबकि संचालन कवि प्रफुल्ल मिश्र ने किया। इस अवसर पर भाजपा नेता अमित सिंह ने आगत कवियों, अतिथियों को अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कवि सम्मेलन के दौरान अंतरराष्ट्रीय कवि शंभू शिखर ने कहा कि बिहार में भगवान और शराब एक जैसे हैं। वही कवि प्रफुल्ल मिश्र ने कविता पाठ करते हुए कहा जरूरी नहीं कि सब कुछ स्कूल से सीखें, कुछ चीजें बुजुर्गों से और अपनी भूल से सीखें।इस दौरान कविता पाठ प्रसिद्ध कवि डा सच्चिदानंद पाठक ने हास्य व्यंग की कविता से सबको लोटपोट कर दिया। कविता पाठ कवि केशव प्रभाकर, राजकुमार भारती, नैना साहू, शेफालिका झा, राम.ष्ण सहित अन्य ने कविता पाठ किया। धन्यवाद ज्ञापन भाजपा नेता अमित सिंह ने किया। मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता नंदकिशोर सिंह, जदयू नेता रामनारायण सिंह, हम पार्टी के जिला अध्यक्ष पियूष कुमार, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष राहुल कुमार, पूर्व एमएलसी भूमिपाल राय, जदयू महासचिव अरुण कुमार गांधी, वीरेंद्र कुमार सिंह, प्रियम कुमार, उप मुख्य पार्षद ऋषिकेश कुमार, गणेश गौरव, नप बीहट के वार्ड पार्षद व पार्षद प्रतिनिधि सहित साइकिल पे संडे टीम के सदस्य मौजूद थे।आकाश गंगा रंग चौपाल एसोसिएशन बरौनी के कलाकार बलिराम, आनंद कुमार सहित अन्य के द्वारा होली गीत प्रस्तुत किया गया।

## बदमाशों ने की मुखिया की गाड़ी पर फायरिंग, आठ खोखे बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** इसलामपुर प्रखंड के ढेकवाहा पंचायत के मुखिया सुनीता देवी की गाड़ी पर अपराधियों ने अंधाधुन फायरिंग की जिसमें वह बाल-बाल बच गई। मुखिया एवं उनके पुत्र शादी समारोह में शामिल होकर वापस लौटने के दौरान अपराधियों ने उक्त घटना को अंजाम दिया। घटना के सूचना मिलते ही इसलामपुर थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन की। घटनास्थल पर से आठ गोली का खोखा बरामद किया। मुखिया सुनीता देवी ने बताया कि मंगलवार की रात्रि 9 बजे अपने पंचायत से एक शादी समारोह में शामिल होकर अपने मारुति कार से अपने समर्थकों के साथ वापस अपने गांव हरवंश बिगहा लौट रही थी। रास्ते मे ब्रहगांवा मुशहरी देवी स्थान के पास जैसे ही हमारी गाड़ी पहुंचा तो हाथ में हथियार लिए करीब दस-बारह की संख्या में अपराधी लोग हमारी गाड़ी के सामने आकर जान मारने के नियत से हमारे गाड़ी के उपर अंधाधुन फायरिंग करने लगे। अपराधियों द्वारा गाड़ी पर ताबतोड़ फायरिंग करता हुआ देख हमारे गाड़ी का चालक गाड़ी को तेज रफ्तार में भगाने लगा। लेकिन अपराधियों द्वारा गाड़ी के आगे-पीछे से भी फायरिंग किये जा रहा था। ढेकवाहा पंचायत के मुखिया सुनीता देवी द्वारा इसलामपुर थाना क्षेत्र के भोला बिगहा गांव के रहने वाले दस लोगो को नामजद एवं दो तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ इसलामपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया गया है।

## डोइया में होली मिलन समारोह आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** आज बिहार सेंट्रल स्कूल शिक्षा नगर डोईया के प्रांगण में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय के निदेशक रामदेव प्रसाद, बिहार सेंट्रल स्कूल के प्राचार्य और लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी श्याम सुंदर प्रसाद ने बच्चों को यह संदेश दिया कि हमें होली हिल मिलकर मनानी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें जो रंग प्रयोग करते हैं, वह ऐसा नहीं होना चाहिए जो हमारे स्किन को नुकसान पहुंचा। अर्थात हमें इको फ्रेंडली कलर का उपयोग करना चाहिए। इस अवस्था में हमें एक दूसरे के जोड़ जुलम नहीं करनी चाहिए। ध्यान रखना चाहिए कि जब हम रंग गुलाल का उपयोग कर रहे हैं, तो हमारे सेंसेटिव इंद्रियों नाक, आंख, कान यह सब पूर्णत सुरक्षित रहे, हम सभी जानते हैं की होली दो दिवसीय त्यौहार होता है, जो होलिका दहन से शुरू होती है और होली में समापन होती है। होली हम लोगों को यह संदेश देता है कि हम अपने दिलों दिमाग में जो किसी के लिए ईर्ष्या रखते हैं, उसे हम होलिका में जला डालें अर्थात खत्म कर दें। नई उमंग के साथ फिर होली का त्योहार मनाएं।



# औरंगाबाद में महसूस की जा रही एयरपोर्ट की जरूरत

## नये एयरपोर्ट से दक्षिण बिहार और झारखंड के लोगों को होगा लाभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार राज्य में हवाई सेवा के विस्तार की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है। 15 नए एयरपोर्ट खोलने की योजना पर काम चल रहा है लेकिन औरंगाबाद जिला अभी तक इस प्राथमिकता सूची में शामिल नहीं हो पाया है। जबकि हकीकत यह है कि यह जिला एयरपोर्ट निर्माण की सभी आवश्यक योग्यताओं को पूरा करता है। यहां सरकारी और निजी क्षेत्रों का बड़ा निवेश हुआ है जिससे एयर कनेक्टिविटी की आवश्यकता और भी प्रबल हो गई है। औरंगाबाद में सार्वजनिक क्षेत्र के करीब 70 हजार करोड़ रुपये और निजी क्षेत्र के 5,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश हो चुका है। एनटीपीसी की दो मेगा पावर प्रोजेक्ट, सिक्स लेन सड़क परियोजना, भारतमाला परियोजना, रेलवे का हजार करोड़ से अधिक का निवेश, बड़ी सीमेंट कंपनियां और खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की उपस्थिति इसे एक महत्वपूर्ण औद्योगिक केंद्र बनाती हैं। इसके अलावा औरंगाबाद शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण स्थान रखता है। यहां मगध विश्वविद्यालय का शाखा कार्यालय, केंद्रीय विद्यालय, इंजीनियरिंग और मेडिकल कॉलेज स्थापित हो चुके हैं या हो रहे हैं जिनका बिहार की सीमाओं से भी परे जाकर काफी महत्व है। इन संस्थानों में पढ़ने और काम करने वाले लोगों के लिए बेहतर परिवहन सुविधा आवश्यक है। साथ ही, यहां का पर्यटन क्षेत्र भी काफी समृद्ध है। प्रसिद्ध छठ मेला के दौरान देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। एयरपोर्ट होने से इस धार्मिक एवं पर्यटन स्थल की पहुंच और भी आसान हो जाएगी। ऐसी दशा में अगर यहां एयरपोर्ट सुविधा हो तो उससे न केवल सरकार को राजस्व की प्राप्ति होगी बल्कि यहां आने जाने वाले लोगों की बड़ी तादाद को देखते हुए लोगों को भी काफी सुविधा होगी। वर्तमान में औरंगाबाद का निकटतम एयरपोर्ट बनारस (190 किमी), पटना (140 किमी) और गया (110 किमी) है। यदि यहां एक नया एयरपोर्ट स्थापित किया जाता है तो न केवल औरंगाबाद बल्कि झारखंड के पलामू, गढ़वा, चतरा, लातेहार और बिहार के रोहतास, भभुआ, गया के शेरघाटी, आमस आदि क्षेत्रों को भी लाभ मिलेगा। पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह एवं नबीनगर के पूर्व विधायक वीरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि सरकार हवाई यात्रा सुविधा को लेकर काफी कार्य कर रही है। अगर औरंगाबाद को इस योजना में शामिल किया जाए तो दक्षिण बिहार को सुगम परिवहन सुविधा मिल सकेगी। बिहार में वर्तमान में पटना, गया और दरभंगा में हवाई अड्डे कार्यरत हैं। पूर्णिया में नया एयरपोर्ट जल्द शुरू होने वाला है, वहीं नालंदा के राजगीर, भागलपुर के सुल्तानगंज और पूर्वी चंपारण के रक्सौल में तीन नए एयरपोर्ट बनने जा रहे हैं। इसके अलावा, सात छोटे हवाई अड्डों का भी निर्माण किया जाएगा, जिनमें वाल्मीकिनगर, बीरपुर, मधुबनी, मुंगेर, सहरसा और मुजफ्फरपुर शामिल हैं। तकनीकी और आर्थिक दृष्टि से देखा जाए तो इनमें से कई प्रस्तावित हवाई अड्डों की तुलना में औरंगाबाद अधिक लाभकारी साबित हो सकता है। सरकारी और निजी निवेश, औद्योगिक विकास, शैक्षणिक संस्थानों, पर्यटन और बेहतर कनेक्टिविटी को ध्यान में रखते हुए औरंगाबाद में एयरपोर्ट का निर्माण एक दूरदर्शी निर्णय होगा। स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों ने भी इस दिशा में सरकार से पहल करने की मांग की है।

# धरना स्थल पर होली मिलन समारोह का किया आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड परिसर में बुधवार को किसान मजदूर मोर्चा मगध के बैनर तले किसानों ने धरना स्थल पर होली मिलन समारोह मनाया गया। बता दें कि किसानों का 57 दिनों से धरना-प्रदर्शन जारी है। धरना की अध्यक्षता चंन्द्रेश्वर यादव, लडू खां एवं संचालन विसुन देव यादव, संतोष गिरी ने किया। वही लड्डू खान धरना-प्रदर्शन मे रमजान में भी रोजा रखते हुए धरना में शामिल रहे। लड्डू खां, डा तुलसी यादव, सिद्दी यादव ने कहा कि धरना- स्थल पर ही किसानों के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। पारंपरिक होली गीतों का आनंद उठाया एवं एक दूसरे को अबीर-गूलाल लगाकर होली की शुभकामना दिया। उपस्थित लोगो ने कहा कि किसानों की मांग गरीबो के हित में है। अभी तक कोई भी पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि धरना पर सुध लेने नही आये। इस मौके पर पूर्व पैक्स अध्यक्ष सत्येन्द्र यादव, सुधीर चंद्रवंशी, भोला बर्मा, लालधारी चौधरी, शिवसंत शर्मा, कमलेश कुमार निरज, कामेश्वर यादव, गनौरी यादव, बुदुल यादव, समधी बोस, सूर्यदेव यादव, उमेश यादव, लालधारी यादव, खेलावन सिह, रणधीर सिंह, अजय यादव, सुरेंद्र यादव सहित अन्य लोग शामिल थे।

# धूमधाम से मनेगा बिहार दिवस : डीएम

## 22 एवं 23 मार्च को विविध कार्यक्रमों का होगा आयोजन

- समाहरणालय से गांधी मैदान तक निकलेगी प्रभात फेरी
- महाराणा प्रताप चौक से समाहरणालय तक बिहार दौड़ का आयोजन
- अनुग्रह नारायण भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम का होगा आयोजन




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** समाहरणालय के सभा कक्ष में बिहार दिवस समारोह 2025 के सफल आयोजन से संबंधित समीक्षात्मक बैठक जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि राज्य सरकार के निर्देश के आलोक में बिहार दिवस का आयोजन आगामी 22 एवं 23 मार्च 2025 को नगर भवन औरंगाबाद में हर्षोल्लास मनाया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन 22 मार्च को अपहरण 3:00 बजे किया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न विभागों का स्टॉल एवं प्रदर्शनी लगाया जाएगा। बिहार दिवस के अवसर पर 22 मार्च को पूर्वाहन 6:30 बजे समाहरणालय से गांधी मैदान तक प्रभात फेरी का आयोजन किया जाएगा जिसमें आंगनबाड़ी सेविका आशा कार्यकर्ता, जीविका दीदी एवं छात्र-छात्राएं भाग लेंगी। इसके अतिरिक्त महाराणा प्रताप चौक से समाहरणालय तक बिहार दौड़ का आयोजन कराया जाएगा जिसमें जिला स्तरीय एवं अनुमंडल स्तरीय पदाधिकारी, अन्य पदाधिकारी, पुलिस बल (महिला पुलिस सहित) स्काउट गाइड एवं एनसीसी के बच्चे, छात्र एवं छात्राएं जीविका दीदी, शिक्षक एवं शिक्षिकाएं इत्यादि भाग लेंगे। इसके साथ-साथ दिनांक 22 मार्च को अनुग्रह नारायण नगर भवन में उद्घाटन सत्र के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सर्वसम्मति समिति से निर्णय लिया गया कि उक्त तिथि को नामचीन कलाकार एवं लोकप्रिय कलाकारों का आमंत्रित किया जाना है। कलाकार चयन के लिए सदर अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया। उक्त अवसर पर वन प्रमंडल पदाधिकारी रुचि सिंह, अपर समाहर्ता ललित भूषण रंजन, अपर समाहर्ता आपदा उपेंद्र पंडित, भूमि सुधार उपसमाहर्ता श्वेतांक लाल, सदर एसडीओ संतन कुमार सिंह, वरीय उपसमाहर्ता मेराज जमील, रत्ना प्रियदर्शनी, बेबी प्रिया एवं श्वेता प्रियदर्शी, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी कुमार पप्पू राज जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# इको फ्रेंडली होली मनाएगा स्वरांजलि सेवा संस्थान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** अंतर्राष्ट्रीय न्यास स्वरांजलि सेवा संस्थान द्वारा पंचमुखी हनुमान मंदिर परिसर में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां सभी सत्संगियों ने इको फ्रेंडली होली मनाने का संकल्प लिया। संस्थान से जुड़े सदस्यों ने एक दूसरे को गले लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। पारंपरिक होली का गायन भी किया गया। भजन गायक डी. आनंद द्वारा होली आई रे कन्हाई रंग छलके तथा सरयू तट राम खेले होली आदि होली गीतों की मनभावन प्रस्तुति दी। पारंपरिक होली गीतों पर देर तक भक्त गण झूमते रहे। वार्ड प्रतिनिधि जितेंद्र यादव ने कहा कि होली भाईचारा और मेल मिलाप का पर्व है। भक्त बिरजा यादव ने कहा कि अश्लील गीत बजाने वालों पर कार्रवाई होनी चाहिए। सत्संगी महेंद्र शर्मा ने कहां की बैर और दुश्मनी भूलकर हमें दुश्मनों को भी गले लगाना चाहिए। पारंपरिक होली की प्रस्तुति से सभी भक्तगण भाव विभोर हो गए। आकाश कुमार राय ने कहा कि अपने अंदर की बुराईयों को होलिका दहन में जलाने का संकल्प हम सब लेते हैं। इस मौके पर वार्ड प्रतिनिधि जितेंद्र यादव, बबलू सिंह, बिरजा यादव, महेंद्र शर्मा, गुड्डू कुमार, संतोष कुमार राय, अनंत कुमार, मोहित कुमार, रमन प्रकाश, राजेश शर्मा, पुजारी आलोक कुमार उपाध्याय आदि की भूमिका सराहनीय रही। इस अवसर पर बिरजा यादव एवं महेंद्र शर्मा के सौजन्य से भक्तों का मुंह मीठा कराया गया और होली की शुभकामनाएं दी गई।

# अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

**अंबा (औरंगाबाद)/ नबिटा ब्यूरो।** अवैध उत्खनन के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए रिसियप थाना की पुलिस ने बुधवार की सुबह सुंदरगंज बटाने नदी के समीप से अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को जप्त कर लिया। थानाध्यक्ष निशा कुमारी ने बताया कि बटाने नदी से अवैध उत्खनन किए जाने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना मिलने पर नदी क्षेत्र की निगरानी बढ़ा दी गई थी। इसी क्रम में बुधवार की सुबह अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त कर लिया गया। हालांकि छापेमारी की भनक लगते ही ट्रैक्टर का चालक फरार हो गया।



















